

4इ किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

# समाज जागरण

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्षः 1 अंकः 336 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) मंगलवार 26 सितम्बर 2023 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया


## चंद्रयान और G20 की जय-जयकार, अशोक गहलोत की 'जीरो' सरकार...जयपुर में कांग्रेस पर खूब बरसे PM मोदी

समाज जागरण



नई दिल्ली. आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज जयपुर में एक रैली को संबोधित किया. इस दौरान उन्होंने राजस्थान की अशोक गहलोत सरकार पर जमकर निशाना साधा. पीएम ने साथ ही चंद्रयान-3 की कामयाबी, भारत में जी20 समिट के सफल आयोजन और नई संसद भवन में महिला आरक्षण बिल पास किए जाने का मुद्दा भी उठाया. इस साल के अंत में राजस्थान सहित मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ व अन्य राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं. जिसे देखते हुए इन राज्यों में राजनीतिक सरगर्मी काफी ज्यादा तेज हो गई है.

## नोएडा सेक्टर 62: श्रीरामलीला महोत्सव 2023 के लिए भूमिपूजन हुआ संपन्न।

नोएडा समाज जागरण डेस्क

श्रीराम मित्र मंडल नोएडा रामलीला समिति द्वारा सेक्टर 62 के रामलीला मैदान में श्रीरामलीला महोत्सव 2023 के लिए भूमिपूजन हुआ संपन्न।



नोएडा। आज सेक्टर 62 के रामलीला मैदान में श्रीराम मित्र मंडल नोएडा रामलीला समिति द्वारा आयोजित होनेवाली श्रीरामलीला महोत्सव 2023 का भूमिपूजन समारोह संपन्न हुआ।पूजन और हवन के बाद आरती की गई और प्रसाद वितरण किया गया। भूमिपूजन के साथ ही मंच निर्माण और पुतला निर्माण का कार्य शुरू हो गया है।



श्रीराम मित्र मंडल नोएडा रामलीला समिति के महासचिव मुन्ना कुमार शर्मा ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सेक्टर 62 के रामलीला मैदान में श्रीरामलीला महोत्सव और श्रीरामलीला मंचन का भव्य आयोजन किया जा रहा है। श्रीरामलीला महोत्सव और श्रीरामलीला मंचन का आयोजन 15 अक्टूबर से 25 अक्टूबर तक किया जाएगा। 15 अक्टूबर को गणेश पूजन के साथ श्रीरामलीला मंचन शुरू होगा।

19 अक्टूबर को श्रीराम बारात शोभायात्रा निकाली जायेगी, जो शहर के विभिन्न क्षेत्रों में घूमेगी। 24 अक्टूबर को दशहरा उत्सव मनाया जायेगा एवं रावण, कुंभकरण और मेघनाद के पुतलों का दहन किया जायेगा।25 अक्टूबर को श्रीराम-भरत मिलाप और श्रीराम राज्याभिषेक के साथ ही श्रीरामलीला महोत्सव का समापन हो जाएगा।

भूमिपूजन समारोह में श्रीराम मित्र मंडल नोएडा के चेयरमैन उमाशंकर गर्ग,अध्यक्ष धर्मपाल गोयल,महासचिव मुन्ना कुमार शर्मा,कोषाध्यक्ष राजेन्द्र गर्ग, सहकोषाध्यक्ष अनिल गोयल, संरक्षक नवरत्न अग्रवाल, सतनारायण गोयल, राजकुमार गर्ग, उपाध्यक्ष बजरंगलाल गुप्ता, पवन गोयल,एस एम गुप्ता, डा. एस पी जैन, आर के उप्रेती, आत्माराम अग्रवाल,रामनिवास बंसल, आर सी गुप्ता,सुरेश गुप्ता, सत्येन्द्र शर्मा, सतीश चन्द्र अग्रवाल,एस के गुप्ता,डा. ए के त्यागी, मोतीराम गुप्ता, शांतनु मित्तल, प्रवीण गोयल, राकेश कुमार, अर्जुन कुमार, राजकुमार बंसल, सुधीर पोड़वाल, ललित सिंघल, संजीव कुमार, राधाकृष्ण गर्ग,सुशील गोयल, बाबूराम शर्मा,किशनलाल झारवार,विनय हिन्दू, बिजेंद्र राय, टी एन झा,सहित श्रीरामलीला महोत्सव आयोजन समिति के सदस्य और सैकड़ों गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने राजेश्वनन्द रामायणी की समाधि पर पुष्पार्चन किया अर्पण

दैनिक समाज जागरण



उरई (जालौन) अमर शान्ति आश्रम पचोखरा में चल रही श्री मद भागवत कथा और श्रीराम महायज्ञ के दौरान सोमवार को बागेश्वर धाम के संत पं. धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री ने पहुचकर स्वामी राजेश्वरानंद रामायणी की समाधि पर पुष्पार्चन किया। ततपश्चात भक्तों का अभिवादन किया। और बोले रामायणी जी महाराज की कथाएं देश मे ही बल्कि विदेशों में भी विख्यात हैं। और कहा कि राजेश्वरानंद एक सिद्ध पुरूष और संत थे जिन्होंने अपनी अद्भुत व अतुल्य वाणी से श्री राम कथा एवं हनुमन्त कथा बड़ी ही सूक्ष्य विवेचना, मधुरता एवं भावमयी प्रस्तुति के साथ हम और आप तक पहुचाई हैं इसलिए संत समाज उन्हें राजेश रामायण जी के नाम से बुलाते थे। इसके बाद पंडित धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री ने धर्म के बारे में कहा कि सनातन धर्म और संस्कृति भारत की सभ्यता के प्रतीक हैं।

### राजनीति-साधु और मतांतरण पर क्या बोले बाबा

साधु, आचार्यों का राजनीतिक से जुड़ना या समर्थन देना उनका निजी विचार, जिम्मेदारी है। वह अपनी जिम्मेदारी को बखूबी जानते हैं। राम राजनीति से बड़ी राजनीति नहीं होनी चाहिए। देश भर में मतांतरण के ज्वलंत मुद्दा पर धीरेंद्र शास्त्री ने जोरदार तरीके से कहा कि इस तरह के मामलों को रोकने के लिए ही सनातनी हिंदू एकता यात्रा और क्रांति की शुरूआत की है।

### धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के दर्शन को उमड़ा जनसैलाब

अमर साथ शांति आश्रम पचोकरा धाम में चल रही श्री मनोहर भागवत कथा श्री राम महायज्ञ के दौरान भक्तों को जैसे ही जानकारी हुई की बागेश्वर धाम के महाराज धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री जी आने वाले हैं तो सुबह से ही भक्तों की बड़ी संख्या में भीड़ बढ़ होने लगी

धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के आने की सूचना प्रशासन को मिली तो पुलिस प्रशासन ने व्यवस्था संभालने के लिए कमर कस ली और आने जाने वाले मार्गों पर बैरिकेडिंग लगवा दी वही भारी पुलिस बल चप्पे चप्पे पर तैनात रहा वही बड़ी संख्या में महिला पुलिस भी मौजूद रही वहीं पुलिस अधीक्षक ने ईरज राजा ने कहा कि किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी

# PM मोदी का व्हाट्सऐप चैनल पर भी जलवा

## 1 वीक में ही सब्सक्राइबर 50 लाख पार, लोगों का किया धन्यवाद

समाज जागरण

नई दिल्लीः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोशल मीडिया पर गजब की लोकप्रियता है. एक्स (ट्विटर), फेसबुक के बाद अब व्हाट्सऐप पर भी उनकी फैन फॉलोइंग बढ़ने लगी है. पीएम नरेंद्र मोदी के व्हाट्सऐप चैनल पर नए फीचर से जुड़ने के बाद सिर्फ एक हफ्ते में 50 लाख से ज्यादा सब्सक्राइबर हो गए हैं. 20 सितंबर को प्रधानमंत्री मोदी के व्हाट्सऐप चैनल ने एक मील का पत्थर हासिल किया, जब उसने सिर्फ एक दिन में दस लाख फॉलोअर्स का आंकड़ा पार कर लिया. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के व्हाट्सऐप चैनल पर पहली पोस्ट पर कुछ ही मिनटों में सैकड़ों प्रतिक्रियाएं आईं.

दरअसल, सोमवार दोपहर अपने व्हाट्सऐप चैनल पर साझा किए गए एक संदेश में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'जैसा कि हम 50 लाख से अधिक का समुदाय बन गए हैं, मैं उन सभी का आभारी हूं जो मेरे व्हाट्सऐप चैनल के माध्यम से मेरे साथ जुड़े हैं! आप में से हर एक के निरंतर समर्थन और जुड़ाव के लिए आभारी हूं.'

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर रिकॉर्ड फॉलोइंग है. एक्स (जिसे पहले ट्विटर के नाम से जाना जाता था) पर 91 मिलियन फॉलोअर्स के साथ प्रधानमंत्री मोदी सबसे ज्यादा फॉलो किए जाने वाले भारतीय राजनेता हैं. इसके साथ ही फेसबुक पर पीएम मोदी के 48 मिलियन फॉलोअर्स हैं, जबकि इंस्टाग्राम पर उनके 78 मिलियन से ज्यादा फॉलोअर्स हैं.




### सीएम केजरीवाल भी व्हाट्सऐप चैनल से जुड़े

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भी राष्ट्रीय राजधानी के लोगों के साथ "जुड़े रहने" के लिए वाट्सएप चैनल से जुड़े. चैनल "दिल्ली सरकार की उपलब्धियों पर नवीनतम जानकारी और अपडेट प्रदान करता है. मेटा के स्वामित्व वाले व्हाट्सऐप ने हाल ही में भारत और 150 अन्य देशों में 'चैनल' नामक अपना टेलीग्राम जैसा फीचर लॉन्च किया है. यह लोगों के लिए मशहूर हस्तियों और नेताओं से जुड़ने और उनकी रुचि के समूहों में शामिल होने के लिए एक माध्यम है.

### टेलीग्राम को टक्कर देने लाया गया नया फीचर

मेटा के स्वामित्व वाले प्लेटफॉर्म के इस कदम का उद्देश्य टेलीग्राम को टक्कर देना है, हालांकि अधिक संख्या में डाउनलोड और लोकप्रियता के कारण व्हाट्सऐप को बढ़त हासिल है. क्रिएट किए गए चैनल व्हाट्सऐप पर 'अपडेट' नाम के एक नए टैब में देखे जा सकते हैं.

- जेवर के किसानों ने शौर भूमि को सामान्य श्रेणी की भूमि घोषित करने पर सीएम योगी को दिया धन्यवाद

## महाराज जी अगर आप नहीं होते तो मेरी बेटी की शादी नहीं हो पाती

**- कैबिनेट से मंजूरी मिलने के बाद 3 अगस्त को जारी किया गया था शासनादेश**

समाज जागरण

लखनऊ, 25 सितंबरः महाराज जी मेरी बेटी की शादी नहीं हो पाती, यदि शौर भूमि पर आप निर्णय नहीं लेते। बरसों पुरानी मेरी जमीन हाथ से निकल गई थी। मुझे रात में नींद भी नहीं आती थी, लेकिन आपने हमारे पक्ष में निर्णय लेकर हमे जीवन की नई धारा से जोड़ा है। इससे मैं और मेरा परिवार बहुत खुश है। ये शब्द जेवर के ग्राम रन्हेरा के वनवारी प्रजापति के हैं। उन्होंने यह बात मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से किसानों के एक प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात के दौरान आभार प्रकट करते हुए कही।

### जमीन के मुआवजे और दाखिल खारिज पर लगा दी गयी थी रोक

मालूम हो कि एक शासनादेश के माध्यम से शोर भूमि के पट्टे करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही और प्रदेश के उन किसानों के मुआवजे तथा दाखिल-खारिज पर रोक लगा दी गयी थी, जिनके पास शौर श्रेणी की भूमि थी। इस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर किसानों के पक्ष में निर्णय लेने के लिए कैबिनेट में प्रस्ताव लाया गया। इसके बाद 3 अगस्त को शासनादेश के माध्यम से शोर भूमि को सामान्य श्रेणी की भूमि घोषित किया गया। इससे प्रदेश के हजारों किसानों को भूमिधारी अधिकार प्राप्त होने लगे।



### 45 वर्ष पहले किसानों को दिया गया था पट्टा

योगी सरकार के फैसले से खुश किसानों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर उनका शुक्रिया अदा किया। इस दौरान रामप्रसाद नाई भू-धारक रन्हेरा ने भावुक होते हुए कहा कि महाराज जी मैं जाति से खटीक हूं और बहुत गरीब हूं। मुझे वर्ष 1978 यानी कि 45 वर्ष पूर्व पट्टा मिला था, जो हमारी रोजी रोटी का एकमात्र जरिया था। वहीं आपके शोर भूमि के निर्णय ने हमारी जिंदगी बदल दी, वरना हमारी बच्चियों की शादी भी नहीं हो पाती। हम आपका ये उपकार कभी नहीं भूलेंगे। मेघराज जाटव निवासी ग्राम वीरमपुर ने कहा कि योगी जी आपने हमारे घर में खुशियां लौटा दीं, वरना भूखे मरने की नौबत आ गई थी। हमारे बच्चे सदैव आपके अहसानमंद रहेंगे। वहीं विशंभर खटीक ग्राम मुढरह ने सीएम योगी के पूछने पर बताया कि मुझे 9 बीघा का पट्टा मिला था। आपके फैसले से हमारे बच्चों का भविष्य संवर गया है।

प्रतिनिधिमंडल में लयकराम, ओमकार सिंह, नानक चंद जाटव, प्रभारी मंत्री बृजेश सिंह, जिलाधिकारी गौतमबुद्ध नगर मनीष कुमार वर्मा, यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी अरुणवीर सिंह, ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी रवि कुमार एनजी, भाजपा पश्चिम के अध्यक्ष सतेन्द्र सिंह शिशोदिया आदि मौजूद रहे।

## जनप्रतिनिधियों की अमर्यादित भाषा पर हमें शर्म आती है- विमला मिश्रा

दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद

वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.

गया (बिहार)- मगध प्रमंडल गया कौटिल्य मंच के सचिव विमला मिश्रा व किरण पाठक ने एक संयुक्त बयान जारी कर किसी भी सदन के जनप्रतिनिधियों के विषय में कहा है कि किसी भी सदन मे जनता द्वारा चुने गए जनप्रतिनिधि हीं हम सबों का अपने-अपने क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं. समाज में क्षेत्र में व्याप्त विभिन्न समस्याओं के निराकरण के लिए किसी भी सदन में जनप्रतिनिधि को ही संवैधानिक अधिकार प्राप्त है ,उनसे जनता की अपेक्षा होती है कि वह गैरसंवैधानिक भाषा का प्रयोग नहीं करें. क्योंकि संविधान के प्रति श्रद्धा एवं निष्ठा रखने का संकल्प लेते हैं. किंतु खेद है कि दशकों से कुछ जनप्रतिनिधियों ने जो आचरण प्रस्तुत किया है ,वह किसी भी दृष्टिकोण से उचित नहीं लगता यह जनता को लज्जित करने वाली है.सदन की मयार्दा गौरव गरिमा को ध्वस्त करने वाली है.यहां तक कि राष्ट्र को भी शर्मसार करने वाली है. उन्होंने आगे कहा कि आए दिन सुदूर गांव से लेकर शहर तक जो भी प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में जो पढ़ते देखते हैं, उसमें ऐसे प्रतिनिधियों के उनके संस्कार एवं आचरण से हम सबों को बड़ी निराशा हाथ लगती है.शर्म आती है पर वे लोग जरा सा भी क्यों नहीं सकुचाते जो भड़काऊ और आपत्तिजनक बयान देने के लिए अभ्यस्त हैं. चाहे सनातन धर्म पर हो या रामचरितमानस पर हो या समाज में नफरत फैलाने वाले बयान हों, बयान देनेवाले गैरजिम्मेदाराना भाषा बोलते हैं.



किरण पाठक



विमला मिश्रा

विचार अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर मौलिक अधिकार का हनन पर संविधान निमार्ताओं ने राष्ट्रीय संप्रभुता अखंडता और लोक व्यवस्था को प्रभावित करने वाली अभिव्यक्ति पर बंधन भी लगा लगाए थे. किंतु पीठासीन अधिकारी द्वारा लापरवाही या नजर अंदाज कर देना या उपेक्षा के कारण अनुशासन और संयम के टूटने से ऐसी स्थिति उत्पन्न होती है.जो जागरूक जनों के साथ राष्ट्रहित के लिए भी गंभीर चिंता का विषय बन गया है.जिसे विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़े कौटिल्य मंच के माध्यम से ऐसे बयान वीरों का हम घोर विरोध एवं तीव्र भर्त्सना करते हैं .ऐसे जनप्रतिनिधि को जो अपने अपने क्षेत्र के उन तमाम मतदाताओं को शर्मसार करते हैं उन्हें हम सब द्वारा विरोध कर दुबारा प्रतिनिधि नहीं बने देने के लिए आम मतदाताओं से विनम्र निवेदन करते हैं.कौटिल्य मंच के जिन प्रमुख लोगों ने आम मतदाताओं एवं समाज के जागरूक लोगों का ध्यान आकृष्ट किया है ,उनमें प्रमुख रूप से डॉ मृदुल मिश्रा ,ललिता देवी, पुष्पा गुप्ता, मालती देवी , कविता राउत, रुक्मिणी पाठक ,प्रोफेसर रीना सिंह ,अर्चना मिश्रा, डॉक्टर गीता विश्वकर्मा, प्रियंका मिश्रा, पूजा कुमारी ,पियूषा गुप्ता, नीलम पासवान ,सपना तिवारी, तरन्नुम तारा ,रेशमा खातून, तस्लीम नाज, चंचला शर्मा, संगीता कुमारी, कंचन पाठक, सुनंदा मराठे ,पार्वती देवी, वीणा यादव, रीता पाठक ,माया देवी, रूपा दास, नुसरत प्रवीण, देवी अर्चना बनर्जी, रूनी देवी, फूल कुमारी देवी , ममता गुप्ता, अनीता देवी ,मांडवी गुर्दा, रंजन पांडेय , गुंजन कुमारी, रीना देवी, गौरी प्रेरणा मराठे ,सुमो तारा चक्रवर्ती, सुनीता देवी ,रजनी चावला आदि का नाम शामिल हैं.

## मध्य प्रदेश चुनाव के लिए BJP की दूसरी लिस्ट जारी, 39 उम्मीदवारों के नाम पर मुहर, 3 मंत्री और 7 सांसदों को भी टिकट

दैनिक समाज जागरण

नई दिल्ली/भोपालः मध्य प्रदेश में होने वाले आगामी विधानसभा चुनावों के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सोमवार को 39 उम्मीदवारों की दूसरी लिस्ट जारी कर दी. इस लिस्ट में भाजपा ने 3 केंद्रीय मंत्री और 7 सांसदों को टिकट दिया है. लिस्ट के मुताबिक, केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर दिमनी क्षेत्र से उम्मीदवार होंगे. इसी तरह से भाजपा ने अपने राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय को इंदौर-1 सीट से मैदान में उतारा है.

दरअसल, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, प्रह्लाद सिंह पटेल और फग्गन सिंह कुलस्ते तथा पार्टी के कई अन्य सांसदों को मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की दूसरी सूची में जगह दी है. भाजपा ने सोमवार को कुल 39 उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी की. मंत्रियों के अलावा जिन सांसदों को विधानसभा चुनाव के लिए टिकट दिया गया है, उनमें राकेश सिंह, गणेश सिंह, रीति पाठक और उदय प्रताप सिंह शामिल हैं. ये सभी लोकसभा के सदस्य हैं. भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय इंदौर-1 से चुनाव लड़ेंगे.

# विजय रमन : उनकी गोली बोलती थी

दैनिक समाज जागरण

चम्बल का इतिहास रीत्ता जा रहा है । एक जमाना था जब पूरे देश में ग्वालियर-चंबल के डाकू चर्चा का विषय हुआ करते थे,साथ ही चचाओं में रहते थे इन दुर्दांत डाकुओं से लगातार मुठभेड़ें करने वाले भारतीय पुलिस सेवा के तमाम जाबांज अधिकारी। विजय रमन इनमें से एक थे । वे अकेले ऐसे पुलिस अधिकारी थे जिन्हें दर्प छू भी नहीं सका था । डाकू उनके नाम से कांपते थे।

बात 1980 -81 की है। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री अर्जुन सिंह ने दस्यु समस्या के उन्मूलन के लिए



आत्म समर्पण का रास्ता तो खोला ही था साथ ही बन्दूक की गोलियों को भी अपना काम करने की छूट दी हुई थी । उन दिनों चंबल में तमाम डाको गिरोहों का आतंक था । इनमे से एक गिरोह था डाकू पान सिंह तोमर का। पान सिंह तोमर एक कुशल धावक और सेना का सेवानिवृत्त जवान था लेकिन स्थानीय परिस्थितियों ने उसे डाकू बना दिया था। डाकू पान सिंह तोमर का गिरोह आठवें दशक का एक ऐसा डाको गिरोह था जो पूरे इलाके में आतंक का पर्याय बन चुका था। पान सिंह का आतंक इतना खतरनाक हो गया था। तब पुलिस भी पान सिंह को पकड़ने से डरती थी सरकार ने पान सिंह तोमर को पकड़ने के लिए करीब 10,000 का इनाम रखा था ।

बात शायद 1 अक्टूम्बर 1981 की है । मै उन दिनों दैनिक आचरण अखबार में काम करता था । हमें खबर मिली की भिंड पुलिस ने एन्डोरी के पास डाकू पान सिंह गिरोह को घेर लिया है ।एन्डोरी के पास नोनेरा गांव में रहने वाले हमारे चचा ने हमने एक निजी सन्देश वाहक से ये खबर भिजवाई।। उस जमाने में स्वदेश मेंकाम करने वाले आलोक तोमर और मै अपने साधन से मुठभेड़ स्थल के लिए रवाना हुए और जब मौके पर पहुंचे तो हमें पुलिस ने मील भर पहले ही रोक दिया। इंस्पेक्टर महेंद्र प्रताप सिंह हमारे मित्र थे। हमने उन्हें आवाज लगाईं तो उन्होंने हमें हाथ से इशारा कर रुकने के लिए कहा। आधी रात से शुरू हुई गोलाबारी सुबह तड़के तक चली और जब पौ फटी तब ये सिलसिला शुरू हुआ। एसपी विजय रमन अपने अमले के साथ विजयी मुद्रा में खड़े थे ,लेकिन उनके चेहरे पर तब भी कोई दर्प नहीं था। उन्होंने पूरी तैयारी के साथ पान सिंह के गिरोह को घेरा थ। कोई डेढ़ सौ के आसपास पुलिस इस अभियान में शामिल थे । विजय रमन ने गिरोह सरगना पान सिंह तोमर को उसके आधा दर्जन साथियों के साथ ढेर कर दिया था।

उस जमाने में न मोबाइल थे और न हम रिपोर्टरों के पास कैमरे। लेकिन विजय रमन ने हमें मारे गए डकैतों के फोटो मुहैया करने का आश्वासन देकर हमें मौके से विदा किया। तब ' ब्रेकिंग न्यूज ' का जमाना भी न थी । चौबीस घंटे चीखने वाले टीवी चैनल भी न थे । शाम के अखबार भी न थे ,इसलिए इस साहसिक मुठभेड़ की खबर पूरे चौबीस घंटे बाद अखबारों की सुर्खी बनी ,तत्कालीन मुख्यमंत्री अर्जुन सिंह ने विजय रमन को फोन पर इस कामयाबी के लिए बधाई दी। विजय रमन रातों रात देश के अखबारों की सुर्खियों में थे। भिंड की जनता आज भी उन्हें याद करती है। वे सीआरपीएफ,बीएसएफ और रेलवे में भी रहे लेकिन उन्हें जो मान-प्रतिष्ठा डाकू पान सिंह तोमर गिरोह के खात्मे से मिली वो अपने आप में एकदम अलग थी। उस जमाने में फूलन देवी और मलखान सिंह भी विजय रमन के निशाने पर थे लेकिन उन दोनों ने समर्पण का रास्ता अपनाकर अपनी जान बचा ली। विजय रमन ने चंबल की जनता को डाकुओं के आतंक से ही मुक्ति नहीं दिलाई बल्कि वे देश के चार प्रधानमंत्रियों के साथ एसपीजी के भी प्रमुख रहे । उन्होंने तत्कालनीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी, वीपी सिंह, चंद्रशेखर और पीव्ही नरसिम्हाराव के साथ भी काम किया। संसद पर हमला करने वाले आतंकी गाजी बाबा का खात्मा भी विजय रमन की गोली ने ही किया । वे दुश्मनों के दुश्मन और दोस्तों के दोस्त हुआ करते थे।

मैंने कुछ वर्ष पहले मप्र में दस्यु उन्मूलन का इतिहास लिखने की योजना बनाई थी । उस समय विजय रमन साहब से मेरी अक्सर फोन पर बात होती रही। उनके पास सूचनाओं और अनुभवों का भंडार था । वे खुद एक पुस्तक लिखने की योजना बना रहे थे ,किन्तु प्रचार से सदा दूर रहने वाले अपना ये काम पूरा नहीं कर पाए वे फेसबुक पर भी सक्रिय थे । 72 वर्षीय श्री विजय रमन पिछले साल कैंसर ने उन्हें आ घेरा। कैंसर यानि कर्क रोग विजय रमन से जीत गया ।बेहद ईमानदार,निष्ठावान ,संवेदनशील अधिकारी के रूप में विजय रमन हमेशा याद किये जायेंगे । तत्पर निर्णय और नेतृत्व की अद्भुद क्षमता वाले विजय रमन के साथ बीते दिनों की सुधियाँ बार-बार द्रवित करतीं है । मध्यप्रदेश के दस्यु उन्मूलन अभियान में उनकी उपलब्धियां स्वर्णाक्षरों में अंकित हैं । मेरी विनम्र श्रृद्धांजलि

@ राकेश अचल

# कनाड़ा की धरती पर बनेगा खालिस्तान ?

दैनिक समाज जागरण

कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो भारत में खालिस्तान बनाने की मांग करने वाले अतिवादियों पर पूरी तरह मेहरबान है।भारत द्वारा इन अतिवादियों के बारे में दी गई जानकारी पर वे कुछ कार्रवाई नही कर रहे, अपितु भारत पर ही आरोप लगा रहे हैं कि भारत से फरार अपराधी खालिस्तानी अतिवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में उसके राजनयिक का हाथ है। भारत को चाहिए कि यह कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो को भारत के खालिस्तान का समर्थन करने वाले अतिवादियों का समर्थन करने दें। कुछ समय ऐसा ही चलने दें।हां सार्वजनिक रूप से भारत उसे चेतावनी देने का सिलसिला जारी रखें। अपने यहां खालिस्तान समर्थकों पर सख्ती रखें।कुछ समय ऐसा ही चलता रहा तो यह निश्चित है कि अब खालिस्तान भारत में नही कनाडा में बनेगा। कनाडा की धरती पर बनेगा।

आज जो कनाड़ा कर रहा है, कभी वही भारत के कुछ नेताओं ने किया था। वह पंजाब में खालिस्तान की बढ़ती गतिविधियों को नजर अंदाज करते रहे।परिणाम स्वरूप पजांब में रहने वाले हिंदुओं को पंजाब छोड़ने के लिए कहा जाने लगा। उन पर हमले होने शुरू हो गए। सिख आंतकवाद पंजाब में ही नही बढ़ा,अपितु उत्तर प्रदेश के तराई क्षेत्र को भी उसने अपनी चपेट में लेना शुरू कर दिया।इस दौरान पंजाब में धार्मिक नेता भिंडरावाला तेजी से लोकप्रिय होने लगे। कहा जाता है कि राजनैतिक लाभ के लिए केंद्र की तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने उसे प्रश्य देना शुरू कर दिया। हालत यह हुई कि वहीं भिंडरावाला कांग्रेस के लिए भस्मासुर साबित हुआ। उसने स्वर्ण मंदिर में डेरा जमा लिया। मजबूरन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को भिंडरावाला को स्वर्ण मंदिर से निकालने के लिए फौज का सहारा लेना पड़ा।बाद में उनके ही दो सुरक्षा गार्ड ने उनकी हत्या कर दी।

आज जो कनाडा में हो रहा है, वह 40 साल से खालिस्तान समर्थकों को पोषित किए जाने का परिणाम है।कनाडा में खालिस्तान समर्थक आंदोलन पिछली सदी के आठवें दशक में शुरू हो गया था। पियरे ट्रूडो के प्रधानमंत्री बनने के बाद इसकी जड़ें गहरी हुईं। उनके कार्यकाल के दौरान ही तलविंदर परमार भारत में चार पुलिसकर्मियों की हत्या करने के बाद कनाडा भाग गया था।

प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने जून 1973 में कनाडा की यात्रा की थी और पियरे ट्रूडो के साथ उनके व्यक्तिगत संबंध सौहार्दपूर्ण थे। लेकिन, पियरे ट्रूडो ने 1982 में तलविंदर परमार को भारत प्रत्यर्पित करने का अनुरोध ठुकरा दिया। इसके लिए बहाना बनाया गया कि भारत का रुख महारानी के प्रति पर्याप्त रूप से सम्मानजनक नहीं है।

पियरे ट्रूडो के पद छोड़ने के ठीक एक साल बाद तलविंदर परमार ने जून 1985 में एयर इंडिया की फ्लाइट 182 (कनिष्क) में बम विस्फोट की साजिश रची, जिसमें विमान में सवार सभी 329 लोग मारे गए। हालाकि मरने वालों मे अधिकतर कनाडा के ही नागरिक थे।इस विमान हादसे में कुछ तो पूरे परिवार ही खत्म हो गए।

अगर पियरे ट्रूडो ने तलविंदर परमार को भारत प्रत्यर्पित करने का इंदिरा गांधी का अनुरोध मान लिया होता, तो कनिष्क विमान में विस्फोट नहीं हुआ होता। भारतीय-कनाडाई राजनीति के जानकार मानने लगे हैं कि जो गलती पियरे ट्रूडो ने तब की थी,वहीं उनके बेटे जस्टिन ट्रूडो भी आज कर रहे हैं।अपनी सरकार चलाने के लिए कनाडा में खालिस्तान समर्थक उग्रवादियों के प्रति सहानुभूति रखकर वही गलती कर रहे हैं।कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने भारत के ऊपर बेबुनियाद आरोप लगाकर कनाडा में पल रहे खालिस्तानी समर्थकों को हवा दे दी है। प्रधानमंत्री के इन आरोपों के बाद कनाडा के अलग-अलग राज्यों में खालिस्तान समर्थकों ने ऐसी साजिश रचनी शुरू कर दी जिससे वहां रह रहे न सिर्फ भारतीयों बल्कि डिप्लोमेट्स और भारतीय दूतावास के लिए बड़ा खतरा पैदा हो गया है बल्कि कनाडा में बसे भारतीय हिंदुओं को भी खतरा बनेगा। खालिस्तानी समर्थकों ने 25 सितंबर को कनाडा के हाईकमीशन और सभी काउंसलेट के बाहर बड़े प्रदर्शन की तैयारी की है। खुफिया एजेंसी को मिले इनपुट के आधार पर पता चला है कि ब्रिटिश कोलंबिया के सरे स्थित गुरुद्वारे में काउंसिल के कुछ सदस्यों ने इसे लेकर साजिश रची है। जानकारी यह भी है कि इस पूरे प्रदर्शन में कनाडा के कई पूर्व सांसद, नेता और कुछ चरमपंथी और खालिस्तान समर्थक इस मामले पर खतरनाक मंसूबों के साथ आगे बढ़ रहे हैं।रक्षा मामलों के विशेषज्ञों का मानना है कि कनाडा की जमीन पर पहले से ही खालिस्तान समर्थकों को कनाडा की सरकार प्रश्रय देती आई है। यही वजह है कि कनाडा सरकार के समर्थन के चलते भारत विरोधी गतिविधियां इस देश के अलग-अलग हिस्सों में लगातार चलती रहती हैं। बीते कुछ समय में खालिस्तान जनमत संग्रह के नाम पर कनाडा की सरकार न सिर्फ इन भारत विरोधी खालिस्तानियों को सुरक्षा मुहैया कराती आई है बल्कि कार्यक्रम स्थलों की भी उपलब्ध करवाती आई है।पिछले दिनों एक शोभा यात्रा में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरागांधी की हत्या की झांकी निकालना भी इसी कड़ी का हिस्सा है। जानकारों का मानना है कि जिस तरीके से कनाडा के प्रधानमंत्री ने भारत के ऊपर बेबुनियाद आरोप लगाया है उसका असर अगले कुछ दिनों में ही बहुत तेजी से दिखाना शुरू हो सकता है। विदेशी मामलों की जानकार मानते हैं कि कनाडा सरकार का भारत के लिए लिया गया एक्शन आने वाले दिनों में भारत और कनाडा के रिश्तों पर भी बड़ा असर डालने वाला है।

कनाडा के प्रधानमंत्री के बयान के बाद के हालात में क्रम में सिख फॉर जस्टिस (रत्र्रख) के नेता गुरपतवंत सिंह पन्नू की ओर से हिंदू समुदाय को धमकी दी गई है। एसएफजे के पन्नू ने कनाडा के हिंदुओं को धमकी दी है । पन्नू ने उन्हें कनाडा छोड़ने के लिए कहा है। खालिस्तानी अलगाववादी सरगना ने कनाडा में सिखों से वैंकूवर में 29 अक्टूबर को होने वाले तथाकथित जनमत संग्रह में वोट डालने की भी अपील की। जो पन्नू ने कनाड़ा के हिंदुओं से कहा है, ऐसा ही कभी पंजाब में आंतकवाद की शुरूआत में कहा गया था।फिर उनपर हमले शुरू हो गए थे। कनाडा में धमकी से पहले ही हिंदुओं पर हमले होने लगे हैं।

इन धमकियों को लेकर कनाडा में भारतीय मूल के सांसद चंद्र आर्य ने एक न्यूज चैनल के साथ इंटरव्यू में कहा कि कनाडा में खालिस्तानी समूहों से बढ़ते खतरों के मद्देनजर अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय भयभीत है।कनाडा में हिंदू लोगों की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंताएं हैं. उन्होंने प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के सरे में खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत सरकार के शामिल होने के दावे के बाद कनाडा में हिंदू लोगों के खिलाफ धमकियों की निंदा की। इंटरव्यू के दौरान आर्य ने कनाडाई टिप्पणीकार एंड्रयू कॉइन के कॉलम का हवाला दिया। इन्होंने कहा था कि ह्यकनाडा में सांप्रदायिक खून-खराबे का खतरा है।खालिस्तान आंदोलन के बढ़ते खतरे के बारे में लिबरल सांसद की चेतावनी पन्नू का एक वीडियो वायरल होने के बाद कनाडा की सरकार ने इस तरह के काम पर अपनी असहमति जाहिर की और इस बात पर जोर दिया कि देश में नफरत के लिए कोई जगह नहीं है।

दरअस्ल कनाडा में खालिस्तान समर्थकों को पाकिस्तान पाल रहा है। कनाड़ा इन्हें प्रश्रय दे रहा है। अमेरिका आज के हालात में भारत का विरोध नही कर पा रहा किंतु इस मामले में उसका भी रवैया ठीक नही है।कनाडा के हिंदुओं को धमकी देने वाला सिख फॉर जस्टिस (रत्र्रख) का नेता गुरपतवंत सिंह पन्नू अमेरिकी नागरिक है। पन्नू भारत का फरार और इनामी आंतकी है।इसके बावजूद वह अमेरिका में सरे आम रह रहा है।

भारत को चाहिए कि वह भारत में खालिस्तान समर्थकों के प्रति सख्ती जारी रहे। कनाडा में भारत के खिलाफ कार्रवाई करने वालों पर मुकदमें दर्ज करने के साथ उनके आईओसी कार्ड जब्त करता रहे।इनकी भारत की संपत्ति भी कब्जे में ले।आज कनाडा जो कर रहा है, कल उसके ही सामने आएगा।खालिस्तान समर्थक वहां रहने वाले हिंदुओं पर हमले करेंगे।कानून व्यवस्था कनाडा की खराब होगी। मजबूरन जब कनाडा सरकार सख्ती करेगी तो ये खालिस्तान समर्थक कनाडा के निवासी भिंडरावाला की तरह उसी के सामने संकट खड़ा करेंगे।



अशोक मधुप
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)

## मेरे भारत की तस्वीर बदल जाने दे

नफरत की आग को
प्रीत में बदल जाने दे
समर्पण का जो रंग
स्याह सा पर गया है
ठहर जरा उसे
पूर्णता में आने दे
मेरे भारत की
तस्वीर बदल जाने दे।

फिर से लौट आये
मानव का विस्वास,
फिर से संचारित हो
जीवन की हर आस,
खिलने से पहले ही जो
मुरझा गई हैं शाखों पर,
उन कलियों को जरा,
फिर से मुस्कुराने दे
मेरे भारत की
तस्वीर बदल जाने दे।

ना लांक्षणो का दौर हो
ना भ्रष्टाचार का शोर हो,
ना धन अर्जन की होड़ में
छीना हुआ कोई कौर हो,
धम सी गई है जो
हर धड़कन में उसे
मानवता का गीत
गुनगुनाने दे
मेरे भारत की
तस्वीर बदल जाने दे।

बिंदु अग्रवाल शिक्षिका
मध्य विद्यालय गलगलिया

# ईश्वर चन्द्र विद्यासागर

दैनिक समाज जागरण

ईश्वर चन्द्र विद्यासागर (अंग्रेजी: क्रँ६१ उँल्लश्रिं श्र्टिंरॅ१; जन्म- 26 सितम्बर, 1820, पश्चिम बंगाल; मृत्यु- 29 जुलाई, 1891, कोलकाता) भारत के प्रसिद्ध समाज सुधारक, शिक्षा शास्त्री व स्वाधीनता सेनानी थे। वे गरीबों व दलितों के संरक्षक माने जाते थे। उन्होंने स्त्री-शिक्षा और विधवा विवाह पर काफी जोर दिया। ईश्वर चन्द्र विद्यासागर ने 'मेट्रोपोलिटन विद्यालय' सहित अनेक महिला विद्यालयों की स्थापना करवायी तथा वर्ष 1848 में वैताल पंचविंशति नामक बंगला भाषा की प्रथम गद्य रचना का भी प्रकाशन किया। नैतिक मूल्यों के संरक्षक और शिक्षाविद विद्यासागर जी का मानना था कि अंग्रेजी और संस्कृत भाषा के ज्ञान का समन्वय करके ही भारतीय और पाश्चात्य परंपराओं के श्रेष्ठ को हासिल किया जा सकता है।

### जन्म तथा शिक्षा

ईश्वर चन्द्र विद्यासागर का जन्म 26 सितम्बर, 1820 को पश्चिमी मेदिनीपुर ज़िला, पश्चिम बंगाल में एक निर्धन धार्मिक परिवार में हुआ था। इनके पिता का नाम ठाकुरदास बन्धोपाध्याय था और माता भगवती देवी थीं। इनका बचपन बेहद गरीबी में व्यतीत हुआ था। गाँव के स्कूल से ही प्रारम्भिक शिक्षा प्राप्त करने के बाद छः वर्ष की आयु में ही ईश्वर चन्द्र पिता के साथ कलकत्ता (वर्तमान कोलकाता) आ गये थे। वह कोई भी चीज बहुत जल्दी सीख जाते थे। उत्कृष्ट शैक्षिक प्रदर्शन के कारण उन्हें विभिन्न संस्थानों द्वारा कई छात्रवृत्तियाँ प्रदान की गई थीं। वे उच्चकोटि के विद्वान् थे। उनकी विद्वता के कारण ही उन्हें 'विद्यासागर' की उपाधि दी गई थी।[1]

### व्यावसायिक जीवन की शुरूआत

अपने परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से ही ईश्वर चन्द्र विद्यासागर ने अध्यापन कार्य प्रारंभ किया। वर्ष 1839 में ईश्वर चन्द्र ने सफलता पूर्वक अपनी कानून की पढ़ाई संपन्न की। वर्ष 1841 में मात्र इक्कीस वर्ष की आयु में उन्होंने संस्कृत के शिक्षक के तौर पर 'फोर्ट विलियम कॉलेज' में पढ़ाना शुरू कर दिया। पाँच साल बाद 'फोर्ट विलियम कॉलेज' छोड़ने के पश्चात ईश्वर चन्द्र विद्यासागर 'संस्कृत कॉलेज' में बतौर सहायक सचिव नियुक्त हुए। पहले ही वर्ष उन्होंने शिक्षा पद्धति को सुधारने के लिए अपनी सिफारिशें प्रशासन को सौप दीं। लेकिन उनकी रिपोर्ट ने उनके और तत्कालीन कॉलेज सचिव रसोमय दत्ता के बीच तकरार उत्पन्न कर दी, जिसकी वजह से उन्हें कॉलेज छोड़ना पड़ा। लेकिन 1849 में ईश्वर चन्द्र विद्यासागर को साहित्य के प्रोफेसर के रूप में 'संस्कृत कॉलेज' से एक बार फिर जुड़ना पड़ा। इसके बाद 1851 में वह इस कॉलेज के प्राधानचार्य नियुक्त किए गए, लेकिन रसोमय दत्ता के अत्यधिक हस्तक्षेप के कारण ईश्वर चन्द्र विद्यासागर को 'संस्कृत कॉलेज' से त्यागपत्र देना पड़ा, जिसके बाद वह प्रधान लिपिक के तौर पर दोबारा 'फोर्ट विलियम कॉलेज' में शामिल हुए।[1]

### समाज सुधार

अपने समाज सुधार योगदान के अंतर्गत ईश्वर चन्द्र विद्यासागर ने देशी भाषा[2] और लड़कियों की शिक्षा के लिए स्कूलों की एक श्रृंखला के साथ ही कलकत्ता में 'मेट्रोपॉलिटन कॉलेज' की स्थापना भी की। उन्होंने इन स्कूलों को चलाने में आने वाले खर्च का बीड़ा उठाया और अपनी बंगाली में लिखी गई किताबों, जिन्हें विशेष रूप से स्कूली बच्चों के लिए ही लिखा गया था, की बिक्री से फंड अर्जित किया। ये किताबें हमेशा बच्चों के लिए महत्त्वपूर्ण रहीं, जो शताब्दी या उससे भी अधिक समय तक पढ़ी जाती रहीं। जब विद्यासागर जी कलकत्ता के संस्कृत कॉलेज के प्रधानाचार्य बनाये गए, तब उन्होंने कॉलेज सभी जाति के छात्रों के लिए खोल दिया। ये उनके अनवरत प्रचार का ही नतीजा था कि 'विधवा पुनर्विवाह कानून-1856' आखिरकार पारित हो सका। उन्होंने इसे अपने जीवन की एक महत्त्वपूर्ण उपलब्धि माना था। विद्यासागर जी ने अपने इकलौते पुत्र का विवाह भी एक विधवा से ही किया। उन्होंने 'बहुपत्नी प्रथा' और 'बाल विवाह' के खिलाफ भी संघर्ष छेड़ा।

### प्रेरक प्रसंग

ईश्वर चन्द्र विद्यासागर की विनम्रता एवं संस्कारशीलता की प्रशंसा सर्वत्र होती थी। यही नहीं देशभक्ति की भावना भी उनमें आत्मा की गहराई तक विद्यमान थी। इसी वजह से वे सभी की श्रद्धा के पात्र थे। उनसे सम्बन्धित कुछ प्रेरक प्रसंग इस प्रकार हैं-

बात उन दिनों की है जब ईश्वरचन्द्र विद्यासागर 'संस्कृत कॉलेज' के आचार्य थे। एक बार विद्यासागर जी किसी कार्य से 'प्रेसीडेंट कॉलेज' के अंग्रेज आचार्य कैर से मिलने गए। जब विद्यासागर जी ने कैर के कमरे में प्रवेश किया तो उनका स्वागत करना तो दूर, कैर जूते पहने मेज पर पैर फैलाए बैठा रहा। ईश्वर चन्द्र विद्यासागर को ये सब बड़ा अप्रिय लगा, किंतु वे चुपचाप इस अपमान को सहन कर गए और आवश्यक चर्चा कर वापस लौट आए। इस घटना के कुछ दिनों बाद किसी काम से कैर भी विद्यासागर के कॉलेज आया। उन्हें देखकर विद्यासागर जी ने चप्पलों सहित अपने पैर उठाकर मेज पर फैला लिए और आराम से कुर्सी पर बैठे रहे। उन्होंने कैर से बैठने के लिए भी नहीं कहा। कैर ने उनके इस व्यवहार की शिकायत लिखित रूप से शिक्षा परिषद के सचिव डॉ. मुआट से की। तब डॉ. मुआट कैर को लेकर विद्यासागर के पास गए और उनसे कारण पूछा। इस पर विद्यासागर जी ने कहा- "हम भारतीय अंग्रेजों से ही यूरोपीय शिष्टाचार सीखते हैं। जब मैं इनसे मिलने गया था तो ये इसी तरह बैठे थे। मैंने इसे यूरोपीय शिष्टाचार समझा और इसका अनुसरण किया। इन्हें नाराज करने का मेरा कोई इरादा नहीं था।" कैर ने शर्मिंदा होकर विद्यासागर जी से क्षमा मांगी।

एक बार ईश्वर चन्द्र विद्यासागर को इंग्लैंड में एक सभा की अध्यक्षता करनी थी। उनके बारे में यह मशहूर था कि उनका प्रत्येक कार्य घड़ी की सुई के साथ पूर्ण होता है अर्थात वे समय के बहुत पाबंद थे। वे लोगों से भी यही अपेक्षा रखते थे कि वे अपना कार्य समय पर करें। विद्यासागर जी जब निश्चित समय पर सभा भवन पहुँचे तो उन्होंने देखा कि लोग सभा भवन के बाहर घूम रहे हैं और कोई भी अंदर नहीं बैठा है। जब उन्होंने इसका कारण पूछा तो उन्हें बताया गया कि सफाई कर्मचारियों के न आने के कारण अभी भवन की सफाई नहीं हुई है। यह सुनते ही विद्यासागर जी ने एक क्षण भी बिना गंवाए झाड़ू उठा ली और सफाई कार्य प्रारम्भ कर दिया। उन्हें ऐसा करते देख उपस्थित लोगों ने भी कार्य शुरू कर दिया। देखते ही देखते सभा भवन की सफाई हो गई और सारा फर्नीचर यथास्थान लगा दिया गया। जब सभा आरंभ हुई तो ईश्वर चन्द्र विद्यासागर बोले- "कोई व्यक्ति हो अथवा राष्ट्र, उसे स्वावलंबी होना चाहिए। अभी आप लोगों ने देखा कि एक-दो व्यक्तियों के न आने से हम सभी परेशान हो रहे थे। संभव है कि उन व्यक्तियों तक इस कार्य की सूचना न पहुँची हो या फिर किसी दिक्कत के कारण वे यहाँ न पहुँच सके हों। क्या ऐसी दशा में आज का कार्यक्रम स्थगित कर दिया जाता? यदि ऐसा होता तो कितने व्यक्तियों का आज का श्रम और समय व्यर्थ हो जाता। सार यह है कि प्रत्येक व्यक्ति को स्वावलंबी होना चाहिए और वक्त पड़ने पर किसी भी कार्य को करने में संकोच नहीं करना चाहिए।"

यह प्रसंग ब्रिटिश हुकूमत से जुड़ा है। बंगाल में नील की खेती करने वाले अंग्रेजों, जिन्हें 'नील साहब' या 'निलहे साहब' भी कहा जाता था, के अत्याचार बहुत बढ़ गये थे। लोगों का जीवननरकबन गया था। इसी जुल्म के खिलाफ कहीं-कहीं आवाजें भी उठने लगी थीं। ऐसी ही एक आवाज को कलकत्ता रंगमंच के कुछ युवा कलाकार बुलंदी की ओर ले जाने की कोशीश में थे। ये कलाकार अपने नाटकों के द्वारा अंग्रेजों की बर्बरता का मंचन लोगों के बीच कर विरोध प्रदर्शित करते रहते थे। ऐसे ही एक मंचन के दौरान इन युवकों ने ईश्वर चन्द्र विद्यासागर को भी आमंत्रित किया। उनकी उपस्थिति में युवकों ने इतना सजीव अभिनय प्रस्तुत किया कि दर्शकों के रोंगटे खड़े हो गये। विशेषकर निलहे साहब की भूमिका निभाने वाले युवक ने तो अपने चरित्र में प्राण डाल दिये थे। अभिनय इतना सजीव था कि विद्यासागर जी भी अपने पर काबू नहीं रख सके और उन्होंने अपने पैर से चप्पल निकाल कर उस अभिनेता पर दे मारी। सारा सदन भौचक्का रह गया। उस अभिनेता ने विद्यासागर जी के पाँव पकड़ लिए और कहा कि मेरा जीवन धन्य हो गया। इस पुरस्कार ने मेरे अभिनय को सार्थक कर दिया। आपके इस प्रहार ने निलहों के साथ-साथ हमारी गुलामी पर भी प्रहार किया है। विद्यासागर जी ने उठ कर युवक को गले से लगा लिया। सारे सदन की आँखें अश्रुपूरित थीं।

### निधन

अपनी सहनशीलता, सादगी तथा देशभक्ति के लिए प्रसिद्ध और एक शिक्षाशास्त्री के रूप में विशिष्ट योगदान करने वाले ईश्वर चन्द्र विद्यासागर का निधन 29 जुलाई, 1891 को कोलकाता में हुआ। विद्यासागर जी ने आर्थिक संकटों का सामना करते हुए भी अपनी उच्च पारिवारिक परम्पराओं को अक्षुण्ण बनाए रखा था। संकट के समय में भी वह कभी अपने सत्य के मार्ग से नहीं डिगे। उनके जीवन से जुड़े अनेक प्रेरक प्रसंग आज भी युवा वर्ग को प्रेरणा प्रदान करते हैं।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# महापौर ने स्मृति वाटिका में श्रद्धेय पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी

संवाददाता समर्थ कुमार सक्सेना



लखनऊ । उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में महापौर के द्वारा सोमवार को स्मृति वाटिका में श्रद्धेय पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। महापौर ने कहा कि श्रद्धेय पंडित दीनदयाल उपाध्याय का समाज के प्रति समर्पण एवं संपूर्ण जीवन भारत और भारतीयता के लिए समर्पित रहा। वे प्रकाश-पुंज बनकर हम सभी को सदैव प्रेरित करते रहेंगे ।इस अवसर पर भाजपा के कई वरिष्ठ जनप्रतिनिधि एवं नेता उपस्थित रहे।

# धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया महापौर का जन्मदिन



लखनऊ ।महापौर सुषमा खर्कवाल के जन्मदिवस के अवसर पर बाला कदर कैम्प कार्यालय पर सुबह से रात्रि तक स्नेहीजनों का आवागमन एवं शुभकामनाएं देने का सिलसिला जारी रहा।

उक्त कार्यक्रम में सुबह से रात्रि तक समस्त पार्षदगण, तमाम भाजपा नेता, पदाधिकारी,कार्यकर्ता, नगर निगम के अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण/कर्मचारी संगठन के लोगों सहित शहर के सैकड़ों गणमान्य एवं सम्भ्रांत लोगों द्वारा बारी बारी केक कटवा कर एवं पुष्पगच्छ इत्यादि प्रदान कर महापौर के जन्मदिवस पूरे हर्षोल्लास के साथ महापौर जी का जन्म उत्सव बड़ी धूम धाम से मनाया गया।

इसके अतिरिक्त महापौर के जन्मदिन के शुभ अवसर पर भाजपा महिला नेत्रियों सहित नगर की तमाम प्रतिष्ठित एवं सम्भ्रांत महिलाओं द्वारा भजन संध्या का आयोजन कर भक्तिभाव एवं आध्यात्मिक ढंग से शुभकामनाएं भेंट की गईं। इस अवसर पर महापौर द्वारा समस्त नगर वासियों एवं शुभचिंतकों व जन्मदिवस के अवसर को वृहद रूप से मनाने वाले समस्त स्नेहीजनों का सहृदय धन्यवाद किया और शुभकामनाएं भेंट की।

## उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा स्वच्छता जागरूकता अभियान सप्ताह दिनांक 2 अक्टूबर 2023 से 8 अक्टूबर 2023 तक किया जाएगा आयोजित।

माननीय मुख्य न्यायमूर्ति उच्च न्यायालय इलाहाबाद / मुख्य संरक्षक उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा इस वर्ष महात्मा गांधी के जन्म दिवस 2 अक्टूबर को संपूर्ण प्रदेश में जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों के माध्यम से स्वच्छता जागरूकता अभियान के रूप में साप्ताहिक कार्यक्रम आयोजित किए जाने के लिए निर्देश प्राप्त हुए हैं। माननीय न्यायमूर्ति श्री सूर्य प्रकाश केसरवानी वरिष्ठ न्यायाधीश माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद /कार्यपालक अध्यक्ष उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ द्वारा स्वच्छता जागरूकता अभियान की कार्य योजना को अनुमोदित करते हुए संपूर्ण उत्तर प्रदेश में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा दिनांक 2 अक्टूबर 2023 से दिनांक 8 अक्टूबर 2023 तक स्वच्छता जागरूकता अभियान आयोजित करने के लिए निर्देशित किया गया है। उक्त स्वच्छता जागरूकता अभियान के साप्ताहिक कार्यक्रम के अंतर्गत एक निर्वाचक मंडल गठित किया जाएगा, जिसमें अध्यक्ष माननीय जनपद न्यायाधीश गौतम बुद्ध नगर एवं सदस्य के रूप में जिलाधिकारी गौतम बुद्ध नगर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गौतम बुद्ध नगर, पुलिस आयुक्त एवं अधीक्षक गौतम बुद्ध नगर, जिला विद्यालय निरीक्षक, बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं जिला सूचना अधिकारी नामित होंगे।

स्वच्छता जागरूकता अभियान सप्ताह के अंतर्गत जिले के समस्त प्राथमिक विद्यालयों, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों तथा महाविद्यालयों को सम्मिलित किया जाएगा, जिसके अंतर्गत निम्नवत कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। दिनांक 2 अक्टूबर 2023 को मुख्यालय स्तर पर, तहसील स्तर पर एवं ब्लॉक स्तर पर प्रभात फेरी का आयोजन किया जाएगा तथा सप्ताह के अंतर्गत स्वच्छता जागरूकता अभियान से संबंधित विषय पर समस्त विश्वविद्यालय में निबंध एवं चित्रकला आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम में गैर सरकारी स्वयंसेवी संस्थाएं, परा विधिक स्वयंसेवक एवं समाज हित में कार्यरत सामाजिक संस्थाएं प्रतिभा कर सकती हैं।

### आज हुए देश के सर्वांगीण विकास के पीछे पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की प्रेरणा : सीएम योगी

# पं. दीनदयाल उपाध्याय की 107वीं जयंती पर सीएम योगी ने दी श्रद्धांजलि

## बोले- पीएम मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार पूरा कर रही पंडित जी का सपना



लखनऊ, 25 सितंबर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 107वीं पुण्यतिथि पर चारबाग स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करके उन्हें श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के आदर्शों को याद करते हुए कहा कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति का कल्याण व विकास उनका सपना था। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा की डबल इंजन सरकार पंडित जी के उसी सपनों को पूरा कर रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अन्त्योदय के प्रणेता, एकात्म मानववाद की दृष्टि को भारत की राजनीति के एजेंडे का हिस्सा बनाने वाले एवं राजनीति में शुचिता व ईमानदारी के प्रबल समर्थक की आज पावन जयंती है। सीएम योगी ने कहा कि हम सब जानते हैं कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का जन्म मथुरा जनपद के एक छोटे से गांव में हुआ। भारत और भारतीयता के प्रति उनका दृष्टिकोण बहुत स्पष्ट था। उनका कहना था कि भारतीय दृष्टिकोण विश्व कल्याण का मार्ग प्रशस्त कर सकता है। समाज के अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति के बारे में उनकी धारणाएं बहुत ही स्पष्ट थीं। उन्होंने कहा था कि आर्थिक उन्नति और प्रगति का पैमाना ऊंचे पायदान पर बैठे व्यक्ति से नहीं बल्कि सबसे नीचे पायदान पर बैठे व्यक्ति से किया जाना चाहिए। अन्त्योदय की उनकी अवधारणा स्वतंत्र भारत में गरीब कल्याण का माध्यम बना।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में 1998 से 2004 तक कार्य करने वाली सरकार पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों को प्रेरणा मानते हुए गरीब कल्याण की अनेक योजनाएं शुरू की। आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में चलने वाली सभी योजनाओं के पीछे प्रेरणा पंडित जी के अन्त्योदय का संकल्प ही है। पिछले साढ़े 9 साल में देश के जिस सर्वांगीण विकास को हम सब देख रहे हैं, यह चमत्कार पंडित जी की ही प्रेरणा है।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह, बीजेपी महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, सुषमा खरकवाल, डॉ नीरज बोरा, मुकेश शर्मा, जय देवी, रामचंद्र प्रधान, निर्मल, पूर्व महापौर संयुक्ता भाटिया, नीरज सिंह मौजूद रहे।

# डेट्रायट बनने की रेस में लखनऊ

## योगी सरकार और हिंदुजा की पहल से मोटर सिटी भी हो सकता है नवाबों का शहर

समाज जागरण

लखनऊ। किसी जमाने में फोर्ड और मोटर कार एक दूसरे के पर्याय थे। हेनरी फोर्ड नामक एक अमेरिकी उद्यमी ने वहां के डेट्रायट शहर में वाहन बनाने की एक इकाई लगाई। दूसरे विश्व युद्ध के बाद यह शहर न सिर्फ मोटर कारों का बल्कि अन्य कामर्शियल वाहनों के उत्पादन का प्रमुख केंद्र बन गया। बड़ी संख्या में मुख्य इकाइयों और अनुषांगिक इकाइयों में निवेश हुए। बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार भी मिला।

आटो इंडस्ट्री के जरिये यही प्रयास हिंदुजा समूह से मिलकर उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ की सरकार भी करने जा रही है। पिछले दिनों इसी बाबत मुख्यमंत्री की मौजूदगी में धीरज हिंदुजा समूह के स्वामित्व वाली लीलैंड कंपनी से 1500 करोड़ रुपये का मेमोरंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (एमोयू) हुआ। यह एमओयू इलेक्ट्रिकल कमर्शियल वाहनों के लिए हुआ। खास बात यह है कि प्रदेश सरकार ने इलेक्ट्रिकल कमर्शियल वाहनों के उत्पादन के लिए पहली बार किसी औद्योगिक घराने से ऐसा (एमओयू) किया है। फिलहाल कंपनी और सरकार का संबंधित विभाग, इसके लिए जमीन तलाश रहे हैं। अधिक संभावना यह है कि प्रस्तावित इकाई लखनऊ के बंद पड़ी स्कूटर्स इंडिया की खाली जमीन पर लगेगी। हालांकि प्रयागराज में भी जमीन देखी गई है।

### यूपी में किसी दिग्गज ऑटो कंपनी का यह पहला निवेश होगा

अगर लखनऊ में हिंदुजा का यह प्लांट लगा तो भविष्य में नवाबों का यह शहर डेट्रायट की तरह मोटरसिटी के रूप में भी जाना जाएगा। यही नहीं हाल के वर्षों गुजरात और दक्षिण भारत को छोड़ दें तो उत्तर प्रदेश में किसी दिग्गज आटो कंपनी का यह पहला और बड़ा निवेश होगा। इसके पहले पश्चिम बंगाल के कोलकाता में अंबेसडर और हरियाणा के मानेसर में मारुति सुजुकी ने इस सेक्टर में बड़ा निवेश किया था।

### बड़े पैमाने पर मिलेंगे रोजगार

उल्लेखनीय है की इस तरह का महत्वाकांक्षी निवेश निवेशक के लिए तो लाभप्रद होता ही है इसमें बड़े पैमाने पर लोगों को रोजगार भी मिलता है। मुख्य इकाई के साथ कल पुर्जे बनाने वाली स्थानीय इकाइयों और तैयार वाहनों के ले जाने के लिए ट्रांसपोर्टेशन के भी क्षेत्र में। हिंदुजा की इकाई लगने से ये सारे लाभ उत्तर प्रदेश खासकर जहां यह इकाई लगेगी वहां के लोगों को होंगे। प्रस्तावित इकाई में कमर्शियल इलेक्ट्रिकल वाहन ही बनेंगे। भविष्य में प्रदूषण के मद्देनजर सरकार का पूरा फोकस ऐसी ही वाहनों की ओर है क्योंकि सरकार भविष्य में ऐसे ही वाहनों के संचलन के पक्ष में है। इस इकाई से स्थानीय जरूरत के बाद अन्य प्रदेशों एव देशों में भी इनका निर्यात हो सकेगा।

### एक ट्रिलियन अर्थवयस्था के लक्ष्य में भी मिलेगी मदद

वैश्विक महामारी कोरोना के कहर के बाद से सर्वाधिक तेजी से उभरे सेक्टर्स में ऑटो इंडस्ट्री ही है। आंकड़ों के मुताबिक जीडीपी की वृद्धि में ऑटोमोबाइल उद्योग का बहुत बड़ा योगदान होता है। देश की कुल जीडीपी में इस सेक्टर का योगदान करीब 21 फीसद है। करीब दो करोड़ लोगों को इस सेक्टर में रोजगार मिला हुआ है। सेक्टर के प्रगति की दर यही रही तो 2030 तक इस क्षेत्र में करीब पांच करोड़ लोगों को रोजगार मिलेगा। तब इसमें उत्तर प्रदेश का का भी एक बड़ा योगदान होगा। यह एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थवयस्था का लक्ष्य हासिल करने में भी मददगार होगा।

### एक नजर में देश की ऑटो इंडस्ट्री

भारत इस समय दुनिया में ट्रैक्टर उत्पाद में नंबर एक, बस उत्पादन में नंबर दो और भारी ट्रक उत्पादन करने में तीसरे नंबर पर है। अनुमान है कि अगले कुछ वर्षों में भारत ई-कारें उत्पादित करने के मामले में तीसरे नंबर पर होगा। इन कारों की बिक्री बढ़ने का बड़ा कारण इलेक्ट्रिक वाहनों के उत्पादन में वृद्धि के साथ घटती कीमतें होंगी। यह इस सेक्टर में क्रांति जैसी होगी। और इस क्रांति में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल और दूरदर्शिता से उत्तर प्रदेश एक अहम किरदार होगा।

### गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय में आयोजित किया विधिक साक्षरता शिविर।

उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ द्वारा प्राप्त निदेशों के अनुपालन में तथा माननीय जनपद न्यायाधीश, गौतबुद्धनगर श्री अवनीश सक्सैना के दिशा-निर्देशन तथा श्रीमती ऋचा उपाध्याय, अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्षता में दिनांक 25.09.2023 को समय 1:30 बजे से गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय में विधिक साक्षरता व जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया।

उक्त कार्यक्रम के माध्यम से पशु क्रूरता एवं सरंक्षण संबंधी विषय पर प्रकाश डाला गया। शिविर में बताया कि पशु पक्षी प्रकृति के वरदान है जिनकों सुरक्षित एवं सरंक्षित रखना मनुष्य का संवैधानिक एवं विधिक दायित्व है। पशुओ के संरक्षण के संदर्भ में भारतीय विधिक एवं न्यायिक व्यवस्था में विधायिका एवं न्यायपालिका ने अप्रतिम योगदान दिया है। पशुओं के संदर्भ में होने वाली क्रूरता के प्रति कठोरतम एवं त्वरित कार्यवाही होती है।

उक्त शिविर में श्रीमती ऋचा उपाध्याय, अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गौतमबुद्धनगर के साथ गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय के संकायाध्यक्ष डा0 कृष्ण कांत द्विवेदी, डा0 रमा शर्मा, श्री संतोष कुमार तिवारी, व कॉलेज के छात्र-छात्राये व अन्य उपस्थित रहे।

अपने व्यापार का करे प्रचार-
विज्ञापन के लिए संपर्क करें।

# हर घर जल गांव थीम पर बने स्टाल पर पांचो दिन उमड़ी भारी भीड़

- यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो" में विशेष आकर्षण बना जल जीवन मिशन का स्टाल
- पांच दिवसीय आयोजन में प्रत्येक दिन बड़ी संख्या में पहुंचे देशी -विदेशी मेहमान
- स्टाल परिसर में घूमे और हर घर जल गांव में पहुँच रहे शुद्ध जल कि प्रक्रिया समझी
- नये यूपी के बदलते गांव को मिल रहे स्वच्छ पेयजल के लिये योगी सरकार और विभाग कि तारीफ भी कि




लखनऊ /नोयडा। 25 सितम्बर जल जीवन मिशन के "हर घर जल गांव" थीम पर बना स्टॉल इंडिया एक्सपो मार्ट, ग्रेटर नोएडा में आयोजित "यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो" में आये देशी-विदेशी मेहमानों के लिये विशेष आकर्षण का केंद्र बना रहा। पांच दिनों तक चले आयोजन में प्रत्येक दिन बड़ी संख्या में लोग स्टाल में आये और यहां बनाए मॉडल गांव और उस गांव में हर घर जल कि प्रक्रिया को समझा। युवा, महिलाएं, बुजुर्ग हों या स्कूली बच्चे सभी इस हर घर जल गांव कि थीम को देख खुश हुए और उन्होंने ग्रामीणों के लिये बनाई गई हर घर जल योजना कि तारीफ भी की। स्टाल परिसर में बनी जल जीवन मिशन की पानी टंकी और नल कि टोंटी से निकलते जल के मॉडल के साथ सेल्फी ली और फोटो भी खिचवाई। खासकर स्कूली छात्र-छात्राओं के लिये स्टाल आकर्षण का केंद्र बना रहा। स्कूली बच्चे नये यूपी के बदलते गांव का स्वरुप देखकर काफी प्रसन्न हुए। उन्होंने हर घर जल गांव के बाहर फोटो भी खिचवाई और सेल्फी भी ली। बच्चों ने यहां आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भाग लिया। विजेता छात्र-छात्राओं को जल जीवन मिशन लिखी टोपी, पेन, डायरी पुरस्कार में दी गई। विदेशी मेहमानों, निवेशकों व आगंतुकों की इन पांच दिनों स्टाल पर काफी भीड़ रही। नये यूपी के बदलते गांव को मिल रहे स्वच्छ पेयजल के लिये योगी सरकार और विभाग की तारीफ भी कि।

बता दें कि 21 सितम्बर को शुरू हुए इस आयोजन का शुभारम्भ करने पहुंची राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने हर घर जल गांव स्टाल को निहारा और सीएम योगी आदित्यनाथ स्टाल के अंदर पहुंचे और उन्होंने योजना की जानकारी भी ली थी।

# 2023-24 में 62 हजार मार्गों का कायाकल्प करेगी योगी सरकार

- -उत्तर प्रदेश के सड़कों की गड्ढा मुक्ति व रिपेयर वर्क्स के जरिए सुदृढ़ीकरण पर सीएम योगी का फोकस, विस्तृत कार्ययोजना के जरिए मूर्त रूप ले रही प्रक्रिया
- -लोक निर्माण विभाग व राष्ट्रीय मार्गों के आधीन आने वाले मार्गों पर गड्ढा मुक्ति व रिस्टोरेशन कार्यों को तेजी से पूर्ण कर रही योगी सरकार
- -वर्ष 2023-24 में लोक निर्माण विभाग ने रीस्टोरेशन कार्यों के टारगेट का 30 प्रतिशत कार्य किया पूरा, राष्ट्रीय मार्गों ने की 75.30 प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति

समाज जागरण

लखनऊ, 25 सितंबर। उत्तर प्रदेश में बुनियादी सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार प्रदेश की व्यापक कायाकल्प की दिशा में लगातार प्रयास कर रही है। इस बात का प्रमाण सड़क सौंदर्यीकरण, गड्ढामुक्ति व मार्गों के रीस्टोरेशन प्रक्रिया को लेकर भी देखा जा सकता है। लोकनिर्माण विभाग के आंकड़ों के अनुसार, प्रदेश में वर्ष 2023-24 के बीच गड्ढा मुक्ति व रिस्टोरेशन कार्यों के लक्ष्यों को हासिल करने में लोक निर्माण विभाग ने अपने टारगेट का 30 प्रतिशत कार्य पूरा किया है। वहीं, राष्ट्रीय मार्गों की बात करें तो उसने अब तक 75.30 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति में सफलता पायी है। कुल मिलाकर, वर्ष 2023-24 में 62 हजार से अधिक मार्गों को गड्ढामुक्त व रीस्टोरेशन वर्क्स से सुदृढ़ बनाने की प्रक्रिया को विस्तृत कार्ययोजना क्रियान्वयन के जरिए धरातल पर उतारा जा रहा है। उल्लेखनीय है कि सीएम योगी की हमेशा से परिकल्पना गड्ढा मुक्त उत्तर प्रदेश की रही है और इसी परिकल्पना को पूर्ण करने के लिए लोकनिर्माण विभाग द्वारा इस वर्ष अब तक 275 रुपए प्रदेश के सभी जिलों को निर्धारित मार्ग सुदृढ़ीकरण के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए आवंटित किया जा चुका है तथा योगी सरकार द्वारा लगातार कार्य पूर्ति की मॉनिटरिंग भी की जा रही है।

### लोक निर्माण विभाग ने 6988 मार्गों की संवारी सूरत

प्रदेश में लोक निर्माण विभाग के आधीन कुल मिलाकर 1.14 सड़कें हैं जिनका कुल योग 2.66 लाख किमी है। इसमें से इस वर्ष 62 हजार से ज्यादा सड़कों का मेकओवर करना निर्धारित किया गया है। इसमें से गड्ढा मुक्ति का लक्ष्य 44869 मार्गों का निर्धारित है जबकि 17588 सड़कों के नवीनीकरण व रीस्टोरेशन प्रक्रिया को मूर्त रूप दिया जाना प्रस्तावित है। इसमें से गड्ढामुक्ति की दिशा में 1711 व 5277 मार्गों का रीस्टोरेशन वर्क्स इस वर्ष अब तक पूरा कर लिया गया है। यानी, कुल 6988 मार्गों पर लोक निर्माण विभाग द्वारा अब तक कार्य किया गया है। इसमें से गड्ढा मुक्ति के कार्यों का प्रतिशत 3.81 रहा जबकि रीस्टोरेशन कार्यों के लक्ष्यों को 30 प्रतिशत पूरा गया है। उल्लेखनीय है कि लोक निर्माण विभाग के आधीन मंडी, पंचायती राज, सिंचाई, ग्राम्य विकास, नगर विकास, गन्ना, आवास एवं शहरी नियोजन व अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग से संबंधित सड़कें आती हैं और इन सभी विभागों के समायोजन से प्रदेश में सड़क सुदृढ़ीकरण की प्रक्रिया को बढ़ावा दिया जा रहा है।

### राष्ट्रीय मार्गों पर तेजी से हो रहा रीस्टोरेशन वर्क

वर्ष 2023-24 में राष्ट्रीय मार्गों की कुल 364 गड्ढामुक्ति व रीस्टोरेशन वर्क्स को अभी तक पूर्ण किया जा चुका है। राष्ट्रीय मार्गों पर गड्ढा मुक्ति के कार्यों में अब तक 28.35 प्रतिशत सफलता मिली है जबकि रीस्टोरेशन वर्क्स को 75.30 प्रतिशत तक पूर्ण कर लिया गया है। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय मार्ग विभाग की चार जोन प्रदेश में कार्यरत हैं। इनमें से नेशनल हाइवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई-पश्चिम यूपी) ने इस वर्ष सबसे अच्छा प्रदर्शन करते हुए गड्ढा मुक्ति के निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने में 62.57 व रीस्टोरेशन वर्क्स को पूर्ण करने में 85.79 प्रतिशत सफलता हासिल की है।

# दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौत, शव को पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजा

बिसौली आई एम खान। कोतवाली क्षेत्र के गांव हतसा के समीप सोमवार दोपहर लगभग ढाई बजे एम.एफ.हाईवे पर दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर आसपास के ग्रामीणों व राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस ने शव को पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजा है। वहीं हादसे के बाद भागे डीसीएम चालक को वाहन सहित हिरासत में ले लिया है।

प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो हादसा इतना भयावह था कि छोटा हाथी वाहन के परखच्चे उड़ गए और स्टेयरिंग में वाहन चैक कर रहे मिस्त्री की मौके पर ही मौत हो गई।

यहां बता दें कि कोतवाली क्षेत्र के चंदपुरा गांव निवासी नसरुद्दीन ( 25) पुत्र अल्लामैहर नगर के टुइयॉं गैराज पर गाड़ियां संभालने का कार्य किया करता था। सोमवार दोपहर के वक्त उसने शक्ति इंडेन ग्रामीण वितरक गैस एजेंसी की खराब गाड़ी छोटा हाथी को ठीक किया। जिसके बाद मिस्त्री ट्राई लेने के लिए एम.एफ. हाईवे पर बदायूं की ओर निकला कि हत्सा गांव के निकट हादसे की चपेट में आ गया।

सूचना के बाद कोतवाल संजीव कुमार शुक्ला पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। कोतवाल ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। वहीं युवक की मौत के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

हादसे पर मौजूद लोगों की भीड़ की जुबां पर बस यह ही सुना जा सकता कि वक्त के आगे सभी नतमस्तक है। गाड़ी मिस्त्री को शायद काल पुकार रहा था। उसे क्या पता था कि जिस गाड़ी को वो ठीक कर ट्राई लेने निकलेगा वही उसका काल बन जाएगी।

## मृतक पेंशनरों के परिजनों को पेंशनर की मृत्यु के बारे में कोषागार में देनी होगी सूचना

शावेज अहमद रामपुर ।जिले के कोषागार से पेंशन प्राप्त करने वाले पेंशनरों के परिजनों के लिए वरिष्ठ कोषाधिकारी अशोक कुमार के स्तर से दिशा-निर्देश जारी किए गए है।

उन्होंने बताया कि पेंशनर/पारिवारिक पेंशनर की मृत्यु हो जाने के उपरान्त उनके परिजनों द्वारा इसकी सूचना कोषागार को नहीं दी जाती है जिसके परिणाम स्वरूप कोषागार द्वारा पेंशन/पारिवारिक पेंशन का भुगतान जारी रखा जाता है और काफी समय बीतने के बाद जब पेंशनर की मृत्यु की जानकारी मिलती है तक पेंशन रोककर मृत्यु उपरान्त किए गए भुगतान की वसूली से जुड़ी कार्यवाही करनी पड़ती है।

उन्होंने कहा कि पेंशनर की मृत्यु के उपरान्त इस सम्बन्ध में कोषागार को सूचना देना परिजनों का नैतिक एवं विधिक कर्तव्य है। अनियमित भुगतान की धनराशि अनधिकृत है जिसकी वसूली बैंक के माध्यम से या भू-राजस्व के बकाए के रूप में वसूल किए जाने की कार्यवाही की जायेगी।

## मुख्य मंत्री के निर्देश पर जिले के 12 ग्रामों में होगी चकबंदी

शावेज अहमद रामपुर ।मुख्यमंत्री योगी के निर्देश पर जनपद के 12 ग्रामों में चकबन्दी कराने का निर्णय शासन द्वारा लिया गया है। बन्दोबस्त अधिकारी चकन्बदी संजय कुमार ने बताया कि चकबन्दी आयुक्त द्वारा तहसील टाण्डा के ग्राम चक रफतपुर, दर्शनपुर, भटपुरा एवं तहसील शाहबाद के ग्राम मडैय्यान झाऊ, भजनपुर, मझरा, मौहम्मद नगर तथा तहसील बिलासपुर के ग्राम रफतपुर, बेरखेड़ा, गदईया नसीमगंज, सरवर नगर तथा तहसील स्वार के ग्राम रूस्तमनगर निकट छप्परा को चकबन्दी प्रक्रियाओं में शामिल किया गया है।

उन्होंने बताया कि इस सम्बन्ध में चकबन्दी लेखपाल प्रेमशंकर को तहसील टाण्डा व स्वार, सुमन कान्त गौतम को तहसील बिलासपुर एवं रामसिंह को तहसील शाहबाद के ग्रामों के अभिलेख प्राप्त करने हेतु अधिकृत किया गया है।

बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी ने बताया कि सभी ग्रामों में शीघ्र ही चकबन्दी प्रक्रियाएं प्रारम्भ कर दी जायेगी। चकबन्दी प्रक्रियाओं में सर्वप्रथम खेतों की नाप करते हुए अभिलेखों को दुरुस्त किया जाएगा। चकबन्दी प्रक्रियाओं में पारदर्शिता लाने हेतु इन ग्रामों से सम्बन्धित सभी कृषकों की बैठक शीघ्र ही ग्राम में करते हुए चकबन्दी प्रक्रियाओं के सम्बन्ध में विस्तार से अवगत कराया जायेगा। चकबन्दी कार्यों को चकबन्दी समिति व कृषकों के सहयोग से आपसी सहमति के आधार पर पूर्ण कराने का प्रयास किया जायेगा।

## 27 सितम्बर को सैदनगर में आयोजित होगा रोजगार मेला, विभिन्न कंपनियां करेंगी प्रतिभाग

शावेज अहमद रामपुर ।प्रशिक्षण एवं सेवायोजन निदेशालय उत्तर प्रदेश लखनऊ के निदेर्शानुसार प्रत्येक विधान सभा क्षेत्र एवं आंकाक्षात्मक विकास खण्ड सैदनगर में रोजगार मेले लगाए जाने के निर्देश दिए गए है, जिसमें जिला सेवायोजन कार्यालय द्वारा एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन आईटीआई सैदनगर के प्रागंण में 27 सितम्बर 2023 को प्रातः 10:00 बजे से किया जाएगा। प्रभारी जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की लगभग 05 कम्पनियां प्रतिभाग कर रही हैं, जिसमें-मैनेजर, सेल्स एक्जीक्यूटिव, ऑपरेटर ट्रेनी, एवं युवा शक्ति फाउन्डेशन द्वारा रूद्रपुर में आ-ईटीआई उत्तीर्ण बेरोजगार युवकों के लिए अप्रेंटिस हेतु फिटर व इलैक्ट्रीशियन पदों हेतु भर्ती करेंगी। अभ्यर्थियों का साक्षात्कार के माध्यम से चयन किया जायेगा, जिसमें हाईस्कूल, इण्टर, स्नातक, आईटीआई उत्तीर्ण, फिटर, इलेक्ट्रीशियन तथा योग्यताधारी अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि रोजगार मेले में सम्मिलित होने के लिए एक पासपोर्ट साइज फोटो तथा बॉयोडाटा लेकर उपस्थित हो तथा सेवायोजन पोर्टल पर अभ्यर्थी का पंजीकृत होना अनिवार्य है। इच्छुक अभ्यर्थी मेले में प्रतिभाग हेतु अपनी योग्यतानुसार अपना पंजीयन कराएं। बेरोजगार अभ्यर्थी अपनी लॉगिन आईडी, पासवर्ड से रोजगार मेले में प्रतिभाग करने वाली किन्हीं दो कम्पनियों में आवेदन कर सकते हैं। रोजगार मेला पूर्णतया निःशुल्क है।

# बायोमीट्रिक प्रमाणीकरण के बाद खाद्यान्न न दिये जाने पर शासन ने जारी किए कार्यवाही के निर्देश

समाज जागरण

शावेज अहमद रामपुर ।जिला पूर्ति अधिकारी अभिषेक कुरील ने बताया कि शासन स्तर से संज्ञान लिया गया है कि कुछ उचित दर विक्रेताओं द्वारा ई-पॉस मशीन से बायोमैट्रिक प्रमाणीकरण कराते हुए तत्समय लाभार्थियों को खाद्यान्न उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है, जो नियमानुसार उचित नहीं है।

अपर आयुक्त द्वारा दिए गए निर्देशों पर जिला पूर्ति अधिकारी ने जनपद के समस्त उचित दर विक्रेताओं को निर्देशित किया कि वह ई-पॉस पर बायोमैट्रिक प्रमाणीकरण कराते हुए तत्समय ही लाभार्थियों को उनके अनुमन्य के अनुरूप खाद्यान्न का वितरण करें। जनपद के समस्त राशन कार्डधारक भी ई-पॉस बायोमैट्रिक प्रमाणीकरण करते हुए तत्समय ही अपने राशनकार्ड का अनुमन्य खाद्यान्न नियमानुसार उचित दर विक्रेता से प्राप्त करें।

उन्होंने कहा कि यदि बायोमैट्रिक प्रमाणीकरण/अंगूठा लगवाने के पश्चात तुरन्त खाद्यान्न वितरित नहीं किया जाता है तो उन उचित दर विक्रेताओं के विरूद्ध कठोर कार्यवाही अमल में लाई जायेगा।

# समाज सेवी का गांव में मनाया गया जन्मदिन जनप्रतिनिधियों ने केक काटकर सामाज सेवी का जताया आभार

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर जिले के अमौली ब्लॉक के बलिया बाग मजरे पांडेपुर में गांव में मनाया गया समाज सेवी का जन्मदिन जनप्रतिनिधियों ने केक काटकर समाजसेवी के कार्यों की किया सराहना ग्रामीणों ने सैकड़ो की संख्या में पहुंचकर जन्मदिन कार्यक्रम में शुभकामनाएं देते हुए उनके द्वारा समाज में किए गए कार्यों के लिए समाजसेवी को धन्यवाद दिया महानगर में रहकर भी गांव में आकर गरीब ब्राह्मण के बीच समाजसेवी के जन्मदिन को मनाने के कार्य पर लोगों में चर्चा रही कि आज के समय में कोई ग्रामीणों के साथ भव्य कार्यक्रम करते हुए अपना जन्मदिन नहीं मानता लेकिन समाजसेवी द्वारा गांव के लोगों के साथ जन्मदिन मनाने की चर्चा जोरों पर रही।

अमोली ब्लाक के बलिया बाग मजरे पांडेपुर गांव में जश्न का माहौल देखने को मिला और ग्रामीणों में समाजसेवी के जन्मदिन को लेकर अलग ही उत्साह देखने को मिला फतेहपुर जिले के दामोदरपुर के रहने वाले शोएब पटेल कानपुर नगर में समाज सेवा का काम करते हैं वही उनके जन्मदिन को मानने को लेकर बलिया बाग में 545 ईंट मार्का मालिक कुलदीप यादव ने अपने भट्टे में कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया। जिसमें कैबिनेट मंत्री राकेश सचान की पत्नी सीमा सचान, पूर्व सदर विधायक विक्रम सिंह, पूर्व बिंदकी विधायक करण पटेल ने क्षेत्र से आये साईं प्रोग्राम में जनता के साथ केक काटते हुए जन्मदिन मनाया गया समाजसेवी के जन्मदिन पर पहुंचे



भाजपा के वरिष्ठ नेता व सदर विधायक विक्रम सिंह ने कहां की समाज की सेवा करने वाले और समाज को नई दिशा देने वाले समाजसेवियों का हमेशा सम्मान होना चाहिए भाजपा सरकार में शहीदों और समाजसेवियों को भरपूर सम्मान मिला है पहले की सरकारों में यह नहीं होता था समाजसेवी शोएब पटेल कानपुर परिक्षेत्र सहित फतेहपुर में गरीब जनता की सेवा करते हुए समाज सेवा कर रहे हैं वहीं उन्होंने कहा कि समाजसेवी का जन्मदिन मनाने का बड़ा दिल रखने वाले कुलदीप यादव जी भी बधाई की पात्र है जिन्होंने बड़ा दिल रखते हुए ऐसे सामाजिक कार्य करते हुए समाज की सेवा करने वाले समाज सेवायों का जन्मदिन मनाया कानपुर महानगर से चलकर आई कैबिनेट मंत्री राकेश सचान की पत्नी सीमा सचान ने कहा कि कानपुर नगर सहित फतेहपुर में समाजसेवी शोएब पटेल ने गरीबों की सेवा करते हुए जो सामाजिक कार्य किया वह हमेशा सराहनीय रहेंगे। सभी जनप्रतिनिधियों ने के काटते हुए 545 ईंट मार्का भट्ठे में संयोजक कुलदीप सिंह यादव की नेतृत्व में इस कार्यक्रम को संपन्न कराया आए हुए सभी ग्रामीणों के लिए प्रतिभोज कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्र के हजारों की संख्या में पहुंचे ग्रामीणों ने भोजन ग्रहण किया आए हुए सभी सम्मानित जनता का अभिवादन करते हुए जन्मदिन के संयोजक कुलदीप सिंह यादव ने सभी का आभार व्यक्त किया और जनप्रतिनिधियों को फूल माला पहनकर उनका स्वागत किया।

समाजसेवी शोएब पटेल के जन्मदिन के कार्यक्रम में प्रमुख रूप से कुलदीप यादव चंद्रजीत यादव राम प्रकाश मेवालाल हरिश्चंद्र सिंह राज नारायण वरिष्ठ जनों सहित हजारों की संख्या में आसपास के गांव से लोग सम्मिलित हुए।

# जिला सहायक आयुक्त स्काउट अश्वनी जैन ने किया पंच दिवसीय तृतीय सोपान जांच शिविर का शुभारंभ

**दैनिक समाज जागरण**

सिरसागंज। जिला स्काउट और गाइड, उत्तर प्रदेश, संस्था फिरोजाबाद के तत्वाधान में स्काउट और गाइड के तृतीय सोपान जांच शिविर का शुभारंभ गिरधारी इंटर कॉलेज, सिरसागंज में जिला सहायक आयुक्त स्काउट, फिरोजाबाद अश्वनी कुमार जैन एवं प्रभारी प्रधानाचार्य शिव कान्त त्रिपाठी ने ध्वजारोहण के द्वारा किया।



अश्वनी कुमार जैन ने सभी स्काउट के छात्रों एवं गाइड की छात्राओं को स्काउट की जानकारी प्रदान करते हुए उन्हें सेवा एवं समर्पण भाव से कार्य करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं प्रदान करते हुए राज्य एवं राष्ट्र स्तर पर प्रतिभाग करने की जानकारी साझा की। एलओसी स्काउट एवं जिला आयुक्त प्रशिक्षण कोमल सिंह यादव एवं एलओसी गाइड सपना वर्मा द्वारा शिविर के विद्यार्थियों को स्काउट से सम्बंधित प्रशिक्षण प्रदान किया गया। जिससे विद्यार्थियों में स्काउट एवं गाइड के प्रति रोचकता प्रदर्शित हुई। कोमल सिंह यादव ने बताया कि यह शिविर 25 सितम्बर से प्रारम्भ होकर 29 सितम्बर तक चलेगा। इस शिविर में गिरधारी इंटर कॉलेज, श्री एम डी जैन इंटर कॉलेज, कोमल स्काउट ओपन दल, शिकोहाबाद, क्षेत्रीय इंटर कॉलेज, भारतीय इंटर कॉलेज धातरी, जूनियर हाईस्कूल उरमुरा, पाली इंटर कॉलेज शिकोहाबाद, आर्य जनता इंटर कॉलेज पैगू, नटखट स्काउट दल शिकोहाबाद के 131 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। शिवकान्त त्रिपाठी ने शिविर के सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन स्काउट मास्टर प्रभारी संतोष कुमार पाल ने किया। इस अवसर पर अतर सिंह राजपूत, भास्कर आर्य, ध्रुव कान्त झा, अंजू यादव, साधना कुलश्रेष्ठ, सोमवीर सिंह, जय किशन, संजय सिंह, संजीव कुमार, सत्यवीर सिंह, मनीष कुमार, संजय पांडेय, दीपक गुप्ता, कुलदीप सिंह आदि समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

# सत्याग्रह आंदोलन की तैयारी हुई सम्पूर्ण

*2 अक्टूबर से बजेगा सत्याग्रह आंदोलन का बिगुल*

*अनिश्चित कालीन चलेगा सत्याग्रह आंदोलन*

*सत्याग्रह आंदोलन की होगी सुरुवात नरैनी चौराहे से*

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर बुंदेलखंड राष्ट्र समिति के केंद्रीय अध्यक्ष प्रवीण पाण्डेय नें बताया की गाजीपुर, सरकी, बावरा, लक्षिरामपुर, जागेश्वर धाम चौराहा, झब्बापुर, बुधरामऊ, बेसड़ी, बेरूई, अंदमऊ, बेसड़ी,प्रेम मऊ कटरा, असोथर, झाल, जरौली, सरकंडी, मनावा, घासीपुर , बड़वा, नरैनी, रायपुर भसरौल, मोगरिहापुर,



लोधौरा, बरौली, जगतपुर, बहेरा, बरैची, सेलरहा, सीठियानी, विजयीपुर आदि गांव तीन दसको से अन्तिम पायदान पर खड़े है ' ये गांव बदहाल मार्ग के कारण आए दिन दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्र बन गया है ' इस राज्य मार्ग के निर्माण हेतु महात्मा गांधी की जयंती से अनिश्चित कालीन सत्याग्रह गाजीपुर विजयीपुर मार्ग निर्माण हेतु नरैनी चौराहे मे किया जायेगा '

सडक संघर्ष समिति के संयोजक धर्मेंद्र दीक्षित नें जानकारी देते हुए बताया की सत्याग्रह शब्द संस्कृत के शब्द सत्य से बना है जिसका अर्थ है सत्य और अग्राह का आग्रह", या "दृढ़ता से पकड़ना")। सत्य का अर्थ है प्रेम, और आग्रह का अर्थ है बल, और संस्कृत नाम से पता चलता है कि यह सत्य और प्रेम (गैर) से उत्पन्न एक शक्ति है -हिंसा) सडक संघर्ष समिति के संयोजक धर्मेंद्र दीक्षित, बुंदेलखंड राष्ट्र समिति के केंद्रीय अध्यक्ष प्रवीण पाण्डेय,गंगा समग्र के संयोजक राम प्रसाद विस्वकर्मा, राष्ट्रीय हिन्दू वाहिनी के अध्यक्ष शिवम मिश्रा प्रियम, मिशन मोदी के अध्यक्ष अवधेश मिश्र, हिन्दू एकता संघ के अध्यक्ष जनार्दन त्रिपाठी, अनिल त्रिपाठी, शैलेश विश्वकर्मा, सदाशिव विश्वकर्मा, आर्यन माथुर, अमन दीक्षित आदि रहे '

# तमंचा बनाने की फैक्ट्री पकड़ी आठ तमंचा कारतूस बरामद

**समाज जागरण -बृजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। थाना दक्षिण पुलिस ने अवैध हथियार बनाने की फैक्ट्री पकड़ी है। पुलिस ने हथियार बनाते एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने वहां से आधा दर्जन से अधिक तमंचे कारतूस तथा हथियार बनाने के उपकरण बरामद किए हैं। प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र शर्मा वरिष्ठ उपनिरीक्षक निरीक्षक गौरव कुमार उप निरीक्षक सतीश चंद्र हेड कांस्टेबल होरीलाल देवेंद्र कुमार तथा सिपाही पंकज कुमार वाहनों कीचेकिंग कर रहे थे। उसी दौरान उन्हें मुखबिर ने सूचना दी किअवैध हथियार बनाने की फैक्ट्री चल रही है। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई कर कन्हैया नगर वॉटर पार्क के पास



मुखबिर द्वारा बताए गए स्थान पर दबिश दी। तो पुलिस को देख वहां मौजूद एक युवक भागने लगा। पुलिसकर्मियों ने उसे भाग कर पकड़ लिया। वहां अवैध तमंचे बनाने की फैक्ट्री चल रही थी। पुलिस ने वहां से 6 तमंचा 315 बोर दो कारतूस 315 बोर दो तमंचा 12 बोर एक कारतूस 12 बोर बरामद किया है। पुलिस ने पकड़े गए युवक नाम प्रेमवीर यादव पुत्र वेद प्रकाश निवासी बाजिदपुर का रहने वाला है।

एसएसपी आशीष तिवारी ने बताया इनका एक गैंग है। अन्य साथियों की तलाश की जा रही है। आने वाले चुनाव के दौरान पुलिस की अवैध हथियारों को लेकर विशेष निगाह रहेगी। पुलिस दल को ₹10000 का इनाम दिया गया है।

# नगर में गणेश विसर्जन की रही धूम।

*यमुना निगरानी समिति के सदस्यों की देखरेख में प्रशासन द्वारा बनाए गए कुंड में किया जा रहा है प्रतिमाओं का विसर्जन।*

**दैनिक समाज जागरण**

फिरोजाबाद। सोमवार को नगर में गणेश विसर्जन को लेकर प्रशासनिक व्यवस्था के अंतर्गत यमुना नदी को प्रदूषण से बचाने एवं जनहानि रोकने के लिए मारुति नंदन पसीना वाले हनुमान जी के निकट एक कुंड का निर्माण किया गया जिसे यमुना जल से भरवाया गया। नगर निगम के मुकेश अग्रवाल के नेतृत्व में कुंड की चारों तरफ से वेरिफिकेशन कराई गई और दसी कराकर किनारो पर खड़े होने एवं प्रशासनिक अधिकारी हैं और पुलिस के लोगों तथा निगरानी समिति के पदाधिकारी के बैठने के लिए पर्याप्त स्थान बनाया गया। आज नगर के लगभग दो दर्जन लोगों ने यमुना निगरानी समिति की सदस्य एवं नारी सशक्तिकरण संस्था के अध्यक्ष डॉ श्रीमती दुर्गेश यादव चाइल्ड फंड इंडिया दिशा संस्था की कोऑर्डिनेटर श्रीमती अनुपम शर्मा, वरिष्ठ समाजसेवी का श्रीमती रमा भदोरिया, श्रीमती पूनम चौहान वरिष्ठ भाजपा नेता एवं प्रधानाचार्य भगवान दास शंखवार कन्हैया तिवारी के नेतृत्व



पर्यावरण की रक्षा ही सामाजिक सुरक्षा के नारे के साथ भगवान गणेश की प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। समिति के सदस्यों ने लोगों को पर्यावरण बचाने के लिए यमुना नदी में विसर्जन ना करके यमुना जल से युक्त कुंड में ही विसर्जन करने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर श्री राम प्रकाश झा नेताजी,डॉ शिव ओझा, तुलसी शर्मा, वंदना शंखवार, श्रीदेवी, मोहिनी, रानीदेवी, रोशनी, हिरदेश शंखवार, सुलेखा देवी,गुड्डी देवी, सरोज देवी, गीता देवी राठौर, ब्रह्मा देवी राठौर सहित तमाम ग्रीन ब्रिगेड की महिलाएं मोर्चा संभाले हुई थी।

# स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत किए गए विभिन्न कार्यक्रम

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

आज दिनांक आज दिनांक 25.9.2023 को जिला गंगा समिति फतेहपुर के तहत ओ पी यादव इंटर कॉलेज बिलंदा फतेहपुर में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत स्वच्छता संगोष्ठी एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें जिला परियोजना अधिकारी जिला गंगा समिति फतेहपुर ज्ञान प्रकाश तिवारी जी ने स्वच्छता गोष्ठी में बच्चों के साथ वातार्लाप करके साफ सफाई पर चर्चा की तथा नदियों व अपने आसपास सफाई रखने के लिए बताया साथ में उपस्थित प्रधानाचार्य अवधेश प्रताप सिंह यादव जी द्वारा अपने आसपास के वातावरण को शुद्ध साफ सुथरा रखने हेतु प्रेरित किया इस मौके पर कॉलेज के अध्यापक श्री अखिलेश श्रीवास्तव जी श्री राम सूरत मौर्य जी श्री मुलायम सिंह यादव जी श्री चंद्र प्रकाश विश्वकर्मा जी मोहम्मद माहरूफ जी, रोहित यादव जी तथा स्पेयर हेड टीम के लीडर रामू मिश्रा राम प्रकाश जी सहित विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा

## एन एस एस वॉलिंटियर द्वारा विभिन्न कार्यक्रम किए आयोजित।

**समाज जागरण – बृजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। नगर के दाऊ दयाल महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ' एन. एस. एस. वालंटियर द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया ' कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रीय सेवा योजना लक्ष्य उठो समाज के लिए उठे उठे गीत सौम्या,



ज्योति ,काजल गौरी द्वारा प्रस्तुत किया गया' दीप्ति ने अपने स्पीच में एन एस एस के उद्देश्यों और कार्यों को बताया' कार्यक्रम की अगली श्रृंखला में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत वॉलिंटियर्स आरती, प्रीति, चांदनी ,हर्षिता ,मधु ज्योति, सौम्या, काजल, गौरी, शेफाली, दीप्ति, कनुषा ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वच्छता को लेकर समाज पर कटाक्ष किया' कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. रेनू वर्मा ने छात्राओं को स्वच्छता के बारे में बताते हुए कहा कि स्वच्छता की शुरूआत स्वयं से शुरू होकर परिवार, गांव ,नगर, देश तक पहुंचता है' आज के कार्यक्रम में प्रो. प्रीति अग्रवाल, प्रो.विनीत गुप्ता , प्रो. प्रेमलता, डॉ छाया बाजपेई ,डॉ ज्योति अग्रवाल ,डॉ शमा बी,डॉ शारदा, प्रिया ,डॉ नूतन ,डॉ माधवी,संध्या, विनीत आदि उपस्थित रहे 'आज के कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ शिप्रा सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन शालिनी मिश्रा द्वारा किया गया'

# परिवार की महिला ने ही रिश्तेदारों के साथ मिलकर दिया लूट को अंजाम, तीन गिरफ्तार

**लूट के रास्ते में जो भी आता उसकी हत्या हो सकती थी**

**फिरोजाबाद। लूट का प्लान बनाते समय यह भी तय किया गया किसी ने विरोध किया तो उसकी हत्या भी कर दी जाएगी। वह तो अच्छा रहा उसे समय कोई नहीं आया अन्यथा किसी की हत्या भी हो सकती थी।**

**स्वाती ने ₹400000 के गिरवी रखे जेवर छुड़ाएं**

**फिरोजाबाद। लूट के पैसों में स्वामी ने चार लाख रुपए के गिरवी रखे गए अपने जेवर छुड़ाएं। वही वैभव अभिषेक ने अपनी बुलेट मोटरसाइकिल की किस्त जमा की।**

**लूट के रूपों का मथुरा वृंदावन में किया बटवारा**

**फिरोजाबाद। लूट के रुपयो का लुटेरे ने मथुरा वृंदावन में बंटवारा किया। वहां से राकेश तथा अन्य साथी को दिल्ली भेज दिया। पुलिस ने वैभव अभिषेक को गिरफ्तार कर लिया।**

**वैभव शातिर अपराधी है**

**फिरोजाबाद। वैभव शातिर बदमाश है। उसने अपनी दादी की हत्या कर शव को जला दिया था। उसका मुरादाबाद में मुकदमा दर्ज है।**

**पुलिस दल को ₹25000 का इनाम**

**फिरोजाबाद। एसएसपी आशीष तिवारी ने बताया थाना उत्तर रामगढ़ एसओजी व सर्वलान्स टीम ने लूट की घटना का खुलासा कर सराहनीय कार्य किया है। एसपी ने टीम को ₹25000 इनाम दिया है।**

**समाज जागरण -बृजमोहन सिंह**



फिरोजाबाद। थाना उत्तर क्षेत्र में तीन दिन पूर्व हुई लाखों रुपए की लूट परिवार की ही महिला ने रिश्तेदारों तथा उसके साथियों के साथ मिलकर की। पुलिस ने महिला तथा उसके दर रिश्तेदारों को गिरफ्तार कर लिया। बौद्धआश्रम रोड निवासी चूड़ी व्यवसायी राहुल गुप्ता के यहां 43 लख रुपए की लूट हुई थी। लूट की घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी। पुलिस विभाग में भी हड़कम्प मच गया। राहुल गुप्ता ने अपने मौसी के लड़कों वैभव व अभिषेक पर शक व्यक्त करते हुए मुकदमा दर्ज कराया। एसएसपीआशीष तिवारी ने तीन टीमें गठित कर लूट की घटना का खुलासा करने के निर्देश। पुलिस की टीमें लुटेरो तक पहुंचने के प्रयास में जुट गई। जैसे-जैसे पुलिस तहकीकात कर दी गई लूट की घटना स्वत खुलती चली गई। पुलिस की रडार पर राहुल की पत्नी स्वाति आई। पुलिस ने उससे पूछताछ की तो सारी परतें खुलती चली गई। पुलिस ने वैभव तथा उसके भाई अभिषेक को भी गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके पास से 24 लाख ₹4000 बरामद किया है। मामले में पुलिस को अभी दो लोगों की और तलाश है।

राहुल के यहां लाखों रुपए होने का उसके मौसेरे भाइयों को पता था। उन्होंने स्वाति को लालच देकर अपने साथ कर लिया।

बाद में वैभव ने जेल में रहे अपने साथी राकेश तथा एक अन्य को भी शामिल किया। दूसरा व्यक्ति दक्षिण भारत का रहने वाला है।

यह लोग 22 सितंबर को राहुल के घर पर आए। तब तक स्वाती ने अपनी बेटियों को बाहर भेज दिया। उनके आते ही रुपए दे दिए। जाते समय नीचे राहुल की मां मिली। उसने विरोध किया तो उन लोगों ने धक्का मार कर गिरा दिया। बाद में स्वामी ने लूट की घटना बताकर भ्रमित कर दिया। ढशी छोटे भी अपने शरीर पर लगा ली। जिससे लगे बदमाश होने से घायल किया है।

# नशेड़ी बेटे ने माँ बाप के ऊपर किया जानलेवा हमला माँ की हुई मौत बाप की हालत नाजुक

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर जिले में नशेड़ी बेटे ने मां-बाप पर चारा काटने वाले गड़ासे से हमला कर दिया। इसमें मां की मौके पर ही मौत हो गई जबकि पिता गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल पिता को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। जहाँ उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। घटना के बाद भाग रहे आरोपी कलयुगी बेटा को पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से दौड़ाकर पकड़ लिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

वीओ - फतेहपुर जिले के सदर कोतवाली क्षेत्र के रहने वाले 45 वर्षीय ननकू शहर के तुराब अली पुरवा इलाके में अपने परिवार के साथ रहते हैं। ननकू बीती शाम अपने परिवार के साथ खाना खाने के बाद सो गए ननकू से कुछ दूरी पर उनकी 40 वर्षीय पत्नी जमुना देवी भी सोई हुई थी। आज तड़के जब शारे लोग गहरी नींद में सोये हुए थे उसी समय ननकू के इकलौते बेटे महेश ने चारा काटने वाले गडासे से अपनी माँ और पिता के ऊपर हमला बोल दिया। अचानक हुए इस हमले में माँ जमुना देवी की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि पिता ननकू की हालत गंभीर बनी हुई है जिन्हे इलाज के लिए जिला अस्पताल मे भर्ती कराया गया है। इस मामले में सबसे खास बात यह है कि माँ बाप पर हमला करने वाला चार बहनों में महेश अपने माता पिता का इकलौता बेटा था। और इसके लालन पालन में माँ बाप ने कोई कसर बाकी नहीं छोडी थी। लेकिन गलत आदतों का शिकार महेश नशे का लती हो गया था जिसका उसके माता पिता इलाज करवा रहे थे बताया जाता है कि आज उसे फिर डाक्टर के पास दिखाने जाना था। जिसके चलते महेश अपने परिवार वालों से नाराज था और आज तड़के उसने इस दर्दनाक वारदात को अंजाम दे दिया। पुलिस ने आरोपी नशेड़ी बेटे को गिरफ्तार करने के साथ ही आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

वहीं एएसपी विजय शंकर मिश्र ने बताया बताया की थाना कोतवाली नगर अंतर्गत तुराबअली के पुरवा में 24 सितंबर की रात में एक मानसिक रूप से बीमार युवक के द्वारा अपने मां और पिता के ऊपर धारदार हथियार से प्रहार कर घायल कर दिया गया था। जिसमें मां की मौके पर मृत्यु हो गई और पिता का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। शव को पंचायतनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। अभियोग पंजीकृत किया गया आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है मौके पर शांति व्यवस्था कायम है।

# इटवा में मानक विहीन विद्युत कनेक्शनों की भरमार

**दैनिक समाज जागरण सुनील श्रीवास्तव**

सिद्धार्थनगर। जिले के इटवा तहसील मुख्यालय पर स्थित विद्युत विभाग आये दिन किसी न किसी कारनामें को लेकर सुर्खियों में रहता है। इन दिनों विद्युत विभाग इटवा अपने अधिकारियों कर्मचारियों की मनमानी रवैया से मानक विहीन लाइट कनेक्शन देने में अव्वल साबित हो रहा हैं। मिली जानकारी के अनुसार इटवा तहसील के पीछे विद्युत पोल से करीब 60 से 70 मीटर की दूरी पर कनेक्शन दिया गया है। जबकि विद्युत विभाग का नियम है कि कनेक्शनधारियों को 40 से 42 मीटर की दूरी पर ही कनेक्शन दिया जा सकता है। लेकिन विद्युत विभाग, पावर हाउस इटवा के तंत्रों ने विभागीय नियम को ताख पर रखकर मानक के विपरीत लाइट कनेक्शन दे दिया है। विद्युत विभाग के तंत्रों की यह मनमानी रवैया बड़े ही आसानी से कभी भी देखा जा सकता है। सबसे अफसोस की बात यह है कि मानक विहीन कनेक्शन देने की वजह से विद्युत तार कहीं पर टूट जाए और उससे कोई अनहोनी हो जाए तो उसका जिम्मेदार कौन होगा। ऐसे में विद्युत विभाग के लोग मानक को लेकर अनभिज्ञ व अंजान बन जाएंगे और उसका खामियाजा कनेक्शनधारी को भुगतना पड़ेगा। भरोसेमंद सूत्रों की माने तो विद्युत विभाग इटवा के कर्मचारी सुविधा शुल्क की दम पर नियम कानून को कुछ नहीं समझते हैं। जबकि सूत्र बताते हैं कि इटवा में दूरी के मायने में मानक के विपरीत अनगिनत विद्युत कनेक्शन दिया गया है।

इस संबंध में एक्सेन डुमरियागंज ने कहा जांच करने पर ऐसा पाया गया तो जरूर कार्रवाई की जाएगी

# पिछली वर्ष की भांति होंगे सभी आयोजना-नगर मजिस्ट्रेट

*धूमधाम से होगा श्री रामलीला महोत्सव तदर्थ प्रशासनिक मेला कमेटी की हुई बैठक।*

**समाज जागरण – बृजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। जिलाधिकारी डा0 उज्ज्वल कुमार के निर्देशन में गठित तदर्थ प्रशासनिक, श्री सनातन धर्म रामलीला महोत्सव समिति की बैठक सोमवार को नगर मजिस्ट्रेट संगीता गौतम की अध्यक्षता में समिति के सभी पदाधिकारियों के साथ सम्पन्न हुई। बैठक में विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी रामलीला मंचन के सभी कार्यक्रम धूमधाम से आयोजित किए जाएगें। इस वर्ष हिन्दी पंचाग के अनुसार सम्वत 2080 के अनुसार 7 अक्टूबर से रामलीला महोत्सव के कार्यक्रम प्रारम्भ होंगे, जिसमें श्री गणेश पूजन राधाकिशन जी मन्दिर, श्री रामावतार भरत लक्ष्मण शत्रुधन जन्मोत्सव ताडिकावध, जनकपुर में आगमन, पुष्प वाटिका में जानकी जी का गौरीपूजन परशुराम सम्वाद, श्री रामवारात, जानकी जी का विवाह महोत्सव, राम हनुमान मिलन, लंका दहन, रावणवध भरत मिलाप, श्री राम का राज्याभिषेक आदि लीलाओं का मंचन किया जाएगा। बैठक के दौरान नगर मजिस्ट्रेट ने रामलीला महोत्सव को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए तदर्थ मेला कमेटी के सभी पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित कर रामलीला महोत्सव को विगत वर्षों की भांति धूमधाम से आयोजन करने पर विस्तार से चर्चा की।

बैठक में तदर्थ समिति द्वारा दिनांक-07.10.2023 से 27.10.2023 तक रामलीला मंचन के सम्बन्ध मे किये जाने वाले कार्यक्रमों, व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में चर्चा की



गयी। बैठक में उपस्थित समाजसेवी सदस्यों द्वारा अवगत कराया गया कि रामलीला भवन की रंगाई पुताई की आवश्यकता है। रामलीला आयोजन हेतु जानकी बाजार व राम बाजार में विद्युत व्यवस्था हेतु 02 अस्थाई कनेक्शन की आवश्यकता होती है जो अधिशासी अभियन्ता नगरीय विद्युत वितरण खण्ड फिरोजाबाद के यहॉ नियमानुसार आवेदन कर प्राप्त किये जायेगे तथा विद्युत सुरक्षा निदेशालय, आगरा से रामलीला आयोजन हेतु की गयी विद्युत वायरिंग की अनापत्ति प्रमाण पत्र भी प्राप्त किया जाये। यह भी अवगत कराया गया कि जब बिजली की कटौती होती उस समय इमरजेन्सी के लिए 02 जनरेटर (60केवीए व 7केवीए) की व्यवस्था की जाती है। रामलीला मंच पर टैण्ट व बॉस बल्ली की व्यवस्था की जानी है। रामलीला कार्यक्रम में डोलो की व्यवस्था की जानी है। रामलीला में 07 पात्रों के लिए भोजन व्यवस्था की जानी है। रामलीला में जाल व डेकोरेशन की व्यवस्था तथा लीला के अनुसार सजावट की व्यवस्था करना। साउण्ड की व्यवस्था। व्यवस्थापकों की व्यवस्था करना साफ-सफाई मंच आदि का निर्माण हेतु। बैण्ड की व्यवस्था रामलीला की शुरूआत से अंत की जानी है। पोस्टकार्ड व लिफाफे की प्रिन्टिंग। पुतलो का निर्माण तथा अतिशबाजी की व्यवस्था। पूजा सामिग्री व श्रृंगार सामिग्री की व्यवस्था। इस वर्ष रामबारात में 30 से 35 डोले निकाले जायेंगे। उक्त रामलीला कार्यक्रम को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु शांति व्यवस्था हेतु सम्बन्धित थाना प्रभारी को सूचित किया जाये तथा अधिशासी अभियन्ता नगरीय विद्युत को निर्देशित किया जाये कि राम बारात रूट में आने वाले बिजली के तारो को व्यवस्थित कर लिया जाये एवं शोभायात्रा के दौरान एक सचल दल जिसमे दो अवर अभियन्ता, लाइनमैन, पेट्रोलमैन जिनके साथ आवश्यक उपकरण यथा सीढ़ी आदि सुधारक सामग्री हो, तैनात रहने हेतु अपने स्तर से ड्यूटी लगाना सुनिश्चित करें ताकि राम बारात में शामिल झांकियो के निकलने में किसी भी प्रकार का अवरोध उत्पन्न न हो। इसके अतिरिक्त साफ-सफाई हेतु नगर निगम, अग्नि सुरक्षा हेतु अग्निशमन विभाग तथा चिकित्सा की व्यवस्था हेतु डाक्टरर्स की एक टीम मय एम्बुलेन्स हेतु मुख्य चिकित्साधिकारी से अपेक्षा की जाये।

बैठक के दौरान तदर्थ प्रशासनिक रामलीला महोत्सव कमेटी के सभी पदाधिकारी पुष्कर मिश्रा, तहसीलदार सदर/मेला अधिकारी, सुखदेव वर्मा, ज्येष्ठ लेखा परीक्षक, कार्यालय जिला लेखा परीक्षा अधिकारी, हिरदेश राजौरिया, रोकड़िया कोषागार, दयाशंकर, जिला सूचना अधिकारी, श्याम सिंह यादव, समाजसेवी सदस्य, पं0 मुन्नालाल शास्त्री समाजसेवी सदस्य, विजय कुशवाहा, समाजसेवी सदस्य, नीतेश अग्रवाल, समाजसेवी सदस्य, हरिओम, समाजसेवी सदस्य, प्रफुल्लित कुमार पाराशर, समाजसेवी सदस्य, अनूप कुमार झा, समाजसेवी सदस्य, राकेश अग्रवाल समाजसेवी सदस्य उपस्थित रहें।

# इंटरनेशनल ट्रेड शो से यूपी के हस्तशिल्प उद्योग को लगे पंख




ग्रेटर नोएडा, 25 सितंबर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का प्रदेश के हस्तशिल्प और लघु उद्योगों को अंतरराष्ट्रीय फलक पर पहचान दिलाने का संकल्प यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2023 के जरिए पहले ही प्रयास में फलीभूत हो गया है। इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में 21 से 25 सितंबर तक आयोजित हुए इंटरनेशनल ट्रेड शो का सोमवार को समापन हो गया। पांच दिन तक चले ट्रेड शो में तीन लाख से भी ज्यादा लोग खरीदारी के लिए पहुंचे। उपभोक्ताओं का सबसे ज्यादा फोकस प्रदेश के हस्तशिल्प, गारमेंट और इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों को लेकर देखने को मिला। वहीं सबसे खास बात ये रही कि 75 हजार से ज्यादा बी2बी एक्सपोर्ट ऑर्डर भी एग्जीबिटर्स को प्राप्त हुए।


### ट्रेड शो में 60 देशों के 500 विदेशी बायर्स ने लिया हिस्सा

ट्रेड शो में 200 से अधिक स्टॉल लगाए गए थे।

## एग्जीबिटर्स ने सीएम योगी को बोला थैंक्यू


शैली, एग्जीबिटर


तरुण कुमार सिंह, एग्जीबिटर


विकास प्रजापति, एग्जीबिटर


अमीषा, खरीदार

अपने हैंडलूम गारमेंट के साथ ट्रेड शो में पहुंची शैली ने बताया कि इंटरनेशनल ट्रेड शो के जरिए उन्हें अपने उत्पादों को प्रदर्शित करने का बहुत ही बढ़िया मंच मिला। सबसे अच्छी बात ये रही कि उन्हें इंटरनेशनल बायर्स भी बड़ी संख्या में मिले। वहीं गुलाबी मीनाकारी उद्योग से जुड़े नेशनल अवॉर्डी शिल्पकार तरुण कुमार सिंह ने बताया कि पहली बार इतने व्यवस्थित ढंग से उन्हें अपने उत्पादों को प्रदर्शित करने का मौका मिला है। उन्होंने बताया कि अच्छी सेलिंग होने के साथ ही साढ़े चार लाख के करीब ऑर्डर मिले हैं।

वहीं आजगमढ़ से ब्लैक पॉटरी लेकर आए एग्जीबिटर विकास प्रजापति ने भी अच्छी खरीददारी और ऑर्डर मिलने की बात कही।

इसके अलावा ट्रेड शो में पहुंची नई दिल्ली की अमीषा ने बताया कि यहां बहुत ही यूनिक आइटम देखने को मिल रहा है। अमीषा ने हर्बल प्रोडक्ट की खरीदारी की।

इनमें उत्तर प्रदेश के अलग-अलग जिलों से आई करीब 300 महिला उद्यमियों ने भी हिस्सा लिया। जिन महिलाओं ने उत्तर प्रदेश सरकार के उत्तर प्रदेश ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत अपना छोटा व्यापार स्थापित किया है, उन्हें भी यहां पर मौका दिया गया था। ट्रेड शो में 60 देशों के 500 विदेशी बायर्स ने हिस्सा लिया। इन्होंने ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराया। आखिरी दिन उपस्थित अतिथियों में भारत सरकार के एमएसएमई मंत्रालय के केंद्रीय मंत्री नारायण राणे। एमएसएमई मंत्रालय के केंद्रीय राज्य मंत्री भानू प्रताप सिंह वर्मा, उत्तर प्रदेश सरकार के औधोगिक विकास और एक्सपोर्ट प्रमोशन मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी व एमएसएमई और खादी वस्त्र के कैबिनेट मंत्री राकेश सचान मौजूद रहे।

### अबतक का नंबर वन ट्रेड शो साबित हुआ : केंद्रीय मंत्री नारायण राणे

इस अवसर पर भारत सरकार के एमएसएमई मंत्रालय के केंद्रीय मंत्री नारायण राणे ने कहा कि उत्तर प्रदेश का वातावरण देख कर बहुत अधिक प्रसन्नता हो रही है। यह ट्रेड शो अभी तक का नंबर एक ट्रेड शो रहा है, जिसका श्रेय मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी को जाता है। उन्होंने कहा कि जिस तरह प्रदेश में हर क्षेत्र का विकास हो रहा है, वह जल्दी ही सर्वोत्तम प्रदेश बनेगा। 2030 तक हमारा देश को दुनिया की तीसरे नंबर की इकोनॉमी बनाने का लक्ष्य है, जिसे पूरा करने में उत्तर प्रदेश की सबसे बड़ी भूमिका होगी। उन्होंने कहा कि पहले उत्तर प्रदेश के लोग नौकरी के लिए दूसरे राज्यों में जाते थे, लेकिन प्रदेश में जिस तरह विकास हो रहा, उससे यह चीज साफ नजर आती कि अब यूपी के लोगों को अन्य राज्यों में जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी, क्योंकि यहां इंडस्ट्री के लिए बेहतरीन माहौल बन रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री विकास के हर मार्ग पर काम कर रहे हैं।

### हर नये दिन के साथ बढ़ती गई भीड़

यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2023 के पहले दिन 21 सितंबर को अपेक्षाकृत कम भीड़ देखने को मिली, मगर इसके बाद हर नये दिन के साथ लोगों के आने का सिलसिला बढ़ता ही गया। दूसरे दिन 48000 लोग मेले में पहुंचे। वहीं तीसरे दिन मेले में आने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 70 हजार पहुंच गई। इसके बाद चौथे दिन 88 हजार से अधिक जबकि पांचवें और अंतिम दिन संख्या 90 हजार के पार पहुंच गई।

## हस्तशिल्प उत्पादों की हुई जबरदस्त खरीदारी, 75 हजार बी2बी एक्सपोर्ट ऑर्डर भी मिले

*पहले ही प्रयास में सफल हुआ सीएम योगी का यूपी के लघु उद्योगों को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने का संकल्प*

- ग्रेटर नोएडा में यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2023 का हुआ समापन
- पांच दिवसीय इंटरनेशनल ट्रेड शो में पहुंचे तीन लाख से अधिक लोग
- यूपी के अलग अलग जिलों से 300 महिला उद्यमियों ने भी लिया हिस्सा
- इंटरनेशनल ट्रेड शो में 60 देशों के 500 बायर्स भी पहुंचे

### हस्तशिल्प उत्पाद रहे सबका आकर्षण

ट्रेड शो में लोगों की सबसे अधिक भीड़ हॉल नंबर 9, 10, 11, 12, 14 और 15 में हस्तशिल्प उत्पादों के स्टॉल पर रही। लोगों ने कपड़ों की भी जमकर खरीदारी की। प्रदर्शकों ने भी इसका लाभ उठाया और कपड़ों की बिक्री पर छूट भी दी। ट्रेड शो में उत्तर प्रदेश की सामाजिक, सांस्कृतिक विरासत के साथ ही खान-पान, वेश-भूषा, पर्यटन और प्रमुख उत्पादों की झलक देखने को मिली।

### ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनने में मील का पत्थर साबित होगा ट्रेड शो : नंदी

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास और एक्सपोर्ट प्रमोशन मंत्री नंद गोपाल नंदी ने कहा कि उत्तर प्रदेश सर्वोत्तम प्रदेश बनने के लिए अग्रसर है। इसी साल फरवरी में हुए यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में 17 देशों में रोड शो किए, इसका फायदा यह हुआ कि प्रदेश को 36 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। उन्होंने कहा कि यह ट्रेड शो मुख्यमंत्री के सपने, प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनाने में मील का पत्थर साबित होगा। नंदी ने कहा कि प्रदेश न केवल डोमेस्टिक और इंटरनेशनल एयरपोर्ट के मामले में तेजी से आगे बढ़ रहा है, इसी प्रकार एक्सप्रेस वे के मामले में भी देश के अन्य राज्यों से आगे है।

### हर साल होगा आयोजन : राकेश सचान

एमएसएमई और खादी वस्त्र के कैबिनेट मंत्री राकेश सचान ने कहा कि यह ट्रेड शो प्रदेश में निवेश बढ़ाने के लिए मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि जिस तरह इस शो में उत्साह देखने को मिला है, उससे सरकार ने भी उत्साहित होकर हर साल इसका आयोजन किया जाएगा।

## छह ग्राम पंचायतों में ग्राम प्रहरी (चौकीदार) की मौत होने के कारण मृतक ग्राम प्रहरी के परिजनों ने मुख्यमंत्री पोर्टल परिजनों की नियुक्ति को लेकर गुहार लगाई।

अजमल हसन दैनिक समाज जागरण अफजलगढ़

पुलिस अधिनियम 1861 की धारा 47 के मुताबिक ग्राम चौकीदारों पर प्रत्यक्ष पर्यवेक्षण का दायित्व होता है. यानी वो अपने क्षेत्र की निगरानी करता और लोगों पर नजर रखेगा.वह अपने निर्धारित इलाके में अपराध और अपराधियों पर नजर रखेऔर प्राथमिकता के साथ अपराध और अपराधी को रोकने का काम भी करता एक मामला कोतवाली थाना छः पंचायतों के प्रहरी चौकीदार की मौत कई वर्ष बीत गए हैं उनके स्थान पर कोई प्रहरी चौकीदार नही है। प्राप्त जानकारी अनुसार थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में ग्राम प्रहरी (चौकीदार) के पद पर तैनात गांव टांडा बैरागी के इब्ररहीम पुत्र मौहम्मद हुसैन की मृत्यु गांव दुलीचन्दपुर के कल्लू सिंह पुत्र लख्खन सिंह मृत्यु 18.12.2011,गांव रामनगर के अनीस पुत्र पीरू शाह की मृत्यु 12.05.2011, गांव अनवरपुर चंण्डिका के राम सिंह पुत्र सुक्खन सिंह मृत्यु 2010, रामपाल सिंह पुत्र नत्थू सिंह मृत्यु 15.12.2019, निहाल सिंह पुत्र आलमपुर गांवड़ी (पवन्दीपुर) के रामचरन मृत्यु 24.11.2018 जो सभी छह लोगों की मौत हो गई जो स्थानीय थाना कोतवाली पर ग्राम प्रहरी (चौकीदार) पद पर तैनात थे मृतकों के परिजनों ने जिसकी शिकायत उपजिलाधिकारी के माध्यम से जिलाधिकारी अन्य पुलिस विभाग कर अधिकारियों को दे दी थी लेकिन अभी तक कोई तैनाती नही हुई। उक्त गांवो मे चौकीदार तैनात ने होने के कारण पालतु पशुओं की चोरी खेती की चोरी, घरो मे चोरी आदि घटनाएं घटित हो रही हैं मृतक के आश्रितों ने मृतकों के स्थान पर उनके परिजनों को ग्राम प्रहरी पद पर नियुक्ति करने की शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर की है।



## सितंबर ढा रहा सितम बुखार के चलते एक किशोर की मौत। परिजनों में कोहराम मच गया

अजमल हसन दैनिक समाज जागरण अफजलगढ। नगर सहित गांव में बुखार के मामले बढ़ने लगे हैं। एक किशोर को बुखार आने से उसकी मौत हो गई। प्राप्त जानकारी अनुसार नगर के मौहल्ला जैनुल आबेदीन निवासी शफीक अहमद के 12 वर्षीय पुत्र मौहम्मद जबीउल्ला लाम्बा कान्वेंट स्कूल के कक्षा 5 का छात्र था बीते शुक्रवार को उसको तेज बुखार आने पर परिजनों ने उसे काशीपुर स्थित कृष्णा हॉस्पिटल में भर्ती कराया। जहां डेंगू बुखार की पुष्टि होने पर उसकी प्लेटलेट्स लगातार गिरती जा रही थीं हालत में सुधार न होने के कारण परिजनों द्वारा शनिवार को देहरादून के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां 12 वर्षीय किशोर मौहम्मद जबीउल्ला कि रविवार को शाम देर शाम मौत हो जाना के कारण परिजनों में कोहराम मच गया। मृत्यु किशोर के पिता सऊदी अरब में कार्यरत हैं पुत्र के मौत की खबर सुनते ही वह सऊदी अरब से रवाना हो गए हैं सोमवार को अपराह्न 3:00 बजे पहुंचे असर नमाज के बाद किशोर का दफीना कर दिया गया ।क्षेत्र में डेंगू बुखार ने तेजी से पांव पसारने शुरू कर दिए हैं डेंगू बुखार का प्रकोप बढ़ता ही जा रहा है थमने का नाम नहीं ले रहा है क्षेत्र के ग्राम मानियवाला में मौहम्मद समीर अंसारी 18 वर्ष, नसीम अहमद सलमानी 12 वर्ष, आदि लगभग एक दर्जन लोग तेज बुखार की चपेट में है जिसको लेकर डेंगू बुखार की दहशत में क्षेत्र वासियों का रुझान सरकारी अस्पतालों के बदले प्राइवेट चिकित्सकों एवं प्राइवेट नर्सिंग होम की तरफ बढ़ता जा रहा है। प्रशासन ने यदि शीघ्र ही डेंगू बुखार पर नियंत्रण न किया तो यह महामारी का रूप भी ले सकता है।



## पंडित दीनदयाल उपाध्याय द्वारा दिये अन्त्योदय के मंत्र पर कार्य कर रही सरकार

ब्यूरो शमीम अहमद सिद्दीकी दैनिक समाज जागरण

बिजनौर नजीबाबाद/ पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर दी भावभीनी श्रद्धांजलि जनसंघ के संस्थापक एकात्म मानवतावाद एवं अंत्योदय के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती बहुत ही श्रद्धा भाव के साथ बनाई गई भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष मोनिका रुस्तम यादव ने मोहल्ला मकबरा,मौ जाब्तागंज में नगर पालिका परिषद की पूर्व अध्यक्ष प्रत्याशी ज्योति राजपूत एवं सभासद इंदु राजपूत के साथ कई स्थानों पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती पर उपस्थित कार्यकताओं एवं महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का सपना सबको साथ लेकर विकास की पंक्ति में सबसे पीछे खड़े व्यक्ति तक सरकार के लाभ को पहुंचाना एवं देश के प्रत्येक नागरिक को बराबरी का दर्जा दिलाना था सरकार आज सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास के आधार पर कार्य कर रही है वरिष्ठ भाजपा नेता चौधरी ईशम सिंह ने ग्रामीण क्षेत्र के कई बूथों पर जाकर पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती पर कार्यकताओं को संबोधित किया पंडित जी के चित्र के सम्मुख पोस्ट चढ़कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की बूथ नंबर 74 पून्डरी खुर्द में डॉ घनश्याम सिंह राजपूत के आवास पर, बूथ नंबर 88 अतुल त्यागी के लालपुर रघुनाथपुर स्थित आवास पर, बूथ नंबर 110 राजारमपुर तुलसी, 111 मुस्सेपुर राशन डीलर अनीता देवी के आवास पर, बूथ नंबर 106 में राहतपुर में कपिल राजपूत के आवास पर एवं बूथ नंबर 134 विजयपुर के स्वयंभू मोटा महादेव शिव मंदिर धर्मशाला पर आयोजित कार्यक्रम में कार्यकताओं को संबोधित करते हुए विस्तार से पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी द्वारा किए गए कार्यों के विषय में विस्तार बताया इस अवसर पर बड़ी संख्या में कार्यकताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी को पुष्प अर्पित कर अपनी अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा मोनिका रुस्तम यादव, सभासद इन्दू राजपूत, पूर्व प्रत्याशी श्रीमती ज्योति राजपूत, चौधरी ईशम सिंह अरविंद विश्वकर्मा, महामंत्री एडवोकेट अंकित वशिष्ठ, डॉ घनश्याम सिंह, पारुल राजपूत, सूर्यांशु उपाध्याय, अतुल त्यागी, डॉ मयंक चौहान, कपिल राजपूत, नरपाल सिंह, ताजेंद्र सिंह सदस्य क्षेत्र पंचायत, रामेंद्र राजपूत, मोहम्मद शाकिब, पंडित शशि नाथ उपाध्याय, बंटी चौधरी, रिंकू कश्यप, मनोज वर्मा,प्रदीप राजपूत, उदय चौधरी,फरीद अहमद, सुमित गुर्जर, संजीव गुर्जर, संतोष,मोनी,छाया, कुसुम,चित्रा कश्यप, सरिता,कमलेश,विमलेश आदि उपस्थित रहे



## वाछिंत अभियुक्त/एनबीड्ब्ल्यू की गिरफ्तारी

अजमल हसन दैनिक समाज जागरण अफजलगढ़। स्थानीय पुलिस ने वाछिंत अभियुक्त/एनबीड्ब्ल्यू गिरफ्तारी अभियान के अन्तर्गत एक अभियुक्त रियाज पुत्र रियासत हुसैन नि0मौ0 मियांजी मौखा कस्बा व थाना अफजलगढ़ को गैर जमानती वांरटी को गिरफ्तार किया गया। प्राप्त जानकारी अनुसार एनबीडब्लू ,धारा 82-83 सीआरपीसी के बाद वांछित अपराधियो की गिरफतारी तथा पुरुस्कार घोषित अपराधियो की गिरफतारी के अभियान के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन के निर्देशन में एन0बी0डब्लू0 वाद सं0 1991/2019 मुकदमा नं0 788/06 धारा 4/25 आमर्स एक्ट के अंतर्गत थाना शेरकोट में अभियुक्त रियाज पुत्र रियासत हुसैन नि0मौ0 मियांजी मौखा को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उ0नि0 गोपाल सिंह,हे० का० विकास बाबू थे।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय की धूमधाम से जयंती मनाई गई ।

अजमल हसन दैनिक समाज जागरण अफजलगढ सोमवार को नगर मोहल्ला बेगमगंज सराय भाजपा कार्यालय स्थित बूथ संख्या 244 के प्रांगण में आयोजित की गई। जिसमें पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई गई। भाजपा के मंडल अध्यक्ष मुकेश शर्मा उर्फ मुन्ना की अध्यक्षता में पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती मनाई उनके कार्यालय पर उनके चित्र पर माल्यार्पण के पश्चात आयोजित गोष्ठी में पुष्प अर्पित उनके विचारों पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि भाजपा के जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा के नेता खेल सिंह राजपूत ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय एकात्म मानववाद के प्रणेता थे। वे स्वदेशी के बहुत बड़े उपासक थे। उनका कहना था कि भारत के लिए एक स्वदेशी आर्थिक मॉडल विकसित करना अत्यंत महत्वपूर्ण है जिसमें व्यक्ति केंद्र में हो।वह सादगी के प्रतीक थे। वे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की तरह समाज के अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति के उत्थान के पोषक थे।उनके आदर्शों को जीवन में आत्मसात करने की आवश्यकता है। पूर्व एडवोकेट पूर्व चेयरपर्सन सलीम अंसारी,भीम सिंह रावत,वसीम अंसारी बूथ अध्यक्ष मेहर आलम, जावेद सैफी, मुजम्मिल ,मोहसिन सिद्धू ठेकेदार,अफजाल अंसारी,अली हुसैन,अनीस अंसारी सभासद अजीमुशान मुकीम खान सूरी ,हरजीत सिंह उर्फ बबबे, राकेश कर्णवाल ,मोहम्मद अनीस अंसारी आदि मौजूद रहे ।



## मुखबिर सूचना पर 530 ग्राम चरस के साथ एक व्यक्ति को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अजमल हसन दैनिक जागरण अफजलगढ। पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन द्वारा अवैध मादक पदार्थ की बिक्री को रोकने चलायें जा रहा अभियान के अन्तर्गत सीओ भरत सिंह सोनकर निर्देशन में पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर चारपाई बैठ कर चरस बेच रहे एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट तहत मुकदमा दर्ज किया ।प्राप्त जानकारी अनुसार नगर के मोहल्ला नायक सराय निवासी मोहम्मद इदरीस पुत्र अब्दुल रहीम द्वारा चारपाई पर रखकर चरस बेचने की सूचना जैसे ही मुखबिर से प्राप्त हुए पुलिस ने तुरंत छापामारी कर इदरीश के पास 530 ग्राम चरस व इलेक्ट्रॉनिक कांटा तौलने का यन्त्र 430 रुपए के साथ गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर मा न्यायालय समक्ष पेश किया अभियुक्त गिरफ्तार पुलिस टीम में कस्बा इंचार्ज एस आई गोपाल सिंह, विनोद कुमार, विकास बाबू, विजय तोमर मौजूद रहे।



### महिला को करंट लगने से मौत एक साल बच्ची मां को उठाने के लिए रोते बिलखती रही।

अजमल हसन दैनिक समाज जागरण अफजलगढ क्षेत्र में करंट लगने से विवाहित की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि वह पंखा चालू करने के लिए बोर्ड में तार लगा रही थी। तभी उसको करंट लग गया। घटना की जानकारी लगते ही मृतक के परिवार में कोहराम मच गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम सीरबासुचंद निवासी नसीमा खातून ने बताया कि बताया कि उसके पुत्र जरीफुल हसन की पहली पत्नी की तीन वर्ष पूर्व मृत्यु हो गई थी।दो वर्ष पूर्व उसकी दूसरी शादी तबस्सुम जहां 25 वर्ष से हुई थी। उसके एक पुत्री एलिजा एक वर्ष है। दोपहर के लगभग 12 बजे तबस्सुम जहां अपनी पुत्री को लेकर बिजली का तूफान पंखा लगा कर आराम कर रही थी। वह घर के बाहर थी तभी बच्ची ऐलिजा के रोने की आवाज आई तो वह कमरे में गई उसने देखा कि बच्ची चारपाई के नीचे रो रही है तबस्सुम जहां के ऊपर बिजली का पंखा गिरा पड़ा था उसकी चीख निकल गई और चीख सुनकर पड़ोसी कुछ युवक उन्होंने जब पंखा हटाया तो उन्हें भी करंट लगा पंखे को हटाया और बेहोश तबस्सुम को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कासमपुरगढी.ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जरीफुल हसन की पहली पत्नी से दो पुत्री और तीन पुत्र हैं जिसमें से बड़े दो पुत्र बाहर रहकर मेहनत मजदूरी का कार्य करते हैं तथा जरीफुल हसन कपड़ों की फेरी कर अपने परिवार का जीवन यापन करता है।

## कबूतरबाजी के विवाद में हुआ विवाद,युवक गम्भीर घायल

ब्यूरो शमीम अहमद सिद्दीकी दैनिक समाज जागरण

बिजनौर स्योहारा क्षेत्र के ग्राम अमीनाबाद में आज उस समय अफरा तफरी मच गई दो पक्षों में कबूतरबाजी को लेकर बड़ा विवाद हो गया जिसमे एक पक्ष ने दूसरे पक्ष ने दूसरे पक्ष के युवक को मारपीट कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया। ग्राम अमीनाबाद निवासी शकुंतला ने बताया कि आज सुबह उसका पुत्र अरविंद अपनी छत पर अपने कबूतर चुगा रहा था तभी गांव निवासी ओमप्रकाश पुत्र जगत सिंह, रोहित पुत्र ओमप्रकाश, मोहित पुत्र ओमप्रकाश, छत्रपाल पुत्र जगत सिंह व अन्य कई लोगो ने मिलकर कबूतर के विवाद में अरविंद की जबरदस्त पिटाई कर डाली जिसमे अरविंद गम्भीर रूप से घायल हो गया। बताया जा रहा है चोट दोनों पक्षो के लगी है ओर पुलिस ने दोनों पक्षों के मेडिकल के लिए अस्पताल भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी है



आकर्षक ऑफर, मात्र 300 मे लगवाए विज्ञापन

समाज जागरण के दुसरे वर्षगांठ पर आप सभी के लिए आकर्षक ऑफर है। मात्र 300 रुपये मे तीन एडिशन मे लगवाएँ विज्ञापन। 200 रुपये मे समाज जागरण पोर्टल पर।। 1 अक्टुबर से 15 अक्टुबर तक / साइज 3X5 Cm

## फैजगंज बेहटा क्षेत्र में सोते समय बुजुर्ग की गोली मारकर हत्या, क्षेत्र में सनसनी

### एसएसपी ने मौके पर जाकर ली जानकारी, दोषियों पर सख्त कार्रवाई के दिये निर्देश

बिसौली आई एम खान। थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के किशनपुर गांव में बीती रात लगभग डेढ़ बजे 65 वर्षीय बुजुर्ग को सोते वक्त आरोपियों ने गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया। आहट होने पर घर पर कुछ दूरी पर सो रहे भाई ने आरोपियों को ललकारा लेकिन आरोपी फरार होने में कामयाब हो गए। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने लहु-लुहान शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और मृतक के भाई की तहरीर के आधार पर नामजद चार आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। बताते है कि वारदात उस वक्त हुई जब बुजुर्ग रक्षपाल यादव (65 वर्ष) पुत्र हीरालाल बीती रात लगभग डेढ़ बजे अपने घर पर ही चारपाई पर सो रहे थे। इससे पहले वो कुछ समझ पाते कि हमलावरों ने उन पर हमला बोलते हुए गोलियां दाग दी। आहट होने पर मृतक रक्षपाल के भाई महेंद्र सिंह ने हत्यारों को ललकारा और पीछा करने की कोशिश की लेकिन अंधेरे का फायदा उठाते हुए आरोपी फरार हो गए।

वारदात की तहरीर मृतक के भतीजे जितेंद्र यादव ने नामजद करते हुए गांव के ही चार आरोपी बाबूराम, कपूरी सिंह व नन्हें पुत्रगण विद्याराम और विनेश पुत्र दरियाब के खिलाफ दी है। पुलिस ने नामजद आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच और आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। इधर घटना की सूचना के बाद घटनास्थल पर पहुंचे एसएसपी डा. ओमप्रकाश सिंह ने मौके पर जाकर मामले की जानकरी की दोषियों पर सख्त कार्रवाई के दिशा-निर्देश सीओ सुनील कुमार व थानाध्यक्ष फैजगंज बेहटा सिद्धांत शर्मा को दिए है। वहीं पूरी वारदात की वजह रंजिशन बताई जा रही है। हालांकि पुलिस अफसर घटना के हर बिन्दु पर जांच कर रहे है।

# कानपुर का किसान आत्महत्या कांड : आरोपियों की गिरफ्तारी में जल्द सफल हो सकता जेसीपी आनंद प्रकाश का परिश्रम

सुनील बाजपेई
कानपुर। यहां के चकेरी थाना क्षेत्र के बहुत चर्चित किसान बाबू सिंह आत्महत्या कांड में मुख्य आरोपी फरार भाजपा नेता प्रिय रंजन दिवाकर और उसके बाकी आरोपी साथियों की तलाश में नोएडा, मैनपुरी ,आगरा और प्रयागराज ,लखनऊ के साथ ही दिल्ली और जबलपुर मेंप्त भी छापे मारे जा रहे है, जिसके आधार पर पुलिस सूत्रों का दावा है कि भाजपा नेता प्रिय रंजन दिवाकर के साथ ही उसके आरोपी सभी साथी भी बहुत जल्द सलाखों के पीछे होंगे। सातवीं पुलिस में सभी पांचो आरोपियों पर 50-50 हजार का इनाम भी घोषित कर दिया है। इस बीच आशु दिवाकर की पत्नी से चार घंटे पूछताछ भी की गई है। इस बीच और भी जो तैयारियां की गईं हैं। उसके मुताबिक मुख्य आरोपी प्रिय रंजन दिवाकर द्वारा गिरफ्तारी के खिलाफ हाई कोर्ट से स्टे का प्रयास भी किसी भी हालत में सफल नहीं हो पाएगा ,क्योंकि पुलिस इसका विरोध करने में सफलता के लिए पूरी तरह से कटिबद्ध है। उसे समय कोर्ट में मुख्य विवेचन भी मौजूद रहेंगे। साथ ही साथ हीशरण देने वालोंको भी जेल भेजा जाएगा।
पुलिस सूत्रों के मुताबिक इसी आधार पर माना जा रहा है कि न केवल मुख्य आरोपी भाजपा नेता प्रिय रंजन दिवाकर बल्कि उसके दोनों साथी शिवम् सिंह चौहान व बबलू यादव भी गिरफ्तार कर बहुत जल्द जेल भेजे जाएंगे। इसके लिए लखनऊ और आगरा में भी पुलिस टीम शिवम और बबलू यादव की तलाश में जुटी हुई है। इस बीच सर्विलांस के जरिए जो जानकारी और अहम सुराग मिले हैं। वह सभी आरोपियों को जेल की हवा खिलाने के लिए पर्याप्त माने जा रहे हैं। और यदि किसी तरह से कोई भी आरोपी गिरफ्तारी से बचने में सफल हो जाता है तो फिर उनकी संपत्ति को कुर्क किए जाने से कोई भी ताकत नहीं रोक सकती, क्योंकि आरोपियों का पाला कानून और शांति व्यवस्था के पक्ष में अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई का इतिहास रचने वाले देश प्रदेश के कर्तव्यनिष्ठ और ईमानदार आईपीएस अधिकारियों में से एक यहां के जुझारू तेवरों वाले संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून व्यवस्था आनंद प्रकाश तिवारी से पड़ा है। सभी संगीन घटनाओं के सटीक खुलासे के साथ जिनकी अब तक की जुझारू नौकरी का पूरा इतिहास ही इस तरह के आरोपियों को भरपूर सबक सिखाने के सैकड़ों उदाहरणों से भरा पड़ा है। यह भी अवगत कराते चलें कि किसान बाबू सिंह को आत्महत्या के लिए मजबूत करने वाले मुख्य अभियुक्त प्रिय रंजन दिवाकर और उनके अन्य साथियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार सफल प्रयास में जुटी अथक परिश्रमी जॉइंट पुलिस कमिश्नर आनंद प्रकाश तिवारी की पारदर्शिता और निष्पक्षता पूर्ण सक्रियता इस मामले में आरोपी राहुल जैन को दिल्ली से गिरफ्तार करवाने में सफल हो चुकी है। और अब इसी क्रम में किसी भी समय प्रिय रंजन दिवाकर समेत अन्य आरोपियों की भी गिरफ्तारी में सफलता बहुत जल्द मिल सकती है। इन सभी आरोपियों पर किसान बाबू सिंह की करोड़ों की जमीन को धोखाधड़ी से लाखों में खरीदने का आरोप है, जिसकी वजह से ही उसने यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर आत्महत्या कर ली थी। प्रकरण लगातार चर्चा का विषय भी बना हुआ है।

# विमान में बैठ जल विहार करने शहर की सड़कों पर निकले लड्डू गोपाल, एक झलक पाने के लिए जुटी दर्शकों की भीड़

रायसेन। प्रतिवर्ष की भांति इस बार भी डोल ग्यारस के पावन पर्व के उपलक्ष में शहर के विभिन्न मार्गो से भगवान लड्डू गोपाल के विमान की विशाल शोभायात्रा सनातन धर्म प्रेमियों द्वारा धूमधाम के साथ निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में सनातन धर्म प्रेमियों ने भाग लिया शहर के विभिन्न मोहल्ले से विमान निकाले गए जो की गंज बाजार में आकर एकत्रित हुए यहां से विमान की शोभायात्रा प्रारंभ की गई जो कि भोपाल मार्ग होते हुए पुराना थाना कोतवाली श्री राम जानकी मंदिर दुपट्टा बाजार दुर्गा चौक होकर सांची रोड स्थित माता मंदिर चौराहा पहुंची जहां श्री हिंदू सा समिति के पदाधिकारी एवं कार्यकताओं ने शोभायात्रा का पुष्प वर्षा कर जोरदार स्वागत किया। वही शोभा यात्रा का नगर में सनातन धर्म प्रेमियों द्वारा पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया गया और भगवान की आरती उतार कर उनसे आशीर्वाद लिया शहर में शोभा यात्रा को देखने के लिए सड़कों के दोनों तरफ भक्तों की भारी भी जम रही बड़ी संख्या में महिलाओं ने अपने घरों से निकलकर लड्डू गोपाल की एक झलक पाने के लिए दर्शन लाभ लिए एवं पूजा आरती कर धर्म का लाभ उठाया। शोभा यात्रा में शोभा यात्रा में शहर के लगभग एक दर्जन विमान साथ चल रहे थे रामलीला मैदान स्थित प्रजापति समाज संबंधी से भी समाज के नागरिकों ने विमान की शोभा यात्रा निकाली जिसमें



अखाड़ों के कलाकारों का शानदार प्रदर्शन किया गया, कलाकारों ने अपने कर्तव्य दिखाते हुए दर्शकों का मन मोह लिया। इस प्रकार से डोल ग्यारस के पर्व पर शहर में भगवान लड्डू गोपाल की शोभा यात्रा को देखने के लिए भारी तादाद में लोग अपने घरों से निकाल कर बाहर आए और पुष्प वर्षा के साथ शोभा यात्रा का स्वागत करते हुए भगवान लड्डू गोपाल से आशीर्वाद लिया। शोभा यात्रा में शहर के वरिष्ठ समाजसेवी, वरिष्ठ नागरिक एवं धार्मिक संगठनों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता एवं आम सनातन धर्म प्रेमी बड़ी संख्या में शामिल हुए। शोभा यात्रा श्री रामलीला गेट से होकर प्राचीन मिस्त्र तालाब पहुंची जहां देर शाम को भगवान लड्डू गोपाल को जल विहार कराया गया एवं महा आरती का आयोजन किया गया इसके साथ ही धर्म प्रेमियों के लिए प्रसादी का वितरण कार्यक्रम संपन्न हुआ इसके पश्चात भगवान के सभी विमान अपने-अपने स्थान के लिए जलविहार के बाद वापस स्थान पर पहुंचे। शोभा यात्रा में रह रहे मौजूद,,,,, भगवान लड्डू गोपाल की शोभायात्रा के दौरान पंडित दुर्गा प्रसाद शर्मा, श्री हिंदू सह समिति के अध्यक्ष बंटी महेश्वरी, शिवराज सिंह कुशवाह, राजकुमार यादव, पूर्व अध्यक्ष अनिल चौरसिया, पतीराम प्रजापति, कैलाश पहलवान, अशोक रैकवार, प्रकाश पाराशर, अवधेश दीक्षित, शंकर लाल चक्रवर्ती कालूराम प्रजापति लखन लाल, चक्रवर्ती, बंटी चक्रवर्ती, किशन चक्रवर्ती, मदन चक्रवर्ती, राजेश पंथी, मोहन चक्रवर्ती, सीएल गौर सहित शहर के बड़ी संख्या में सनातन धर्म प्रेमी शामिल हुए।

# टीएल बैठक में कलेक्टर श्री दुबे ने की सीएम हेल्पलाईन तथा विभागीय गतिविधियों की समीक्षा

रायसेन। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित टीएल बैठक में कलेक्टर अरविंद दुबे द्वारा समय सीमा वाले शासकीय पत्रों, सीएम हेल्पलाईन तथा शासकीय गतिविधियों और योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। उन्होंने विभागवार सीएम हेल्पलाईन में लंबित शिकायतों की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्धारित समयावधि में संतुष्टिपूर्ण निराकरण कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए।
बैठक में कलेक्टर ने मतदान केन्द्रों में व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि मतदान केन्द्र भवनों का निरीक्षण कर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली जाएं। निरीक्षण के दौरान किसी प्रकार की कमी या समस्या होने पर तत्काल अवगत कराएं। उन्होंने कहा कि जिन विभागों के भवनों में मतदान केन्द्र हैं, वह मतदान केन्द्रों में सभी व्यवस्थाएं उपलब्ध होने संबंधी प्रमाण पत्र उपलब्ध कराएं। यह सुनिश्चित करें कि मतदान केन्द्रों के निरीक्षण के उपरांत ही प्रमाण पत्र जारी किए जाएं।
कलेक्टर श्री दुबे ने कहा कि ईवीएम किस प्रकार ऑपरेट की जाती है, आयोग के दिशा-निर्देश क्या हैं यह सभी नोडल अधिकारियों को मालूम होना चाहिए। निर्वाचन संबंधी कार्यो में कोई त्रुटि ना हो, इसके लिए सभी अधिकारी उन्हें सौंपे गए दायित्वों का पूरी सजगता और निष्ठा से निर्वहन करें। बैठक में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना आवास योजना, मूंग उपार्जन भुगतान, धान पंजीयन सहित अनेक विभागों की गतिविधियों की समीक्षा की गई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंजू भदौरिया, अपर कलेक्टर अभिषेक दुबे, उप जिला निर्वाचन अधिकरी अमृता गर्ग सहित अनेक विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

# प्रतिभा योजना के तहत आवेदन 30 तक

रायसेन। आदिम जाति कल्याण विभाग के माध्यम से क्रियान्वित योजनाओं के तहत प्रतिभा योजना वर्ष 2022-23 के लिए एमपी टॉस्क पोर्टल पर आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 30 सितम्बर नियत की गई है। आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग की जिला संयोजक ने बताया कि जिले के अनुसूचित जनजाति विद्यार्थियों को लाभांवित करने हेतु संचालित प्रतिभा योजना का विकेन्द्रीकरण किया गया है जिसके तहत विद्यार्थियों को प्रोत्साहन राशि का वितरण जिला स्तर से किया जाएगा। प्रतिभा योजना के लिए आवेदन प्रक्रिया निर्धारित की गई है जिसके अनुसार आवेदक को एमपीटॉस्क पोर्टल पर आवेदन अंतिम तिथि तक करना अनिवार्य होगा। जिसके अंतर्गत आवेदक को स्कोर कार्ड इंस्टीटयूट एडमिशन रिसिप्ट अपलोड करना होगा। ऑन लाइन स्वीकृति के लिए डाटा लाभार्थी अपने मूल जिले के जिलाधिकारी के लॉगिग प्रदर्शित होगा। जिला अधिकारी के परीक्षण उपरांत इसे अनुमोदित कर ऑन लाइन स्वीकृति आदेश की प्रक्रिया क्रियान्वित की जाएगी। प्रतिभा योजना ऑन लाइन के पश्चात किसी भी पाठयक्रम के लिए प्रतिभा प्रोत्साहन राशि प्राप्त किए जाने हेतु आफ लाइन वर्ष आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

# बिरसा जनपद हाल में पेशा मास्टर ट्रेनर का प्रशिक्षण का किया गया आयोजन

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बिरसा/बालाघाट।(26 सितम्बर )पेशा मास्टर ट्रेनर का प्रशिक्षण का आयोजन बिरसा जनपद पंचायत हॉल दिया गया जिसमें मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के ट्रेनर्स द्वारा ग्राम पंचायत मोबिलाइजर सचिव रोजगार सहायक एवं ग्राम विकास पशुपालन समिति के अध्यक्ष सचिव और सामाजिक कार्यकर्ता को प्रशिक्षण दिया गया जिसमें पेसा एक्ट क्या है उसकी प्रस्तावना उद्देश्य नियम एवं ग्राम सभा का गठन ग्राम में जाकर सलघट ग्राम में किया गया जिसमें जनअभियान परिषद के जिला समन्वयक सुशील वर्मन एवं विकासखंड समन्वय स्वर्णालता चोपड़ा एवं मेंटोर नवअंकुर उपस्थित थे। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा नवीन पेसा ग्राम सभा गठन के लिए प्रशिक्षण का आयोजन बिरसा जनपद के ग्राम सलघट सेक्टर में



शुरू हुआ।कार्यक्रम का शुभारंभ बिरसा जनपद पंचायत के समन्वयक के द्वारा किया गया जिसमे उन्होंने पेसा एक्ट के मुख्य मुख्य बिंदुओं पर प्रकाश डाला। पेसा एक्ट की मूल भावना को समझाकर इसके प्रावधानों को सरल भाषा में स्पष्टीकरण किया गया। पेसा की पृष्ठभूमि को समझना, पेसा ग्राम सभा गठन की प्रक्रिया, पेसा और पंचायती राज व्यवस्था के अंतर का स्पष्टीकरण, ग्राम सभा की बैठकों की व्यवस्था, ग्राम सभा के अधिकारों का स्पष्टीकरण, अधिकार और दायित्वों का संतुलन आदि बिंदुओं पर विस्तृत रूप से प्रतिभागियों से चर्चा कर प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में पंचायत सचिव, ग्राम रोजगार सहायक, पेसा मोबिलाइजर, ग्राम विकास प्रस्तुत समिति के सदस्य तथा सामाजिक कार्यकर्ता और ग्रामीण उपस्थित थे।

# शिक्षक पदोन्नति में हुई विसंगति को दूर करने के लिए संघ ने सौंपा ज्ञापन

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।(26 सितंबर )माध्यमिक शिक्षक से उच्च शिक्षक पदोन्नति प्रक्रिया के तहत जारी सूची पर बवाल मच गया है। 25 सितंबर सोमवार को माध्यमिक शिक्षकों की अंतरिम वरिष्ठता सूची में संशोधन की मांग को लेकर आजाद अध्यापक संघ ने आवाज उठाई।
कलेक्टर डॉ. मिश्रा और डीईओ अश्विनी उपाध्याय के नाम से सौंपे गए ज्ञापन में आजाद अध्यापक शिक्षक संघ ने आपत्ति दर्ज कराई और कहा है कि इसमें विसंगति को दूर कर सूची को संशोधित कर जारी किया जाए और उसके बाद ही पदभार की प्रक्रिया पूरी की जाए।
संघ पदाधिकारी अरविंद पारधी ने बताया कि गत दिवस माध्यमिक शिक्षकों की जारी की गई अंतरिम वरिष्ठता सूची में कई विसंगतियां है। इस सूची में वरिष्ठ को कनिष्ठ और कनिष्ठ को वरिष्ठ बताया गया है, जो सबसे बड़ी विसंगति है, वहीं वरिष्ठता का पालन सूची में नहीं किया गया है। जिससे इस सूची को संशोधित कर जारी किया जाए। जिसके बाद ही माध्यमिक शिक्षकों को उच्च पद



का प्रभार की कार्यवाही की जाए।
आजाद अध्यापक शिक्षक संघ का खुला आरोप है कि जारी अंतरिम वरिष्ठता सूची में 2011, 12 में पदोन्नत होकर बने माध्यमिक शिक्षक बने लोक सेवकों के नाम 1998 में नियुक्त लोक सेवकों के नामों से पहले आ गए है।
दूसरी बार अधिकांश माध्यमिक शिक्षकों के स्नातकोत्तर के विषय उनके सर्विस बुक और ई-सर्विस बुक में अंकित है लेकिन जारी सूची में उनके स्नातकोत्तर के विषय ही दर्शित नहीं हो रहे है। ऐसी स्थिति में कैसे उसे उच्चपद पर प्रभार दे दिया जाएगा, जो असंभव है।
जारी सूची में इसे बड़ी विसंगति बताते हुए अरविंद पारधी ने कहा कि हमारी मांग है कि इस सूची को संशोधित किया जाएगा। इस मामले में जिला शिक्षा अधिकारी अश्विनी उपाध्याय ने संघ के ज्ञापन पर कहा कि यह मामला संज्ञान में है और जल्द ही सूची को संशोधन के लिए भेजा जायेगा।

# 10 वर्ष पुराने आधार अपडेट करवाने की सलाह

रायसेन। भारत सरकार एवं यूआईडीएआई के द्वारा जारी गाइड लाईनों के अनुसार सभी नागरिकों को जिनके आधार कार्ड बने हुए और 10 वर्ष पूर्ण हो चुके है, वे अपने आधार कार्ड को अपडेट करायें। विगत 10 वर्षो के दौरान आधार नम्बर व्यक्ति के प्रमाण के रूप में उभरा है। आधार नम्बर का उपयोग विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ उठाने के लिए किया जा रहा है। इन योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ उठाने के लिए सर्वसाधारण को व्यक्ति नवीनतम विवरण से आधार डाटा अपडेट रखना है। जिसमें आधार प्रमाणीकरणए सत्यापन में असुविधा न हो। ऐसे व्यक्ति जिन्होंने अपना आधार 10 वर्ष पूर्व बनवाया था एवं इन सालों में कभी अपडेट भी नहीं करवाया है। ऐसे आधार नम्बर धारकों को डॉक्यूमेंट अपडेट करवाना आवश्यक है। 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों का भी आधार अवश्य बनवायें।

# एक महीने से हड़ताल कर रहें पटवारियों ने शुरू की क्रमिक भूख हड़ताल

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।(26 सितंबर )विगत एक महीने से तहसील कार्यालय के सामने अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे पटवारियों ने सोमवार से क्रमिक भूख हड़ताल शुरू कर दी है। साथ ही पटवारियों की हड़ताल को चयनित पटवारियों ने भी अपना समर्थन दिया। जिलाध्यक्ष अरूण बिरनवार ने बताया कि विगत 28 अगस्त से प्रदेश सहित जिले का पटवारी अनिश्चितकालीन कामबंद हड़ताल पर है। पटवारी संघ, पटवारियों के हितार्थ, पटवारियों को 28 सौ रुपए ग्रेड-पे, वेतन विसंगति, समयमान सहित आवश्यक संसाधन की मांग कर रहा है लेकिन सरकार ने अब तक पटवारियों की ओर कोई ध्यान




नहीं दिया है।
जिससे लगता है कि सरकार पटवारियों की अनदेखी कर रही है। जिससे पटवारियों में सरकार के प्रति आक्रोश बढ़ता जा रहा है। 25 सितंबर से पटवारियों ने क्रमिक भूख हड़ताल शुरू कर दी है। जिसमे सोमवार को पांच पटवारियों ने क्रमिक भूख हड़ताल पर बैठ गए है जो मांग पूरी होते तक जारी रहेगा।
पटवारियों की हड़ताल में होने से रजिस्ट्री, स्वामित्व योजना, धारणाधिकार, नामांतरण, गिरदावरी, निर्वाचन कार्य, पीएम-सीएम किसान सम्मान निधि, सीमांकन, बंटवारा, प्रकरणों पर नकल, सीएम हेल्पलाईन, कोर्ट केस में पटवारी रिपोर्ट सहित 56 विभागों के पटवारियों से होने वाले सभी कार्य प्रभावित हो रहा है।

# विधानसभा निर्वाचन-2023 के तहत एफएसटी तथा एसएसटी टीमों का प्रशिक्षण सम्पन्न

रायसेन
आगामी विधानसभा आम निर्वाचन-2023 के दृष्टिगत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अरविंद दुबे की अध्यक्षता में एफएसटी तथा एसएसटी टीमों का प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। जिसमें विधानसभा निर्वाचन के दौरान निर्वाचन आयोग के दिशा-निदेर्शों के अनुरूप किस तरह से कार्य करना है, कार्य संपादन के दौरान आने वाली समस्याएं तथा उनका निराकरण किस प्रकार किया जा सकता है। इसके बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई।
प्रशिक्षण के दौरान जिला कोषालय अधिकारी श्री आरके गुप्ता तथा एनआईसी के डीआईओ श्री दीपेन्द्र कटियार द्वारा बताया गया कि विधानसभा निर्वाचन-2023 की घोषणा होने के साथ ही आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो जाएगी। इस दौरान एसएसटी और एफएसटी टीम को सर्चिंग के दौरान संदेहास्पद वाहनों की गहनता से जांच करनी होगी। सर्चिंग के दौरान शराब, मादक पदार्थ, गिफ्ट आयटम, नगदी, जेवरात आदि पर निगरानी रखनी होगी।
प्रशिक्षण में जानकारी दी गई कि निर्वाचन आयोग ने विधानसभा निर्वाचन हेतु 40 लाख रू व्यय की सीमा निर्धारित की है। इसमें लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के अंतर्गत अभ्यर्थी का व्यय निर्धारित व्यय सीमा से अधिक नहीं होना चाहिए। सभी अभ्यर्थियों को व्यय के लिए बैंक में खाता खुलवाना अनिवार्य होगा । जिन प्रकरणो में अभ्यर्थी निर्वाचन व्यय का दिन-प्रतिदिन का लेखा निरीक्षण के लिए प्रस्तुत करने में विफल हो जाता है, और नोटिस दिये जाने के बावजूद यह विफलता बनी रहती है तो ऐसे नोटिस के तामील किये जाने के 48 घंटो के बाद भारतीय दण्ड संहिता के अंतर्गत कार्यवाही की जाएगी। प्रशिक्षण में एन्ड्राइड आधारित सी-विजिल एप के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया गया कि सी-विजिल एप के माध्यम से आम नागरिक भी आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत कर सकते हैं। प्रशिक्षण में निर्वाचन व्ययों के लेखा की विशिष्टयां, लेखा निरीक्षण के लिए सूचना, लेखा जांच और इनकी प्रतियों की प्राप्ति, वीएसटी तथा वीवीटी का गठन के बारे में अवगत कराया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री अभिषेक दुबे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री अमृता गर्ग सहित एफएसटी तथा एसएसटी टीमों के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

# राजस्व भूमि का नो ड्यूज प्रमाण पत्र लोक सेवा गारंटी में शामिल

रायसेन। राजस्व विभाग की भूमि का नो ड्यूज प्रमाण-पत्र जारी करने संबंधी सेवा को लोक सेवा गारंटी योजना में शामिल किया गया है। लोक सेवा गारंटी के जिला प्रबंधक ने बताया कि अब किसानों एवं आम जनता को एक दिन में भूमि का नो डयूज प्रमाण-पत्र तहसीलदार द्वारा अनिवार्य रूप से जारी करना होगा। यदि तहसीलदार द्वारा नियत अवधि में भूमि का नो ड्यूज प्रमाण-पत्र जारी नहीं किया जाता है, तो इसकी प्रथम अपील अनुविभागीय अधिकारी एवं द्वितीय अपील जिला कलेक्टर को करना होगी। इसके बाद उन्हें नो ड्यूज प्रमाण प्राप्त हो सकेगा।

# दिव्यांगजनों के लिए भी सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना लागू

रायसेन। दिव्यांगजन प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत दिव्यांगजन व्यक्तियों के लिये सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना प्रदेश सरकार द्वारा संचालित है। योजना के तहत निःशक्त व्यक्तियों द्वारा सिविल सेवा की प्रारंभिक परीक्षा देने के लिये 20 हजार रुपएए मुख्य परीक्षा दिलाने के लिये 30 हजार रुपए और अंतिम चयन होने पर राज्य शासन द्वारा 20 हजार रुपए दिये जाते हैं। योजना का लाभ उन्हीं निःशक्तजनों को दिया जाता है, जो मध्यप्रदेश के मूल निवासी हैं। सिविल सेवा की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद परीक्षा परिणाम तक सहायता राशि दी जाती है। उन्हीं आवेदनों को सहायता दी जाती है जो 40 प्रतिशत या उससे अधिक निःशक्तता रखता हो मेडीकल बोर्ड का प्रमाण पत्र मान्य होगा।

# लाभार्थियों को प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना एवं प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के लाभ दिलाने हेतु आयोजित किया गया कैंप।

लखनऊ। 25 सितम्बर
कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित जन शिक्षण संस्थान लखनऊ (साक्षरता निकेतन) प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, मुख्यमंत्री विश्वकर्मा योजना एवं प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के प्रचार प्रसार एवं संस्थान के लाभार्थियों को लाभ दिलाये जाने हेतु ऋण मेले का आयोजन किया जा रहा है। पाण्डेय काम्प्लेक्स मोहनलालगंज में सिलाई, कुम्हार एवं हेयर कटिंग का प्रशिक्षनोपरांत कार्य कर रहे संस्थान के लाभार्थियों हेतु ऋण मेले का आयोजन किया गयो ऋण मेले में जन सेवा केंद्र, जन नायक सुजीत पाण्डेय ट्रस्ट एवं लक्ष्य यूथ फाउंडेशन के स्वयं सेवी कार्य कताओं के सहयोग से ऑनलाइन पंजीकरण कराया गया। संस्थान के निदेशक श्री सौरभ कुमार खरे ने बताया कि प्रधानमंत्री एवं



मुख्यमंत्री की इस महत्वकांछी योजनाओ का लाभार्थियों को लाभ दिलाने हेतु संस्थान कृत संकल्प है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री अजय पाण्डेय सत्यम(चेयरमैन प्रतिनिधि) के द्वारा ऑटोमोटिव टू व्हीलर कोर्स का पशिक्षण प्राप्त कर चुके लाभार्थियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किये गए।संस्थान के कार्यक्रम अधिकारी अवधेश कुमार, सहायक कार्यक्रम अधिकारी शुभम मिश्र ने ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन में अपना पूरा सहयोग प्रदान किया। लगभग 30 लाभार्थियों का योजना में ऑनलाइन पंजीकरण कराया गया।

# गणपति बप्पा की भक्ति में सराबोर हुए भक्त शिरोज कैफे में आयोजित हुआ गणपति बप्पा स्तुति संगीत उत्सव!

लखनऊ। राजधानी के गोमती नगर स्थिति एसिड अटैक पीड़ितों द्वारा संचालित शीरोज हैंग आउट कैफे में रविवार को धुन बंजारा और जय बृज जी आरके फाउंडेशन के निर्देशन में गणपति बप्पा दिव्य भजन संध्या मनाया गया। इस आयोजन में गणपति बप्पा की स्तुति में गीत,गायन और नृत्य हुआ।सुप्रसिद्ध गायिका पद्मा गिडवानी कुमार केशव,भक्ति शुक्ला,विनय श्रीवास्तव, जितेंद्र तिवारी,संजीव तिवारी, दिनेश त्रिवेदी और गणमान्य लोगों द्वारा दीप प्रज्वलन किया गया । यूपिका तिवारी ने गणपति राखो मेरी लाज, पूरण कीजे मेरे काज से दिव्य भजन संध्या की शुरूआत की। दिप्ती सक्सेना ने घर में पधारो गजानंद जी गाकर उपस्थित जनों को भक्ति विभोर कर दिया। मोनिका अग्रवाल ने शिव के प्यारे गणेश,दिप्ती सिंह ने सबसे पहले गजानन मनाए तुम्हे सुनाया। और फिर इसके बाद दिव्य गीत संध्या की ऐसी बयार बही की चलती ही रही। गणेश वंदना के साथ भजन ,गीतों एवं नृत्य की अनेक प्रस्तुतियां हुईं इसी के साथ गणपति स्तुति में डांडिया डांस किया गया डा.भक्ति शुक्ला गीत ,सुषमा प्रकाश,हरीतिमा पंत ,दीप्ती सिंह,जितेंद्र तिवारी सहित कइयों ने भजनों की सुंदर प्रस्तुति दी । मॉरिशस से आए एना, भावेश,सूर्य एवं जय ने अपने गीत और नृत्य से माहौल को और भक्तिमय बनाकर सराबोर कर दिया। अंबुज अग्रवाल



,सौरभ कमल , दीप्ती सक्सेना,स्नेहा रस्तोगी मोनिका अग्रवाल इत्यादि की मोहक प्रस्तुतियां हुईं।

# अब पोर्टल से आसान हुआ आयुष्मान कार्ड बनवाना

रायसेन
भारत सरकार के मिनिस्ट्री ऑफ हेल्थ एंड फैमली वेलफेयर के पोर्टल लिंक https://bis.pmjay.gov.in/BIS/selfprintCard के माध्यम से आयुष्मान कार्ड बना सकते है। इस लिंक पर जाकर सर्वप्रथम आपको आधार का ऑप्शन चुनना है आधार का ऑप्शन चुनने के बाद उसमें स्कीम पर ढटखअ (पीएमजेएवाई) चयन कर राज्य का चयन करे। मध्यप्रदेश चुनेंगे तथा इसके तदुपरांत अपना आधार नंबर डालेंगे। आधार नंबर डालने के बाद जिस मोबाइल नंबर से आधार लिंक है उस पर ओटीपी आएगा और उस ओटीपी को पोर्टल पर दर्ज कर देंगे आपका आयुष्मान कार्ड बन जाएगा। अगर उपरोक्त पोर्टल पर आपका नाम दर्ज नहीं है तो ऐसी स्थिति मे आप नजदीकी सीएससी सेंटर या लोक सेवा केन्द्र में जाकर संपर्क कर सकते है।

# भोपाल भाजपा कार्यकर्ता महाकुंभ से लौट रही बस अनियंत्रित होकर पलटी, एक दर्जन कार्यकर्ता घायल

रायसेन। जिला मुख्यालय से इलाहाबाद 20 किलोमीटर दूर भोपाल मार्ग स्थित बेतवा पुल के पास भोपाल भाजपा कार्यकर्ता महाकुंभ से लौट रही बस बस क्रमांक एमपी 04 पीए 3830 अनियंत्रित होकर धान के खेत में पलट गई, जिसमें सवार 12 भाजपा कार्यकताओं को चोटें पहुंची है जिन्हें मौके पर पुलिस ने पहुंच कर जिला अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया है। घटना शाम 7:00 बजे की बताई जा रही है इधर भाजपा



कार्य करता हूं के घायल होने की खबर सुनते ही भाजपा नेता और कार्यकर्ता उन्हें देखने के लिए जिला अस्पताल पहुंचे और हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। केदार पुलिस थाना प्रभारी मनोज सिंह, एस्डीओपी मोहन सारवान घटना स्थल पर पहुंच गए थे । जिला अस्पताल के डॉक्टरों का कहना है कि कार्यकताओं को मामूली छोटा पहुंची है किसी को गंभीर चोट नहीं आई है सभी घायलों का बराबर उपचार किया जा रहा है।

# यशवंत नगर श्री गणेश उत्सव समिति ने आयोजन कर भगवान गणेश को चढ़ाया 56 भोग का प्रसाद

रायसेन। शहर के यशवंत नगर में पार्क स्थल पर लगभग 20 वर्षों से लगती आ रही भगवान गणेश की झांकी में यशवंत नगर वासियों द्वारा भगवान श्री गणेश की महा आरती के पश्चात उन्हें 56 भोग का प्रसाद चढ़ाया। इस अवसर पर श्री सिद्धि विनायक गणेश उत्सव समिति के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे, कार्यक्रम में यशवंत नगर की महिलाओं ने श्रद्धापूर्वक भगवान गणेश की महा आरती के आयोजन में भाग लिया एवं 56 भोग का प्रसाद पाया, प्रतिदिन झांकी स्थल पर बड़ी संख्या में दर्शन भगवान गणेश के दर्शन करने पहुंच रहे हैं। इसके अलावा शहर में अनेक स्थानों पर भगवान गणेश की झांकी लगाई गई है जहां प्रतिदिन धार्मिक आयोजन कराए जा रहे हैं दर्शन भी रोजाना रात में भगवान गणेश के दर्शन करने के लिए झांकी स्थलों पर धर्म प्रेमी पहुंच रहे हैं।

## नशे की दलदल में फंसती जा रही है पंजाब ,हरियाणा और चण्डीगढ़ की युवा पीढ़ी

**अदिति गौड़ कार्यालय संवाददाता**
**दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा व चण्डीगढ**

चण्डीगढ़,25 सितम्बरः पंजाब, हरियाणा और चण्डीगढ़ में नशा किस-कदर नौजवानों को चौपट कर रहा है। यह किसी से छुपा नहीं है। इन प्रदेशों में नशे को लेकर स्थिति बेहद भयावह है। वहीं ऐसी स्थिति चंडीगढ़ में पनपने को रोकने के लिए जनचेतना आने लगी है ।इसके लिए हर किसी को सावधान रहना होगा। दरअसल, वार्ड नंबर-23 से आप पार्षद प्रेमलता ने एक चौंकाने वाली जानकारी दी है। पार्षद प्रेमलता का कहना है कि, चंडीगढ़ में 43 के बस स्टैंड पर नशा बेचा जा रहा है।

प्रेमलता ने बताया कि, सोमवार सुबह वह अपनी बेटी को बस स्टैंड छोड़ने गईं थीं। जहाँ इस दौरान उनकी नजर वहां एक युवती पर पड़ी जो कि संदिग्ध अवस्था में कंबल लेकर डरी-सहमी सी एक कोने में बैठी हुई थी। इसके बाद जब वह उस युवती के पास पहुंची और उससे पूछा कि वह यहां इस तरह से क्यों बैठी है? कहां से आई है? क्या कोई प्रॉब्लम है? प्रेमलता के अनुसार, पूछने पर युवती ने जो बताया उसे सुनकर वह हैरान रह गईं और उन्होने फटाफट पुलिस को फोन किया।

प्रेमलता का कहना है कि, युवती के लगभग 3 महीनों से इसी हालात में होने का पता चला है। वहाँ आसपास के दुकानदारों का भी यही कहना है। युवती को यहां नशा बेचा जाता है। इसके अलावा उसके नशे की हालत में होने पर कल रात 3-4 लड़को ने उससे छेड़छाड़ की कोशिश भी की है। रात वाली इस घटना ने उसे और डरा दिया है।

प्रेमलता ने कहा कि, जहां युवती बैठी थी वहां से पुलिस चौकी बिलकुल पास में है। लेकिन युवती को नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती करवाने की बजाय उसे नशे की दलदल की तरफ जाने दिया जा रहा है। प्रेमलता ने बताया कि थोड़ी बहुत इन्क्वायरी में यह पता चला कि कझहेड़ी गांव की 4 महिलाएं नशा बेचने आती हैं। प्रेमलता ने कहा कि वह जल्द ही एन जी ओ और एसोसिएशन को साथ लेकर नशे के खिलाफ मुहिम छेड़ेगी। साथ ही चंडीगढ़ की एसएसपी से उनकी अपील है कि नशे के इस मामले को लेकर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाये।

## पानीपत- जालंधर राष्ट्रीय राजमार्ग 485 करोड़ रुपये की लागत से बाधित कणों को रोकथाम की योजना

**विनोद कश्यप**
**प्रभारी दैनिक समाज जागरण पंजाब हरियाणा व चण्डीगढ़**

चण्डीगढ़, सितम्बरः नेशनल हाईवे ऑथोरिटी ऑफ इंडिया ने पानीपत-जालंधर सिक्स लेन हाइवे पर वाहनों की सुस्त रफ्तार की वजह चिह्नित कर सर्वे रिपोर्ट तैयार की है। इन कमियों को दूर करने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरणक आफ इन्डिया` ने 485 करोड़ रूपए का टेंडर जारी किया है। बता दें कि पानीपत- जालंधर नेशनल हाईवे पर वाहनों की धीमी गति से हर कोई परेशान हैं। इसकी सबसे बड़ी वजह कहीं फ्लाई ओवर कम चौड़े हैं तो कहीं पर अवैध कट हैं जिसके चलते यातायात बाधित होता है। इसके साथ ही इस हाइवे पर कई ऐसी कमियां हैं, जिन्हें दूर करना बेहद आवश्यक है। जब तक इन कमियों को दूर नहीं किया जाएगा तब तक इस हाइवे पर वाहन चालकों को धीमी गति से ही सफर करने पर मजबूर रहना पड़ेगा। यही कारण है कि राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरणक आफ इन्डिया ने सर्वे के बाद फटाफट टेंडर जारी कर दिया ताकि वाहन चालकों की इन समस्याओं को जल्द दूर किया जा सकें।



इस नेशनल हाईवे पर कुरूक्षेत्र के शाहाबाद में लाडवा चौक पर सर्विस लेन पर जलभराव की समस्या रहती है। बरसात के दिनों में यहां हालात बेहद खराब हो जाते हैं। भविष्य में इस समस्या से परमानेंट निजात मिल सके, इसके लिए सड़क के निर्माण में संशोधन किया जाएगा।

## कर्ण लेक के पुल की बढ़ेगी चौड़ाई

राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरणक के एक अधिकारी ने बताया कि करनाल में कर्ण लेक पुल की चौड़ाई को बढ़ाया जाएगा। फिलहाल इसकी चौड़ाई कम होने से यहां वाहन रेंगते हुए नजर आते हैं। इस पुल को चौड़ा कर दिया जाएगा तो यहां से वाहनों को गुजरने में आसानी होगी और यातायात भी सुचारू रहेगा।

### अंबाला में शास्त्री कालोनी पुल की बढ़ेगी चौड़ाई

## शारदेय नवरात्र में महिलाओं की सहभागिता आवश्यक

अक्टूबर माह में होने जा रहे शारदीय नवरात्रि में मां काली धाम सिंहपुर को भव्य बनाने के लिए प्रचार प्रसार गति पकड़ने लगी है। आज 24 सितम्बर को मुख्य बस्ती के गुप्ता मोहल्ले में समिति के समन्वयक डॉ श्री आदित्य द्विवेदी ने जनपद सदस्य श्रीमती मधु श्रीवास्तव की उपस्थिति में महिलाओं की एक बैठक ली। उन्होंने कहा कि नवरात्र महोत्सव में शक्ति की भक्ति में महिलाओं की सहभागिता परम आवश्यक है। 9 दिनों तक चलने वाले इस कार्यक्रम में इस बार मां काली धाम में कलश स्थापना के साथ विशाल दुर्गा प्रतिमा की स्थापना होगी। नवरात्र महोत्सव को आकर्षित बनाने हेतु 17 अक्टूबर को रंगोली प्रतियोगिता आयोजित होगी। आवश्यक सामग्री समिति उपलब्ध कराएगी आपको 51 रुपए इन्ट्री फीस के साथ पूर्व से ही नामांकन दर्ज कराना है। इसके लिए प्रथम 1100/-एवं द्वितीय पुरस्कार 500/- का रखा गया है। अगले चरण में 18,19 अक्टूबर को बृहद गरबा महोत्सव आयोजित होगा। इसमें भी क्रमशः 11000/-,5100/- तथा 2100/- का ईनाम रखा गया है।इस कार्यक्रम के प्रचार प्रसार हेतु महिलाओं को ही जिम्मेदारी सौंपी गई है।



## आरुषि खेलेगी भारत के लिये

आर,के,मार्शल आर्ट्स के चीफ कोच व नेशनल कोच रामकिशोर चौरशिया ने बताया की 21 से 24 सिंतम्बर तक देहरादून में राष्ट्रीय कराते प्रतियोगिता आयोजित हुई जिसमें आरुषि सिंह पिता रामसागर सिंह माता विधि सिंह ने अपने आयु वर्ग में स्वर्ण पदक विजेता बनकर अपना स्थान एशियन कराते प्रतियोगिता के लिये पक्का कर लिया है इस उपलब्धि पर आर,के,मार्शल आर्ट्स के टेक्निकल डारेक्टर नेशनल कोच प्रमोद विश्वकर्मा एकेडमी में संरक्षक अंकुर श्रीवास्तव ने खिलाडी और प्रशिक्षक को बधाई दी वही खिलाड़ी के सम्मान में नगर और शहर में रैली निकाली गई रैली में समाज सेवी सहित सभी विधा के खिलाडी/प्रशिक्षक सहित समाज सेवी उपस्थित रहे बताया जाता हैं पूर्व में भी आरुषि सिंह ने 7 बार राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक विजेता रही हैं वही प्रशिक्षक द्वारा बताया गया विगत 7 वर्षों से आरुषि सिंह को कोच रामकिशोर द्वारा गहन प्रशिक्षण दिया गया खिलाड़ी का सपना है की वो एक दिन ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतकर अपने पिता और पूरे शहर का नाम रोशन करना चाहती हैं



# राष्ट्रीय मींस कम मेरिट स्कॉलरशिप परीक्षा संपन्न बढ़ चढ़कर बच्चों ने लिया हिस्सा

**दैनिक समाज जागरण**

संतोष चौरसिया जमुना कोतमा / बच्चों में शिक्षा के प्रति रुचि व जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से तथा अच्छे छात्रों को शिक्षा में अधिक सहयोग के उद्देश्य से राष्ट्रीय मींस कम मेरिट स्कॉलरशिप परीक्षा आयोजित की जा रही है हर वर्ष की भांति इस वर्ष 2023 में 24 सितंबर 2023 दिन रविवार को अनूपपुर विकासखंड के दो परीक्षा केंद्र शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल जमुना कॉलोरी व शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बदरा में परीक्षा आयोजित की गई उक्त परीक्षा जनपद शिक्षा केंद्र अनूपपुर के तत्वाधान में आयोजित की जा रही है जनपद शिक्षा केंद्र समन्वयक जगदीश सिंह व NTSC/nmms विकासखंड प्रभारी महेंद्र दास चौधरी ने जानकारी दी कि पिछले वर्षों की तुलना में इस वर्ष उपस्थिति में काफी प्रगति हुई है परीक्षा केंद्र बदरा में 391 पंजीकृत छात्रों में 384 व जमुना कॉलोरी में 405 छात्रों में 386 छात्रों की सराहनीय उपस्थित है अर्थात इस वर्ष छात्रों की उपस्थिति 96.73 प्रतिशत है परीक्षा व्यवस्था संचालन में संकुल लामा टोला से उपेंद्र कुमार



मिश्रा माध्यमिक शिक्षा शासकीय माध्यमिक विद्यालय बोडरी ने जानकारी दी कि छात्रों को उठने बैठने पेयजल व्यवस्था आदि की व्यवस्था संबंधित प्राचार्य से मिलकर दुरुस्त की गई थी ज्ञातव्य है की अनूपपुर जिले के कलेक्टर महोदय श्री आशीष वशिष्ठ जी इस परीक्षा को लेकर काफी सजग दिखाई दे रहे थे एवं सभी कर्मचारियों को बेहतरीन परीक्षा संचालन के निर्देश दिए थे जिसके तहत या परीक्षा सफलतापूर्वक संपन्न हुआ है और अच्छे बच्चों का शिक्षा के प्रति रुझान बड़ा है

# युवाओं ने महाविद्यालय आवेदन पोर्टल को पुन: आरंभ करने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**दैनिक समाज जागरण**

उमरिया- जिले की सक्रिय युवाओं की टोली युवा टीम उमरिया राष्ट्रहित, समाज हित एवं छात्र हित में कार्य करते आ रही है। उमरिया जिला एक आदिवासी बहुमूल्य जिला है। इसके आसपास के ग्रामीण क्षेत्र से अधिक से अधिक संख्या में छात्राएं जिले के सभी महाविद्यालय में अध्ययन करने आते हैं। महाविद्यालय में सीट वृद्धि एवं जिले के महाविद्यालय की पांच बिंदुओं समस्याओं पर कलेक्टर उमरिया को युवाओं ने सौंपा ज्ञापन।

टीम लीडर हिमांशु तिवारी ने जानकारी देते हुए कहा कि पूर्व में अग्रणी महाविद्यालय के प्राचार्य को युवा टीम उमरिया के द्वारा ज्ञापन पत्र सोपा गया था एवं 7 दोनों का समय देते हुए उग्र आंदोलन के चेतावनी दी गई थी उसके उपरांत भी समस्याओं का समाधान अभी तक नहीं किया गया। इस बात को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर उमरिया को युवाओं ने पत्र सौंप कर समस्याओं का समाधान करने मांग की है। पत्र सौंपते समय हिमांशु तिवारी,खुशी सेन,अमृता सिंह,शिखा बर्मन, अंकित गौतम, अंजू तिवारी,अंकित सिंह उपस्थित रहे।

ज्ञापन पत्र की निम्न बिंदु

1. कक्षा 12वीं की सप्लीमेंट्री का रिजल्ट घोषित हुआ जिसमें कई



आदिवासी बच्चे महाविद्यालय में प्रवेश लेने से वंचित हो रहे हैं।

2.भरेवा व बिलासपुर में नवीन महाविद्यालय शुभारंभ होने पर भी सातवें राउंड आरंभ कर प्रवेश प्रक्रिया चलाई गई और साथ में राउंड पर ही समापन कर दिया गया जिससे कई विद्यार्थी आवेदन प्रक्रिया में भाग नहीं ले पाए।

3. नवीन महाविद्यालय में उमरिया महाविद्यालय से भरेवा व बिलासपुर के आसपास से ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थी जो रणविजय महाविद्यालय में एडमिशन ले चुके हैं उन्हें नवीन महाविद्यालय में ट्रांसफर करने की गतिविधियां आयोजित की जानी चाहिए जिससे उन्हें आवागमन में समस्या का सामना करना पड़े।

4. कक्षा 12वीं में सप्लीमेंट्री आए हुए विद्यार्थियों जो उत्तीर्ण विद्यार्थी है उन्हें भी उमरिया के महाविद्यालय में प्रवेश प्राप्त होना चाहिए जिसके लिए शासन के द्वारा 25% सीट की वृद्धि करनी चाहिए।

5. आदिवासी जिला होने के बावजूद कई आदिवासी बच्चों को महाविद्यालय में प्रवेश न मिलने पर काफी समस्या के सामना करना पड़ रहा है।

# दुर्ग नौतनवा जबलपुर अंबिका पर ट्रेन का अमलाई में हो स्टॉपेज:साहनी

**दैनिक समाज जागरण**

अमलाई ।एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से भारतीय जनता पार्टी जिला अनूपपुर की झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के मीडिया प्रभारी वरिष्ठ अधिवक्ता अरविंद साहनी ने जिला भाजपा के साथ उच्च पदाधिकारियों को ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी के सांसद 20 साल से लगातार किए जा रहे अमलाई मे विभिन्न ट्रेनों की मांग को क्यों नजरअंदाज कर रही हैं ।क्या इसक्षेत्र की जनता उनको वोट नहीं दी है लगातार चुनाव जीतने के बाद पिछले 4 साल में कम से कम 10 बार लिखित ज्ञापन इनको अमलाई चचाई के कार्यक्रम में दिया गया है तो उसके बाद भी यह लगातार क्षेत्र की जनता कि इस समस्या को नजरअंदाज कर रही हैं जब क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ता या जनता सवाल पूछती है तो कहती है कि मुझे ज्ञापन नहीं दिया गया है और जनता और कार्यकर्ता लोगों को गुमराह कर रही है अधिवक्ता अरविंद साहनी ने बताया कि पूर्व में जब वह नगर महामंत्री थे तो इस अभियान को पिछले 10 साल से लगातार चला रहे हैं जिसमें वर्ष 2018 में वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल गुप्ता जी के माध्यम से और तत्कालीन सांसद स्वर्गीय दलपत सिंह परस्ते के प्रयास और सांसद ज्ञान सिंह केद्वारा गोरखपुर की एक ट्रेन का ठहराव हो रहा है और बाकी 2 ट्रेन के बारे में बाद मेविचार करने को रेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा कहा गया था वह सभी बातें मिलकर सांसद जी को बता दिया गया है किंतु वह जानबूझकर इस क्षेत्र के तरफ ध्यान नहीं दे रही है जिससे अमलाई जोकि एक प्रमुख स्टेशन है औद्योगिक क्षेत्र के अलावा आसपास के लाखों लोग उत्तर भारत के भी यात्रा करते हैं ओपीएम सोडा फैक्ट्री और अमली यह प्रमुख शहर हैं जो यहां से यात्रा करते हैं इसके साथ आसपास के लाखों लोग सफर करते हैं हर चुनाव में भाजपा के कार्यकर्ता इस बार स्टॉपेज होगा का आश्वासन देते हैं और उनको जनता के द्वारा वर्तमान में हजार ताने सुनने पड़ रहे हैं इसके अलावा जिसमें दुर्ग गोरखपुर और जबलपुर अंबिकापुर की ट्रेन का स्टॉपेज अत्यंत आवश्यक है उन्होंने कहा कि यदि सांसद सिर्फ एक बार ज्ञापन वहां रेल मंत्रालय में दे दे तो वह अपने भाजपा की टीम के माध्यम से दिल्ली में उत्तर भारत के सांसद और मंत्री लोगों से भी चर्चा हुई है प्रयास करेंगे किमार्च-में कम से कम 2 ट्रेनों का स्टॉपेज हो जाएवर्तमान में जो कि लगातार उनको लिखित ज्ञापन दिया जा रहा है और अगर इस सत्र में यह दोनों ट्रेनें नहीं रुकती हैं तो विभिन्न राजनीतिक दलों के अलावा क्षेत्र की जनता और भाजपा के कार्यकर्ता ही इनका विरोध करेंगे ऐसे में इस क्षेत्र की जनता के साथ भाजपा कार्यकर्ता अभी भी सांसद से मांग कर रहे हैं कि उक्त दोनों ट्रेनों का स्टॉपेज अमलाई रेलवे स्टेशन के लिए तत्काल रेल मंत्रालय को ज्ञापन लिखकर दें। साहनी ने अनूपपुर जिला अध्यक्ष रामदास पुरी से भी इस संबंध में चर्चा किया है कि तत्काल पत्र दें इसके अलावा जिला अध्यक्ष शहडोल कमल प्रताप सिंह जी से भी अनुरोध किया कि एक पत्र माननीय सांसद जी को दें क्योंकि यह एक संसदीय चुनाव को लेकर के बड़ी समस्या है उक्त दोनों अध्यक्ष ने आश्वासन दिया कि संबंध में रेल मंत्रालय सहित सांसद जी को पत्र लिखा जाएगा वहीं सांसद प्रतिनिधि और संभाग के जाने-माने पत्रकार कैलाश लालवानी ने भी इस मांग को जायज ठहराते हुए कहा कि उक्त दोनों ट्रेनों का अमलाई में लगातार मांग की जा रही है और औद्योगिक क्षेत्र होने से ये सर्वाधिक आए देने वाला स्टेशन है हजारों बच्चे और लोग जबलपुर जाते हैं वहीं उत्तर भारत के लोग के प्रमुख दो ट्रेन नौतनवा एक्सप्रेस नहीं रुकने से आम जनता सरकार के प्रति नाराजगी व्यक्त कर रही है क्योंकि आम जनता को राज्य सरकार और केंद्र सरकार कोल इंडिया होने की वजह से संपूर्ण लाभ मिल रहे हैं इस संबंध में सांसद जी द्वारा प्रयास जारी है और शीघ्र ही जनता की मांग को ध्यान में रखते हुए तत्काल माननीय रेल मंत्री से मिलकर उक्त दो ट्रेनों के अलावा और भी समस्याओं को अवगत कराया जाएगा और कोशिश की जाएगी की लोकसभा चुनाव के पूर्व दोनों ट्रेन अमलाई में रुके



# छबड़ा में संत रामपाल जी महाराज का हुआ विशाल सत्संग, बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए

**दैनिक समाज जागरण**

छबड़ा रविवार को संत रामपाल जी महाराज के शिष्यों ने एलइडी टीवी के माध्यम से सत्संग का आयोजन किया गया बड़ी संख्या में श्रद्धालु संत रामपाल जी महाराज के मंगल प्रवचनों को सुनने के लिए पहुंचे कुंभराज, राघोगढ़, चाचौड़ा, गुना से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे यह कार्यक्रम सेलिब्रेशन मैरिज गार्डन छबड़ा में सुबह 10 बजे से किया गया

संत रामपाल जी महाराज ने सत्संग बताया है कि जीव सारा जीवन संसारिक सुविधाओं को जुटाने में खो देता है जब उसका अपना शरीर भी अंत समय में उसके साथ नहीं जाता, इसलिए मनुष्य को सत्य भक्ति को अपना प्रथम कर्तव्य जान कर आत्म कल्याण की चिंता करनी चाहिए सत्संग के बाद 17 मिनट की असुर निकंदन रमैनी चलाई गई उसके बाद चाय बिस्कुट का प्रसाद वितरित किया सत्संग में बुक स्टॉल भी लगाया गया जिसमे ज्ञान गंगा, गीता तेरा ज्ञान अमृत पुस्तक देखने को मिली और श्रद्धालु उनको अपने साथ घर ले गए सत्संग में एक दिवसीय नाम दीक्षा का भी आयोजन किया गया।



जिला संयोजक राजेंद्र दास ने बताया है कि संत रामपाल जी महाराज जी का उद्देश्य हे समाज में फैल रहे नशा, रिश्वतखोरी, भ्रष्टाचारी, दहेज प्रथा, भ्रूण हत्या, जैसे तमाम कुरीतियों को दूर करके एक स्वच्छ समाज का निर्माण करना है

# बटूरा बकही सहित अनेक ग्रामों में चरम पर कोयले का अवैध खनन पुराने माफिया बंधुओं ने फिर संभाली कमान

**दैनिक समाज जागरण**

जितेंद्र शर्मा अनूपपुर ।जिले के बटूरा बकहिमें इन दोनों कोयला अवैध खनन फिर जोरों पर है, सोन नदी के किनारे पुराने माफिया ने सक्रिय होकर कोयले की बंद पड़ी अवैध खदान को फिर गुलजार किया है जिसकी चर्चा इन दोनों मुख्यालय में जोरो पर है, ज्ञात हो की पूर्व में जिला प्रशासन के हस्तक्षेप के बाद इन स्थानों में अवैध खनन पर पूर्णतया पाबंदी लगाई गई थी लेकिन बताया जा रहा है कि एक बार फिर स्थानीय जिम्मेदारों से सांठगांठ कर पुनः बड़े पैमाने में अवैध कोयला खदान गुलजार की गई है और खनन जोरों पर है। इन दोनों फिर अवैध कोयला खनन परिवहन और बिक्री का खेल चार गुनी रफ्तार के साथ गुलजार हो रहा है। पूर्व में जिला प्रशासन द्वारा ताबड़तोड़ कार्यवाही करते हुए अवैध रूप से संचालित दरारों सुरंग को बंद कराकर चलाते हुए कोयला खनन पर पूर्णत प्रतिबंध लगाया गया था लेकिन लगभग 6 से 8 महीने से इन क्षेत्रों में कोयले का अवैध उत्खनन जोरों पर है किंतु अमलाई एवं चचाई पुलिस द्वारा किसी भी प्रकार की कार्रवाई नहीं की जा रही है

### ऐसे होता है काला कारोबार

नाम ना बताने के शर्त पर स्थानीय लोगों ने बताया कि कोल का खनन करवाया जाता है लगभग एक दर्जन सुरंग में माफिया दिनभर मजदूरों से कोयला खदान करने केबाद रात को प्रतिबोरी कोयला खरीद कर पिकअप में लोड कर गंतव्य की ओर रवाना कर दिया जाता है।कोयले की इस अवैध कारोबार के दो अलग-अलग पहलू है पहले तो यह है की अंधेरे सुरंग में चंद पैसों का लालच देकर माफिया मजदूरो की जिंदगी से खिलवाड़ कर रहा है तो दूसरा पहलू यह है कि कथित माफिया जिनकी तिकड़ी पूरे संभाग में विख्यात है और उसके गुर्गे के द्वारा कभी भी कोयले की काली कमाई के लालच और वर्चस्व को में बड़ी घटना दुर्घटना को अंजाम दे सकते हैं । ऐसे में यदि समय रहते इस अवैध कोयला पर पाबंदी नहीं लगाई गई तो निश्चित आगामी समय में इसके दुष्परिणाम देखने को मिल सकते है। पांडे अशोक एवं यादव नामक कॉल माफियाओं द्वारा जिस प्रकार से अवैध कारोबार किया जा रहा है उसे ऐसा लगता है कि मानो उसे पुलिस प्रशासन का डर ही नहीं है।

### करोड़ों का काला कारोबार

माफिया ने बोरियों से हजार के आंकड़े में कमाने से सफर की शुरूआत की थी लेकिन अब यहाँ माफिया प्रतिदिन लाखों का राजस्व शासन को नुकसान पहुंचा रहा है अवैध खनन से राजस्व की हानि भी हो रही है । मिली जानकारी के अनुसार बीते एक महीने में कार्य चार गुनी रफ्तार से अवैध कार्य संचालित हो रहे हैं जिस पर स्थानीय पुलिस की मेहरबानी बनी हुई है बताया यह भी जाता है की विधिवत बोलेरो एवम दो नग दो पहिया चालक सहित अन्य की वाहनों की निगरानी में इस कोयले का परिवहन ढलती शाम के साथ प्रारंभ होता है जिसको खबर स्थानीय पुलिस को होती है लेकिन अवैध कारोबारी के खिलाफ कार्यवाही नहीं की जा रही है।

# निर्धारित समय से 7 घंटे विलंब से पहुंचे कांग्रेस प्रभारी

## जन आक्रोश रैली यात्रा के आम सभा को संबोधित करते हुए प्रभारी कमलेश्वर पटेल ने मध्य प्रदेश सरकार को आड़े हाथ लिया

**दैनिक समाज जागरण**

जमुना कोतमा -जन आक्रोश रैली यात्रा अनूपपुर विधानसभा क्षेत्र के कोतमा से होकर बदरा जमुना तिराहा बड़ी रैली के रूप में बदरा तिराहा में सभा के रूप में एकत्र हो गई जो की लगभग निश्चित समय से 7 घंटे विलंब से शुरू हुई तब भी भारी मात्रा में कांग्रेस जन उपस्थित रहे सभा को संबोधित करते हुए जन आक्रोश रैली यात्रा के प्रभारी कमलेश्वर पटेल ने मध्य प्रदेश के शिवराज सिंह चौहान भारतीय जनता पार्टी की सरकार को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि भ्रष्ट शिवराज सरकार के जन विरोधी नीतियों और 18 वर्षों की लूट भ्रष्टाचार बेरोजगारी ध्वस्त स्वास्थ्य व्यवस्था महिला उत्पीड़न आदिवासियों पर अत्याचार किसानो की आत्महत्या और झूठ फरेब से त्रस्त जनता के आक्रोश की आवाज को जन-जन तक पहुंचाना हर कार्य



कर्ता की जिम्मेदारी है सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आने वाले मध्य प्रदेश चुनाव तो ट्रेलर है 2024 में राहुल गांधी को देश का प्रधानमंत्री बनाना है उन्होंने सभी कांग्रेस जनों से अपील किया कि कांग्रेस पार्टी जिसे भी अपना प्रत्याशी बनती है उसे हम सबको मिलकर जीत दिलाना है सभा को सफल बनाने वाले में मुख्य रूप से गुड्डू मिश्रा ब्लॉक अध्यक्ष बदरा जमुना विश्वनाथ सिंह पूर्व प्रत्याशी अनूपपुर विधानसभा ममता सिंह जिला अध्यक्ष महिला कांग्रेस अनूपपुर मंजू मिश्रा प्रदेश महिला कार्य समिति सदस्य मोहन दास पुरी इंटक नेता चंद्रावती रवि भारती जनपद सदस्य आदि लोग मौजूद रहे इसके बाद यह काफिला फुनगा होते हुए अनूपपुर की ओर रवाना किया जिसमें अन्य कई कांग्रेसी नेता मौजूद रहे

## कोतमा से से दिलीप को मिली विधानसभा की टिकट

**दैनिक समाज जागरण**

कोतमा। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश संगठन ने प्रदेश के 39 विधानसभा सीटों में विधानसभा के भाजपा उम्मीदवारों के नाम की घोषणा कर दी है जिसमें शहडोल संभाग से एकमात्र अनारक्षित सीट कोतमा में दिलीप जायसवाल को लगातार दूसरी बार टिकट दिया गया है। दिलीप जायसवाल वर्ष 2018 में लगभग 12000 मतों से कांग्रेस प्रत्याशी से पराजित हुए थे और इसके पूर्व 2008 में भारतीय जनता पार्टी से विधायक रहे और पूर्व में भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष भी रहे।



# प्रशासन के आदेशों को ठेंगा दिखा रहा है श्मशान की जमीन पर अवैध कब्जा

## जिला प्रशासन के नाक तले सरकारी कर्मियों ने कब्जा रखी है तलवंडी राणा श्मशान की पांच एकड़ जमीन

हरियाणा/ हिसार (राजेश सलूजा) कागजी तौर पर जिला प्रशासन पंचायती एवं सार्वजनिक भूमि पर अवैध कब्जे हटवाने के लाख दावे करता हो, मगर जमीनी हकीकत कुछ ओर ही है। निकटवर्ती गांव तलवंडी राणा के श्मशान घाट पर जिला प्रशासन के चहेते कुछ सरकारी कर्मचारियों एवं एक दर्जन से अधिक दबंगों ने कब्जा कर रखा है। यह अवैध कब्जा हटवाने के लिए तलवंडी राणा के 16 पंच हर दरवाजा खटखटा चुके हैं, मगर जिला प्रशासन विगत पांच माह से ग्रामीणों से पत्र-पत्र खेल रहा है। अवैध कब्जा हटवाने के लिए ग्राम पंचायत भी तीन माह पहले प्रस्ताव पारित कर चुकी है। उसके बावजूद भी अवैध कब्जा हटाने की बजाय, जिला प्रशासन तमाशबीन बना हुआ है। ध्यान हो कि तलवंडी राणा पंचायत के 16 पंचों ने आठ मई 2023 को जिला उपायुक्त कार्यालय से लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर को करीब पांच माह पहले शिकायत देकर गांव के मुख्य श्मशान घाट की जमीन से अवैध कब्जा हटवाने की गुहार लगाई थी। उसके बावजूद भी जिला प्रशासन कोई कार्यवाही करने की बजाय एक कार्यालय से दूसरे कार्यालय को ही पत्रचार कर रहे हैं। पंचायत के अनुरोध एवं पंचों की बार-बार शिकायत के बावजूद भी मामले में कार्यवाही एक इंच आगे नही बढ़ पाई है।

### इन 16 पंचों ने की थी शिकायत:-

तलवंडी राणा श्मशान घाट की जमीन को अवैध कब्जा मुक्त करवाने के लिए पंच सोनू, रवि कुमार, सरिता, सुदेश, रीना, संदीप, सुनील, सुरेन्द्र, राजबाला, सुमित्रा वर्मा, पूजा, किरण रानी, मनीष, प्रवेश कुमार एवं बलवंत पंच सहित कुल 16 पंचों, छह पूर्व पंचों ने जिला प्रशासन को करीब पांच पहले शिकायत दी थी। उसके बाद ग्राम पंचायत तलवंडी राणा ने करीब तीन माह पहले प्रस्ताव पारित करके भी अवैध कब्जा हटवाने की गुहार लगाई थी।

### कहां-कहां भेजी है शिकायत:-

गांव तलवंडी राणा के 16 पंचों एवं दूसरे जन-प्रतिनिधियों ने गांव की श्मशान भूमि से अवैध कब्जा हटवाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से लेकर मुख्यमंत्री मनोहर लाल, उप-मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला, गृह मंत्री अनिल विज, पंचायत मंत्री देवेन्द्र बबली, जिला उपायुक्त हिसार सहित करीब एक दर्जन मंत्रियों से गुहार लगाई थी।

### कब्जा हटवाने वालों का ही कब्जा:-

ग्रामीणों व पंचों के अनुसार तलवंडी राणा जमीन कब्जाने वालों में सीधा संबंध जिला प्रशासन के मुख्य अधिकारियों से है। इनमें से कई कर्मचारी जिला प्रशासन के मुख्य अधिकारियों के चहेते हैं और उनकी शह पर ही इन कर्मचारियों ने श्मशान भूमि कर कब्जा कर रखा है। चर्चा ये भी है कि जिस विभाग ने कब्जा हटवाना है कब्जा करने वाले कर्मचारी भी उन्हीं विभागों में तैनात हैं। ग्रामीणों के अनुसार वर्तमान में तलवंडी राणा की मुख्य श्मशान भूमि की करीब पांच-छह एकड़ पर इनका कब्जा है, और ये प्रत्येक वर्ष खेती की जुताई एवं बुवाई की आड़ में आधे से एक एकड़ जमीन कब्जा लेते हैं।

# प्रधानमंत्री के कुशल निर्देशन और मुख्यमंत्री के अथक प्रयासों से 150 राजकीय आईटीआई को आधुनिक तकनीकों से जोड़ा जा रहा है

**25 सितम्बर 2023 लखनऊ।**

कुशल युवा, समृद्ध भारत की परिकल्पना पर योगी सरकार कार्य कर रही है। आईटीआई के माध्यम



से युवाओं को आधुनिक तकनीकों का प्रशिक्षण देकर हुनरमंद बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि युवाओं को आधुनिक तकनीकों का प्रशिक्षण इस तरह से दे, जिससे कि वो उस तकनीक के विशेषज्ञ बनकर रोजगार देने वाले बन सके। उक्त बातें प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने प्रादेशिक प्रशिक्षण एवं शोध केंद्र, आईटीआई परिसर में अनुदेशकों एवं कार्यदेशकों के लिए प्रशिक्षण के शुभारम्भ अवसर पर कही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल निर्देशन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अथक प्रयासों से टाटा टेक्नोलॉजी लि. से एमओयू करके प्रदेश की 150 राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों को आधुनिक तकनीकों से जोड़ा जा रहा है। इन आईटीआई में पढ़ने वाले युवाओं को आधुनिक तकनीको में हुनरमंद बनाने के लिए अनुदेशकों एवं कार्यदेशकों को प्रशिक्षित किया जा रहा है।

कौशल विकास मंत्री ने कहा कि युवाओं को रोजगार पाने वाला ही नही बल्कि रोजगार देने वाला बनाया जा रहा है। युवाओं को प्रशिक्षण देने के लिए तकनीक क्षेत्र की विभिन्न बड़ी कंपनियों से बातचीत भी की जा रही है। उन्होंने कहा कि युवाओं को प्रशिक्षण देकर उन्हें रोजगार व स्वरोजगार से जोड़ने में आईटीआई की महत्वपूर्ण भूमिका है इसलिए अनुदेशक एवं कार्यदेशक अपने उत्तरदायित्वो का निर्वहन पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से करे। उन्होंने कहा कि युवाओं के हित मे किसी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता करने वाले कार्मिकों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि युवाओं को आईटीआई में रोजगारपरक ट्रेड में हुनरमंद बनाने के साथ ही साथ रोजगार मेलो का आयोजन कर उन्हें रोजगार से जोड़ा जाय।

उल्लेखनीय है कि टाटा टेक्नोलॉजी लि. से आच्छादित प्रदेश के 150 राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के प्रत्येक संस्थान के अनुदेशक व कार्यदेशक का प्रशिक्षण टाटा टेक्नोलॉजी लि. के भिन्न प्रशिक्षकों द्वारा प्रादेशिक स्टाफ प्रशिक्षण एवं शोध केन्द्र में प्रशिक्षित किया जा रहा है। प्रशिक्षण देने हेतु बैचवार 50-50 अनुदेशकों व कार्यदेशकों का प्रशिक्षण प्रारम्भ किया गया है। प्रदेश के कुल 900 अनुदेशकों व कार्यदेशकों को विशेष रूप से एक-एक लांग टर्म कोर्स के बारे में प्रशिक्षित किया जायेगा । प्रथम चरण में बेसिक डिजाइनर एंड वर्चुअल वेरिफिर एवं एडवांस सीएनसी मशीनिंग टेक्नीशियन का प्रशिक्षण संचालित किया जा रहा है। द्वितीय चरण में आर्टसन यूजिंग एडवांस टूल एवं इंडस्ट्रियल रोबोटिक्स एंड डिजिटल मैन्युफैक्चरिंग टेक का प्रशिक्षण संचालित किया जायेगा। प्रशिक्षण उपरान्त एसेस्मेन्ट आधार पर ग्रेडिंग करते हुये प्रमाण पत्र तैयार कर प्रतिभागियों को प्रदान किया जायेगा। टाटा टेक्नोलॉजी लि. द्वारा संस्थान में प्रयोगात्मक प्रशिक्षण देने हेतु यथा आवश्यक साज-सज्जा मशीनरी आदि स्थापित कर दिया गया है जिस पर प्रयोगात्मक प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इस अवसर पर मिशन निदेशक रमेश रंजन, निदेशक प्राविधिक डी. के. सिंह, अपर निदेशक प्रशिक्षण एवं सेवायोजन मानपाल सिंह सहित विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

**कुशल युवा, समृद्ध भारत की परिकल्पना पर कार्य कर रही हैं योगी सरकार**

**युवाओं को आधुनिक तकनीकों के विशेषज्ञ के रूप में करें तैयार**

**युवा सिर्फ रोजगार पाने वाले ही नहीं विशेषज्ञ के रूप में रोजगार देने वाले भी बने**

**तकनीक क्षेत्र की विभिन्न बड़ी कंपनिया, आईटीआई के युवाओं को देंगी प्रशिक्षण**

**अनुदेशक एवं कार्यदेशक अपने उत्तरदायित्वो का निर्वहन पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से करें**

**युवाओं के हुनरमंद बनाने के कार्य मे लापरवाही करने वाले कार्मिक बख्से नही जाएंगे**

# नेपाल में प्रयागराज के डॉ. व्रजेश शंखधर अब्दुल कलाम नवाचार सम्मान से सम्मानित




काठमांडू - भारत के पड़ोसी मित्र देश नेपाल के मधेश प्रदेश की राजधानी जनकपुर धाम में पूर्वोत्तर हिंदी अकादमी द्वारा त्रिदिवसीय अंतरराष्ट्रीय लेखक मिलन समारोह का आयोजन 22 से 24 सितंबर 2023 को किया गया।

इसमें भारत व नेपाल के कई राज्यों से लगभग 90 हिंदी विद्वान, कवि और लेखक शामिल हुए। प्रयागराज के डॉ. व्रजेश कुमार शंखधर द्वारा साहित्य में प्रेम और सद्भाव के प्रसंग पर अपना आलेख भी प्रस्तुत किया गया। सम्मेलन में हिंदी भाषा के विकास के लिए विभिन्न पहलुओं पर विचार - विमर्श हुआ।

राष्ट्रीय हिन्दी विकास सम्मेलन व लेखक मिलन समारोह में देश के विभिन्न प्रांतों से आए कवियों एवं लेखकों ने अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

सुलतानपुर के कटसारी गॉव के मूल निवासी एवम शिव इण्टर कालेज कटहरा, हण्डिया, प्रयागराज में कार्यरत डॉ0 व्रजेश कुमार शंखधर को उनके हिन्दी साहित्य के लिए किए गए कार्यों व शैक्षिक नवाचार के लिए अब्दुल कलाम नवाचार सम्मान से सम्मानित किया गया।

नेपाल के मधेश प्रदेश में ऐतिहासिक, पौराणिक एवं सांस्कृतिक नगरी मटिहानी में नेपाल के सबसे पुराने मटियारी गुरुकुल के आचार्यों, वहाँ के नगरप्रमुख, जलेश्वर जिला के नगरप्रमुख के द्वारा स्वागत एवम सम्मान किया गया। विगत कई वर्षों से इस सम्मेलन का सफल आयोजन डॉ0 अकेला भाइ के कुशल निर्देशन में हो रहा है।

# नगर पंचायत मोहनलालगंज में श्री गणेश प्रतिमा का हुआ विसर्जन

**विवेक कुमार संवाददाता समाज जागरण!**

मोहनलालगंज लखनऊ नगर पंचायत मऊ स्थित सिद्ध पीठ दुर्गा माता मंदिर में आयोजित श्री गणेश उत्सव की प्रतिमा का सोमवार को भौरेश्वर बाबा मंदिर निकट सई नदी में विसर्जन कर दिया गया। मोहनलालगंज नगर पंचायत मऊ में स्थित सिद्ध पीठ प्राचीन दुर्गा माता मंदिर में गणेश चतुर्थी से आयोजित हुए श्री गणेश उत्सव में भक्तों ने भजन कीर्तन के साथ मनौती के राजा श्री गणेश जी को अनेकों प्रकार के भोग अर्पित करते हुए प्रतिदिन भजनों के माध्यम से अपने दिल की बातो के साथ भजनों के माध्यम से संपन्नता के आशीर्वाद का कार्यक्रम चलता रहा, इसके बाद रविवार रात्रि में श्री गणेश जागरण का आयोजन किया गया सोमवार सुबह वैदिक मंत्रोचारण के साथ विधि विधान से आचार्य रमेश मिश्र ने पूजन कराया और उसके बाद भक्तगण श्री गणेश जी की प्रतिमा को लेकर पूरे गांव में भ्रमण करते हुए गाजे बाजे के साथ निकले और प्रसाद वितरण करते हुए मोहनलालगंज पहुंचे जहां पर शिवम पांडे ने श्री गणेश जी को नमन किया और उसके बाद सभी भक्तों ने गणेश जी की प्रतिमा को लेकर भवरेश्वर बाबा मंदिर प्रांगण पहुंचे जहां पर प्रत्येक वर्ष पूरे सावन महीने में भगवान भोलेनाथ के मंदिर में भक्तों की भीड़ उमड़ती है जो कि तीन जनपदों की सीमा पर स्थित भौरेश्वर बाबा मंदिर से सटी सई नदी की अविरल धारा से भक्त जल लेकर शिव शम्भू के शिवलिंग पर जलाभिषेक करते है वही सई नदी में प्रत्येक वर्ष भक्तगण श्री गणेश जी की प्रतिमा को ले जाकर विसर्जित करते है सोमवार को प्रतिमा विसर्जन के दौरान भक्तों ने खूब भजन गाए और रंग-बिरंगे रंगों से खेलते हुए भौरेश्वर बाबा मंदिर प्रांगण में पहुंचे और सई नदी की अविरल धारा में प्रतिमा का विसर्जन कर दिया वहीं पर भक्तों ने भवरेश्वर बाबा मंदिर में पहुंचकर भगवान शिव के शिवलिंग पर माथा टेकते हुए भौरेश्वर बाबा से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस मौके पर आयोजक मंडल के योगेश गुप्ता, शैलेंद्र सोनी ,संदीप सहित भक्तगण शिव गोपाल गुप्ता,सूरज गुप्ता, अधिवक्ता कार्तिक कुमार गौतम सतीश वैश्य,संजय वैश्य,मिंटू, पूर्व जिला पंचायत सदस्य अरविंद कुमार गौतम, छोटू गुप्ता , भारतीय जीवन बीमा निगम ,,(एल आई सी )वरिष्ठ सलाहकार शिव बालक गौतम,अनुज,अनूप पांडे , मनीष तिवारी, गोपाल बाजपेई,सोनू द्विवेदी ,ललित गुप्ता, पत्रकार विष्णु गुप्ता,पत्रकार विवेक कुमार

# राष्ट्रकवि रामधारी सिंह 'दिनकर' जी की 115 वीं जयंती के अवसर पर अंतरराष्ट्रीय हिंदी सम्मेलन आयोजन

इटावा : राष्ट्रकवि रामधारी सिंह 'दिनकर' जी की 115 वीं जयंती के अवसर पर 20-21 सितंबर, 2023 को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में अंतरराष्ट्रीय हिंदी सम्मेलन आयोजन हुआ। विपिन कुमार, महासचिव, विश्व हिंदी परिषद के संयोजकतत्व में सम्मेलन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले पत्रकार, साहित्यकार एवं सामाजिक कार्यकताओं को सम्मानित किया गया है।

जनपद इटावा के डॉ नन्दकिशोर साह, जिला मिशन प्रबंधक, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन को श्री सत्यपाल सिंह बघेल माननीय राज्य मंत्री ने प्रतीक चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। विश्व हिंदी परिषद के स्मारिका में श्री साह का शोध पत्र प्रकाशित हुआ है। इन्होंने "राष्ट्र और समाज के चिंतक : दिनकर" विषयक शोध पत्र का वाचन भी सम्मेलन में किया। वे हमेशा शैक्षिक गतिविधियों से जुड़े रहते हैं। उनके आलेख प्रतिष्ठित पत्र, पत्रिकाओं में प्रकाशित होते रहते हैं। इससे प्रसन्नचित कई पत्रकार, साहित्यकार, शिक्षाविद, छात्रा, युवाओं ने श्री साह को बधाई दी है। वे मूल रूप से बिहार प्रांत के पूर्वी चंपारण जिला अंतर्गत बनकटवा ग्राम के निवासी हैं।

इस दो दिवसीय सम्मेलन में मुख्य रूप से सुश्री अनुसूइया उईके, महामहिम राज्यपाल मणिपुर,




श्री लक्ष्मण आचार्य जी, महामहिम राज्यपाल सिक्किम, श्री अजय मिश्रा जी, माननीय गृह राज्य मंत्री, सत्यपाल सिंह बघेल केन्द्रीय राज्य मंत्री, श्री सुधीर चौधरी, संपादक आज तक, पूज्य स्वामी चिदानंद सरस्वती जी महाराज एवं साध्वी भगवती सरस्वती जी परमार्थ निकेतन आश्रम ऋषिकेश, रामधारी सिंह दिनकर जी के पौत्र अरविंद कुमार सिंह, ग्लोबल ओपन यूनिवर्सिटी, नागालैंड के कुलाधिपति प्रोफेसर प्रियरंजन त्रिवेदी, त्रिनिदाद व टबेगो के उच्चायुक्त, डॉ. रॉजर गोपॉल, फि जी के उच्च आयोग के सलाहकार निलेश रोनिल कुमार व मॉरीशस के उच्च आयुक्त हयामंडोयल डिलम एवं सूरीनाम के उच्चायुक्त अरुणकुमार हरदीन, किरण चौपड़ा, उदय कुमार सिन्हा, कमलेश, मोरिशस की कवयित्री व लेखिका कल्पना लाल, नीदरलैंड की लेखिका एवं कवयित्री पुष्पिता अवस्थी, राष्ट्रवादी कवि व पूर्व सांसद ओमपाल सिंह लीडर, डॉ. कीर्ति काले, हिंदी प्रोफेसर स्वाति पाल, लंदन से आईं सिम्मी राठौर-सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर, विश्व हिंदी परिषद के अध्यक्ष डॉ विनय भारद्वाज, राष्ट्रीय महासचिव डॉ विपिन कुमार, सम्मेलन समन्वयक प्रो श्रीनिवास त्यागी, सम्मेलन सहसंयोग श्री दीपक ठाकुर, प्रो स्वाती पाल, प्रो सरोज शर्मा, शांतमनु अपर सचिव उपभोक्ता खाद्य मंत्रालय, जहानाबाद के पूर्व सांसद हिंदी एवं प्रकृति प्रेमी अरुण कुमार, विधान पार्षद शर्वेश कुमार, एनआइओएस के अध्यक्ष, विदुषी डॉ. सरोज शर्मा, डॉ रश्मि सिंह आईएएस कमिश्नर जम्मू कश्मीर, इंद्रेश कुमार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, शकुंतला सरूप्रिया, डॉ जंग बहादुर पांडेय, डॉ पूनम कुमारी, प्रो राजरत्नम चेन्नई सहित देश-विदेश के तमाम हिन्दी के मूर्धन्य विद्वानों के सारगर्भित, हृदय स्पर्शी व्याख्यान हिन्दी को विश्व की भाषा बनाने में मील का पत्थर साबित होगा। दिनकर के जीवन व उनके ओजस्वी कविताओं में उन्हें क्रांति व शांति का अमर दूत बताते हुए कहा कि दिनकर जी हिंदी साहित्य के वह सूरज हैं जिनका उजाला हिंदी साहित्य नहीं हमारे समाज, संस्कृति और देश को एक सदी से आलोकित कर रहा है और आगे भी करेगा।

# लोकसभा सांसद राहुल गांधी ने आवास न्याय सम्मेलन में 669.69 करोड़ के 414 विकास कार्यों का किया लोकार्पण-भूमिपूजन

**समाज जागरण ब्यूरो विवेक देशमुख**



बिलासपुर। लोकसभा सांसद श्री राहुल गांधी तथा मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने 25 सितम्बर को जिले के तखतपुर विकासखण्ड के ग्राम परसदा सकरी में आयोजित ह्लआवास न्याय सम्मेलनह्ल में क्षेत्रवासियों को 669 करोड़ 69 लाख रूपए की लागत के 414 विकास कार्यों की सौगात दी। जिसमें 195 करोड़ 50 लाख रूपए की लागत के 247 कार्यों का शिलान्यास तथा 474 करोड़ 18 लाख रूपए की लागत के 167 कार्यों का लोकार्पण शामिल है। साथ ही मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल द्वारा सम्मेलन में हितग्राहियों को विभिन्न विभागीय योजनाओं के अंतर्गत सामग्री और चेक का वितरण किया। कार्यक्रम में लोकसभा सांसद श्री राहुल गांधी बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल द्वारा भूमिपूजन किए जाने वाले कार्यों में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजनांतर्गत 13.78 करोड़ रूपए की लागत से 21 विभिन्न सड़क निर्माण कार्य, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क विकास योजना बिलासपुर अंतर्गत 3.74 करोड़ रूपए की लागत से 2 सड़कों का नवीनीकरण कार्य, जल संसाधन विभाग बिलासपुर अंतर्गत 14.24 करोड़ रूपए की लागत से बनने वाले खारंग जलाशय में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना फास्ट ट्रेक अंतर्गत कमाण्ड क्षेत्र विकास एवं जल प्रबंधन कार्य, स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत 9.32 करोड़ रूपए की लागत से 17 स्वास्थ्य केन्द्रों तथा स्वास्थ्य अधोसंरचनाओं का निर्माण व विस्तार, लोक निर्माण विभाग सेतु विकास निगम अंतर्गत 8 करोड़ 92 लाख रूपए की लागत जिला बिलासपुर के आमागोहन से बगबुड़ा मार्ग पर अरपा नदी पर पुल निर्माण तथा 2 करोड़ 35 लाख रूपए की लागत से बिलासपुर.रतनपुर कटघोरा मार्ग के किलोमीटर 30/2 पर खारून नदी पर उच्च स्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग निर्माण, जल संसाधन संभाग कोटा अंतर्गत 2 करोड़ 31 लाख रूपए की लागत से महुआकापा एनीकट निर्माण तथा 2 करोड़ 34 लाख रूपए की लागत से रानीबचली एनीकट निर्माण कार्य शामिल हैं। इसी प्रकार ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग बिलासपुर अंतर्गत 2 करोड़ 20 लाख रूपए की लागत से सामुदायिक सामाजिक भवन, कौशल प्रशिक्षण भवन,सार्वजनिक शौचालय सहित कुल 9 निर्माण कार्य ,जनपद पंचायत मस्तुरी में 98 लाख की लागत से 6, बिल्हा में 01 करोड़ 31 लाख रूपए की लागत से तथा तखतपुर में 01 करोड़ 65 लाख रूपए की लागत से 8 विभिन्न निर्माण कार्य, नगर पालिक निगम बिलासपुर में 36 करोड़ 40 लाख रूपए की लागत से 148 विकास कार्य, विद्युत विभाग बिलासपुर के बिल्हा विकासखण्ड अंतर्गत 01 करोड़ 96 लाख रूपए की लागत से 33/11 केव्ही सब स्टेशन का निर्माण, लोक निर्माण विभाग बिलासपुर ;क्रमांक.02- अंतर्गत 15 करोड़ 14 लाख रूपए की लागत से 03 सड़कों का निर्माण, लोक निर्माण विभाग बिलासपुर ;क्रमांक.01 के अंतर्गत 02 करोड़ 57 लाख रूपए की लागत से 02 स्कूल भवन तथा 01 सामाजिक भवन निर्माण कार्य शामिल है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल द्वारा लोकार्पित किए जाने वाले कार्यों में विकासखण्ड तखतपुर के गनियारी में 7 करोड़ 04 लाख रूपए की लागत से रीपा में गार्मेंट फैक्ट्री तथा विकासखण्ड बिल्हा अंतर्गत नगोई में 7 करोड़ 04 लाख रूपए की लागत से रीपा में गार्मेंट फैक्ट्री का लोकार्पण कार्य शामिल है। इसी प्रकार स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत 03 करोड़ 25 लाख रूपए की लागत से 11 स्वास्थ्य केन्द्र भवनों, जल संसाधन संभाग कोटा अंतर्गत 18 करोड़ 18 लाख रूपए की लागत से 7 एनीकट एवं 01 जलाशय निर्माण कार्य, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा अंतर्गत 6 करोड़ 02 लाख रूपए की लागत से 16 विभिन्न स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय का उन्नयन कार्य, जनपद पंचायत मस्तुरी अंतर्गत 3 करोड़ 17 लाख रूपए की लागत से 25 कार्य, बिल्हा अंतर्गत 45 लाख रूपए की लागत 03 कार्यों का लोकार्पण शामिल है। इसी प्रकार नगर पालिक निगम बिलासपुर में 301 करोड़ 59 लाख रूपए की लागत से 75 विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया गया जिसमें मुख्य रूप से 201 करोड़ की लागत से विकासखण्ड बिल्हा अंतर्गत मिशन अमृत पार्ट-01, सतहीय जल प्रदाय योजना तथा 100 करोड़ 45 लाख रूपए की लागत से मिशन अमृत ;पार्ट-.02, डिस्ट्रिब्यूशन कार्य का लोकार्पण शामिल है। इसी प्रकार लोक निर्माण विभाग क्रमांक.02 बिलासपुर अंतर्गत 34 करोड़ 04 लाख रूपए की लागत से 6 तथा लोक निर्माण विभाग क्रमांक.01 अंतर्गत 22 करोड़ 30 लाख रूपए की लागत से 7 विभिन्न कार्य का लोकार्पण किया गया। जनपद पंचायत कोटा अंतर्गत 71 लाख रूपए की लागत से 05 तथा स्मार्ट सिटी बिलासपुर अंतर्गत 49 करोड़ 31 लाख रूपए की लागत से 23 विकास कार्यों का लोकार्पण किया गया।

## बीजेपी ने 39 विधानसभा उम्मीदवारों की दूसरी सूची की जारी, इस बार तीन केंद्रीय मंत्री और 6 सांसद भी लड़ेंगे विधानसभा का चुनाव

**सीएल गौर, समाज जागरण, संभागीय ब्यूरो**

रायसेन। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के मध्य नजर भारतीय जनता पार्टी ने 39 विधानसभा क्षेत्र में 39 उम्मीदवारों की सूची जारी करदी है दूसरी सूची में तीन केंद्रीय मंत्री और 6 सांसदों के नाम भी हैं जो कि आगामी विधानसभा का चुनाव लड़ेंगे। इस बार भारतीय जनता पार्टी किसी भी कीमत पर विधानसभा का चुनाव हर हाल में जीतना चाहती है, इसी के चलते केंद्रीय मंत्री से लेकर सांसदों को इस बार विधानसभा के चुनाव मैदान में उतारा जा रहा है। जिन तीन केंद्रीय मंत्री और 6 सांसद को भाजपा ने टिकट किए हैं उनमें प्रमुख रूप से बीजेपी के दिग्गज नेता कैलाश विजयवर्गीय इंदौर विधानसभा से चुनाव लड़ेंगे,

दिमनी से केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर को उम्मीदवार बनाया गया,नरसिंहपुर से केंद्रीय राज्य मंत्री प्रह्लाद पटेल चुनाव लड़ेंगे,फग्गन सिंह कुलस्ते निवास से उतरेंगे मैदान में, सांसद राकेश सिंह, रीति पाठक, गणेश सिंह, उदयप्रताप सिंह इस बार विधानसभा का चुनाव लड़ेंगे इस बार के मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव बहुत ही रोचक तरीके से संपन्न होंगे क्योंकि भारतीय जनता पार्टी ने जिस हिसाब से दूसरी सूची में भाजपा के बड़े नेताओं के नाम तय किए हैं उससे यह स्पष्ट प्रतीत हो रहा है कि भारतीय जनता पार्टी किसी भी कीमत पर अपने हाथ से मौका नहीं जाने देगी और मध्य प्रदेश में फिर से भाजपा की सरकार बने इसके लिए इसके लिए भाजपा पूरा जोर लगाकर कम कर रही है। इसी क्रम में इसी क्रम में राशन जिले की उदयपुरा विधानसभा सीट जो कि वर्तमान में कांग्रेस पार्टी के पास है अब इस सीट पर भाजपा के वरिष्ठ नेता शिवाजी पटेल के पुत्र नरेंद्र पटेल भाजपा प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ेंगे उनका नाम भाजपा की दूसरी सूची में किया गया है। इसके अलावा अभी रायसेन जिले की सांची भोजपुरी और सिलवानी सीट पर अभी फैसला नहीं

# यशवंत नगर श्री गणेश उत्सव समिति ने आयोजन कर भगवान गणेश को चढ़ाया 56 भोग का प्रसाद

रायसेन। शहर के यशवंत नगर में पार्क स्थल पर लगभग 20 वर्षों से लगती आ रही भगवान गणेश की झांकी में यशवंत नगर वासियों द्वारा भगवान श्री गणेश की महा आरती के पश्चात उन्हें 56 भोग का प्रसाद चढ़ाया। इस अवसर पर श्री सिद्धि विनायक गणेश उत्सव समिति के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे, कार्यक्रम में यशवंत नगर की महिलाओं ने श्रद्धापूर्वक भगवान गणेश की महा आरती के आयोजन में भाग लिया एवं 56 भोग का प्रसाद पाया, प्रतिदिन झांकी स्थल पर बड़ी संख्या में दर्शन भगवान गणेश के दर्शन करने पहुंच रहे हैं। इसके अलावा शहर में अनेक स्थानों पर भगवान गणेश की झांकी लगाई गई है जहां प्रतिदिन धार्मिक आयोजन कराए जा रहे हैं दर्शन भी रोजाना रात में भगवान गणेश के दर्शन करने के लिए झांकी स्थलों पर धर्म प्रेमी पहुंच रहे हैं।



# बैहर विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी भगत सिंह नेताम के नेतृत्व में सैकड़ो कार्यकर्त्ता पहुंचे भोपाल

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ बिरसा/बालाघाट।(26 सितम्बर )पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर भोपाल में ह्यकार्यकर्ता महाकुंभह्ल का आयोजन किया गया जिसमे शामिल होने के लिए बैहर विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी भगत सिंह नेताम के नेतृत्व में सैकड़ो कार्यकर्त्ता भोपाल के लिए रवाना हुए थे। महाकुंभ में लगभग दस लाख से अधिक कार्यकर्ता के जुटने का दावा किया गया है।बालाघाट से भी इसी जज्बे के साथ रविवार को हजारों की संख्या में भाजपा कार्यकताओं का काफिला विशेष ट्रेन व बसों से भोपाल के लिए रवाना हुआ।जिले से हजारों की संख्या में कार्यकर्त्ता भोपाल पहुंच कर संघठन की एकता को मजबूत कर दिया हैं जिसका फायदा आने वाले चुनाव में भाजपा को निश्चित मिलेगा।



## जिला भाजपा अध्यक्ष के नेतृत्व में हजारों कार्यकर्ता महाकुंभ भाग लेने भोपाल पहुंचे

रायसेन। राजधानी भोपाल के जंबूरी मैदान में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भाजपा कार्यकर्ता महाकुंभ में लाखों कार्यकताओं को मार्गदर्शन दिया गया इसी क्रम में रायसेन जिले से जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश शर्मा के नेतृत्व में हजारों भाजपा कार्यकर्ता गोपाल महाकुंभ में भाग लेने के लिए बस कर जीत एवं बातों पर सवार होकर पहुंचे जिला मुख्यालय से कार्यकताओं से भरे वाहनों को रवाना किया, इस दौरान भाजपा नेताओं एवं कार्यकताओं गजब का उत्साह देखा जा रहा था भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद, नरेंद्र मोदी जिंदाबाद, सबका साथ सबका विकास नारे लगाते हुए भाजपा कार्यकर्ता भोपाल महाकुंभ में भाग लेने के लिए पहुंचे। इस दौरान जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश शर्मा के साथ जिला भाजपा संगठन प्रभारी सुधीर अग्रवाल, भाजपा नेता राकेश तोमर सहित अनेक भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता उनके साथ थे जिला भाजपा अध्यक्ष श्री शर्मा ने भाजपा कार्यकताओं का उत्साह वर्धन करते हुए उन्हें जिला मुख्यालय से कार्यकर्ता महाकुंभ में भाग लेने के लिए रवाना किया।



# बीजेपी का परिवर्तन यात्रा पहुंची मस्तूरी, पुर्व सीएम रमन सिंह ने क्षेत्र वासियों से की अपील, कहा आ गया भ्रष्ट भूपेश सरकार को बदलने का समय

**समाज जागरण ब्यूरो विवेक देशमुख**

मस्तूरी। पूर्व सीएम रमन सिंह ने 25 सिंतबर को मस्तूरी विधानसभा में होने वाली प्रदेश व्यापी परिवर्तन यात्रा के सम्मेलन में शामिल होकर भारतीय जनता पार्टी को आशीर्वाद प्रदान करने की अपील मस्तूरी वासियों से की हैं। उन्होंने समाज प्रमुखों एंव ग्रामीणों से आने वाले समय में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाने का आग्रह किया और सभी से निवेदन व अपील की है कि परिवर्तन यात्रा पूरे प्रदेश में निकल रही हैं। कांग्रेस की सरकार को बदलकर भारतीय जनता पार्टी की सरकार फिर से बनाना हैं और भ्रष्ट भूपेश के कुशासन को खत्म करना है परिवर्तन यात्रा में शामिल होने वाले लोगों की संख्या यह बता रही है कि अब भूपेश सरकार का अंत निश्चित है इस सरकार ने पांच सालों के शासन के दौरान राज्य के नागरिकों को आर्थिक और मानसिक रूप से परेशान किया है। सरकार ने कर्ज के बोझ को और भी भारी बना दिया है छत्तीसगढ़ की जनता पर 82000 हजार करोड़ का कर्ज लाद दिया है भ्रष्ट भूपेश सरकार ने सुशासन के नाम पर योजनाओं का केवल दुरुपयोग किया है।

इस सरकार ने बाहरी एजेंसियों को रेत की ट्रांसपोर्टिंग , रेडी टू ईट की अनुमति दी जिससे छत्तीसगढ़ के लोगों को नुकसान हुआ है। रेडी टू ईट का ठेका बाहरी एजेंसी को देकर सरकार ने महिला समूहों को ठगा है। हजारों महिलाओं को बेरोजगार बनाया है



5 सालो में भूपेश सरकार ने छत्तीसगढ़ को असुरक्षित और अपराध का गढ़ बना दिया , यहां हत्या, लूटपाट, और नशीली दवाइयों का बढ़ते कारोबार से आम लोग त्राहि त्राहि हो रहे है।

भूपेश सरकार ने पूरे प्रदेश का तासीर ही बदल दिया है

पुलिस रौब दिखा कर मोटर साइकिल छोटे वाहन चालकों से व्यवस्था बजाय वसूली का काम कर रही है,युवा वर्ग परेशान है। छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार के कुप्रबंधो को लेकर मस्तूरी विधानससभा के खैरा जयरामनगर स्टेडियम में परिवर्तन यात्रा की सभा को सम्बोधित किया, परिवर्तन यात्रा

**रिस्दा से शुरू होकर जयरामनगर होकर सीपत में रात्रि विश्राम होगा।**

परिवर्तन यात्रा जांजगीर-चांपा से होते हुए दोपहर 4:00 बजे मस्तूरी विधानसभा के रिस्दा में प्रवेश किया जो स्वागत सभा के उपरांत बाइक रैली के रूप में खैरा जयरामनगर स्टेडियम पहुंची , जहां सभा आयोजित हुआ ,इसके उपरांत गतौरा अटल चौक पर परिवर्तन यात्रा का स्वागत कार्यक्रम होते हुए तत्पश्चात सीपत में रात्रि विश्राम व सुबह समाज प्रमुखों से चर्चा प्रेस वार्ता के बाद परिवर्तन यात्रा बेलतरा विधानसभा के लिए रवाना हो जायेगी। कार्यक्रम को पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह, नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक, जांजगीर लोकसभा सांसद घर्म गुहाराम अजगले, प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र सावनी, लोरमी विधायक धर्मजीत सिंह, मस्तूरी विधायक डॉक्टर कृष्णमूर्ति बांधी ने सम्बोधित किया, जहां बड़ी संख्या में भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता और ग्रामीण उपस्थित रहे।

# सुनील यादव देवता बनाए गये उपाध्यक्ष, मिली नयी जिम्मेदारी

समाज जागरण

चन्दौली पड़ाव जिले के चर्चित चेहरा और जाने माने यूवा नेता एवं मानवाधिकार कार्यकर्ता श्री सुनील कुमार यादव ( देवता ) जी को देश एवं प्रदेश मे पत्रकार एवं सामाजिक कार्यकताओं के लिए संघर्षशील संगठन भारतीय मीडिया फाउंडेशन ने मण्डल उपाध्यक्ष मनोनीत किया और जैसे ही यह खबर क्षेत्रीय लोगों को लगी बड़ी संख्या मे लोग सुनील कुमार यादव देवता जी को बधाई देने वालों का तांता लग गया कोई फूल माला लेकर तो कोई गुलदस्ता लेकर देवता जी को बधाई देने निकल पड़ा उनके आवास पर बड़ी संख्या मे लोग जुट कर बधाई दिया और फूल माला से लाद कर लोगों ने हौसला बड़ाया इस मौके पर अपने संबोधन मे देवता जी ने कहा कि पत्रकार एवं सामाजिक कार्यकताओं के मान सम्मान के लिए हम ने भारतीय मीडिया फाउंडेशन को चुना है जहां भी पत्रकार एवं सामाजिक कार्यकताओं के सम्मान के साथ खिलवाड होगा वहां पर सुनील कुमार यादव देवता खड़ा मिलेगा और संगठन ने जो जिम्मेदारी मुझे सौपी है उसका पूरी इमानदारी से पालन किया जाएगा इस मौके पर बड़ी संख्या मे लोग शामिल रहे



# गांव गांव मे पार्टी को फैलाने का संकल्प लिया गया

समाज जागरण

वाराणसी रामनगर शिव सेना पार्टी ( उ ) के क्षेत्रीय कार्यालय मे एक जरुरी बैठक सम्पन्न हूई जिसमे बताया गया की आगामी लोक सभा चुनाव को लेकर व्यापक तौर से सटीक रणनीति बनाया गया इस मौके पर संदीप जायसवाल को मण्डल उप प्रमुख बनाया गया और नियुक्ति लेटर देकर सम्मानित किया गया इस मौके पर अपने संबोधन मे संदीप जायसवाल ने कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी मुझे सौपी है इस जिम्मेदारी को निभाने मे मै कोई कोर कसर नही होने दिया जाएगा ! काशी मण्डल प्रभारी विक्रम यादव ने बताया की पार्टी को जिले जिले मे फैलाने का संकल्प लेकर मै निकला हूं बूथ स्तर पर पार्टी को नये सिरे से मजबूत किया जा रहा है इस दौरान नगर प्रमुख गुलाब सोनकर, बचानू विश्वकर्मा, हरि नारायण, प्रेम नारायण, गुडडू वर्मा समेत बड़ी संख्या मे कार्यकर्ता शामिल रहे



# रैली को सफलता के लिए वामपंथी जनवादी दलों के कार्यकताओं ने शुरू किया चंदा अभियान

अयोध्या।

आगामी 11 अक्टूबर को प्रदेश की राजधानी लखनऊ के इको गार्डन में वामपंथी जनवादी दलों की राज्य स्तरीय विशाल रैली का आयोजन होना है।

उक्त जानकारी कामरेड मो0 शेख इशहाक ने देते हुए बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए और अधिक से अधिक संख्या की भीड़ पहुंचे इसके लिए अभियान चलाकर कार्यकताओं के सहयोग से क्षेत्रीय लोगों से चंदा इकट्ठा किया जा रहा है। जिससे लोगों को आसानी से कार्यक्रम स्थल तक पहुंचा जा सके। इस रैली का मुख्य संदेश महंगाई, बेरोजगारी, महिलाओं पर अत्याचार, अल्पसंख्यकों व दलितो पर बढ़ते हमले एवं बुलडोजर राज और सांप्रदायिकता के खिलाफ है। इसमें भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी व भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (माले) शामिल हैं। उपरोक्त सभी का लक्ष्य भाजपा हटाओ इंडिया जिताओ है। चंदा अभियान कार्यक्रम में कामरेड माताबदल,कामरेड बाबूराम यादव, कामरेड जगन्नाथ प्रजापति, कामरेड अशोक यादव,कामरेड रामभरोस सहित विरईलाल निषाद ,अनिल तिवारी, आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## सूर्यकुंड मेला अयोध्या : उमड़ा आस्था का सैलाब

अयोध्या।

परंपरागत रूप से बड़े रविवार पर दर्शननगर स्थित सूर्यकुंड पर लगने वाले मेले में आस्था का सैलाब उमड़ा। सूर्यकुंड में भक्तों ने श्रद्धा के साथ डुबकी लगाई। परिसर स्थित मंदिर में सूर्यदेव के दर्शन पूजन के लिए लम्बी कतार दिखाई दी। ज्योतिष के अनुसार सूर्यदेव को समर्पित हवन पूजन तथा मंत्रों का जाप करते भी श्रद्धालु नजर आये। सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस की तैनाती रही।

भाद्रपद शुक्ल षष्ठी को सूर्य षष्ठी के रूप में मनाया जाता है। इस षष्ठी के बाद पड़ने वाले रविवार को बड़ा रविवार कहा जाता है। बड़े रविवार पर सूर्यकुंड पर परम्परागत रूप से मेले का आयोजन किया जाता है। जिसमें अगल बगल के जनपदों से श्रद्धालुओं की भारी भीड़ स्नान व पूजन के लिए उमड़ती है। ऐसी मान्यता है कि बड़े रविवार के दिन सूर्यकुंड में स्नान करने के बाद भगवान सूर्य का दर्शन पूजन करने से सभी कष्टों से मुक्ति मिलती है व मनोवाछिंत फल प्राप्त होते है। बड़े रविवार को अयोध्या जनपद के साथ अम्बेडकरनगर, बस्ती, गोण्डा, सुल्तानपुर, बाराबंकी से बड़ी संख्या में श्रद्धालु सूर्यकुंड पहुंचे। विभिन्न वाहनों व टैक्टर ट्राली से पहुंचे श्रद्धालुओं ने मेले में भ्रमण किया। यहां खरीदारी किया। व्यंजनों का लुफ्त भी उठाया।

# राहगीरों के लिए दुर्घटना का शबब बना मुख्य सड़क

समाज जागरण

चन्दौली डीडीयू नगर क्षेत्र के तारापुर गांव के समीप धानापुर राजवाहा पर बनी मुख्य सड़क रेगुलेटर के पास कटकर रजवाहा में समाहित होने से राहगीरों के लिए दुर्घटना का शबब बना हुआ है इसको लेकर राहगीरों में भारी रोष व्याप्त है। तारापुर रेलवे गेट से होकर महेवा गांव को जाने वाली मुख्य सड़क धानापुरा रजवाहा में जगह-जगह कटकर समाहित होने से राहगीरों के लिए दुर्घटना का शबब बना हुआ है। आएदिन राहगीर आवागमन करते समय गिरकर चोटिल हो जा रहे हैं। राहगीरों ने इसकी शिकायत भी कई बार विभागीय अधिकारियों से किया। लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है। इसको लेकर हरिश्चंद्र पटेल,लालबरत यादव, रविकांत पाल, फिरोज अहमद, विपिन मिश्रा सहित तमाम लोगों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए चेताया कि समस्या का समाधान नहीं हुआ तो हम लोग उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

# अयोध्या की मशहूर राम लीला का हुआ भूमि पूजन, 14 से 24 अक्टूबर तक होगा मंचन

राजेश तिवारी

अयोध्या। देश विदेश में प्रसिद्ध धार्मिक रामनगरी अयोध्या मे फिल्मी सितारों से सजी अयोध्या की रामलीला के भूमि पूजन का कार्यक्रम संपन्न हुआ। रामलीला के अध्यक्ष सुभाष मलिक बाबी, सांसद लल्लू सिंह, विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, साधु संतों एवं रामलीला कमेटी के पदाधिकारी द्वारा भूमि पूजन किया गया। 14 अक्टूबर से 24 अक्टूबर चलने वाली रामलीला में फिल्म जगत के कलाकारों द्वारा प्रस्तुति की जाएगी।

मुख्य अतिथि सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि हर्ष का विषय है कि हर साल अयोध्या की रामलीला की भूमि पूजन मे शामिल होता हूँ। इस साल अयोध्या की रामलीला का चौथा संस्करण हैं। अयोध्या की रामलीला से पूरे विश्व मे भगवान राम जी का सन्देश जाता हैं।

रामलीला के अध्यक्ष सुभाष मलिक ने बताया कि इस बार रवि किशन



केवट, पूनम ढ़िल्लो माता शबरी की भूमिका में नजर आयेंगे। अनिल धवन, गजेन्द्र चौहान जैसी नामी कलाकार अपनी प्रस्तुति देगें। पिछली बार 25 करोड लोगों ने अयोध्या की राम लीला देखी थी। इस बार 50 करोड लोगों द्वारा इस देखने की उम्मीद है।

उन्होनें आगे कहा कि कहा कि शाम 7 से रात 10 बजे तक राम कथा पार्क,नया घाट अयोध्या से लाइव दू-रदर्शन पर दिखाया जाएगा। इस साल अयोध्या के रामलीला को सेटेलाइट चैनल्स द्वारा टीवी पर लाइव दिखाया जाएगा। अयोध्या के रामलीला का अपना यूट्यूब चैनल हैं उस पर लाइव दिखाया जायेगा। अयोध्या के रामलीला विश्व की सबसे बड़ी रामलीला है। इस साल अयोध्या के रामलीला चौथा संस्करण हैं। उन्होंने कहा कि हमें इस बात की बहुत खुशी है।अ योध्या की रामलीला उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्रीयोगी आदित्यनाथ, सांस्कृतिक मंत्री जयवीर सिंह व नगर निगम के सहयोग से होता है।

## श्रीमदभागवत कथा के पांचवे दिन बाल लीलाओं का किया वर्णन

एट संवाददाता।

अमर शांति आश्रम पचोखरा गांव में आयोजित श्रीमद भागवत कथा में सभी भक्तों को पं रोहित रिछारिया महाराज द्वारा पंचम दिवस की कथा श्रवण कराई गई, जिसमे श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया गया। महाराज श्री ने कहा धनवान व्यक्ति वही है जो अपने तन, मन, धन से सेवा भक्ति करे वही आज के समय में धनवान व्यक्ति है। परमात्मा की प्राप्ति सच्चे प्रेम के द्वारा ही संभव हो सकती है। पूतना चरित्र का वर्णन करते हुए महाराज ने बताया कि पूतना राक्षसी ने बालकृष्ण को उठा लिया और स्तनपान कराने लगी। श्रीकृष्ण ने स्तनपान करते-करते ही पुतना का वध कर उसका कल्याण किया। माता यशोदा जब भगवान श्री कृष्ण को पूतना के वक्षस्थल से उठाकर लाती है उसके बाद पंचगव्य गाय के गोब, गोमूत्र से भगवान को स्नान कराती है। सभी को गौ माता की सेवा, गायत्री का जाप और गीता का पाठ अवश्य करना चाहिए। गाय की सेवा से 33 करोड़ देवी देवताओं की सेवा हो जाती है। भगवान व्रजरज का सेवन करके यह दिखला रहे हैं कि जिन भक्तों ने मुझे अपनी सारी भावनाएं व कर्म समर्पित कर रखें हैं वे मेरे कितने प्रिय हैं। भगवान स्वयं अपने भक्तों की चरणरज मुख के द्वारा हृदय में धारण करते हैं। पृथ्वी ने गाय का रूप धारण करके श्रीकृष्ण को पुकारा तब श्रीकृष्ण पृथ्वी पर आये



हैं। इसलिए वह मिट्टी में नहाते, खेलते और खाते हैं ताकि पृथ्वी का उद्धार कर सकें। आकाश, दिशाएं, पहाड़, द्वीप, समुद्रों के सहित सारी पृथ्वी, बहने वाली वायु, वैद्युत, अग्नि, चन्द्रमा और तारों के साथ सम्पूर्ण ज्योतिर्मण्डल, जल, तेज अर्थात प्रकृति, महतत्त्व, अहंकार, देवगण, इन्द्रियां, मन, बुद्धि, त्रिगुण, जीव, काल, कर्म, प्रारब्ध आदि तत्त्व भी मूर्त दीखने लगे। पूरा त्रिभुवन है, उसमें जम्बूद्वीप है, उसमें भारतवर्ष है, और उसमें यहब्रज, ब्रज में नन्दबाबा का घर, घर में भी यशोदा और वह भी श्री कृष्ण का हाथ पकड़े। बड़ा विस्मय हुआ माता को। श्री कृष्ण ने देखा कि मैया ने तो मेरा असली तत्त्व ही पहचान लिया है। श्री कृष्ण ने सोचा यदि मैया को यह ज्ञान बना रहता है तो हो चुकी बाललीला, फिर तो वह मेरी नारायण के रूप में पूजा करेगी। न तो अपनी गोद में बैठायेगी, न दूध पिलायेगी और न मारेगी। जिस उद्देश्य के लिए मैं बालक बना वह तो पूरा होगा ही नहीं। यशोदा माता तुरन्त उस घटना को भूल गयीं।

## किसान पंचायत में किसानों की समस्याओं को सुनने के लिए प्रशासनिक अधिकारीयों के न पहुंचे से किसानों में रोष व्याप्त....

अहिरोरी/हरदोई-किसान शक्ति महासभा बैनर तले सोमवार को गु-टके पदाधिकारियों सहित सैकड़ों किसानों ने किसान पंचायत की। संगठन द्वारा पूर्व में दिए गए ज्ञापन में उठाए गए मुद्दों का त्वरित निस्तारण न होने के चलते विकासखंड अहिरोरी के ग्राम पंचायत गोंडाराव बाजार परिसर में संगठन द्वारा किसान पंचायत की गई। पंचायत में मंच का संचालन कर रहे संगठन के पदाधिकारी जगरूप भारती ने मंच के माध्यम से किसानों की समस्याओं को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों के झुलमुल रवैया पर सवाल उठाए।पंचायत में पहुंचे संगठन के जांबाज सिपाही प्रमुख महासचिव उत्तर प्रदेश मोहित तिवारी ने बताया पूर्व में उठाए गए मुद्दों धरना प्रदर्शनों में दिए गए ज्ञापनों पर प्रशासन की ओर से कोई ध्यान नहीं दिया गया न ही समस्याओं का निस्तारण किया गया। जिसको लेकर आज किसान पंचायत की गई है किसान पंचायत मैं किसनों की समस्याओं को सुनने के लिए प्रश-ासन की ओर से कोई आला




अधिकारी नहीं पहुंचा। जिससे किसानों में रोष व्याप्त हुआ है संगठन ने निर्णय लिया है जब तक किसानों की समस्याओं का निस्तारण नहीं किया जाएगा तब तक अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन चलता रहेगा। जरूरत पड़ने पर आमरण अनशन, अन्नजल त्याग करेंगे सीएम ऑफिस लखनऊ के लिए भी कूच करेंगे।प्रदेश अध्यक्ष नीरज शुक्ला ने बताया प्रशासनिक अधिकारियों की हीला हवाली के चलते किसानों को समय से न्याय नहीं मिल पा रहा है। किसानों व ग्राम सभाओं की जमीनों पर भू-माफियाओं ने अवैध कब्जा,गांव में गौशाला ना होना, टायलीकरन, इंटरलॉकिंग, आवास व सरकारी गल्ले की दुकान में अनियमितताओं की भी बात कही है।इस मौके पर संगठन के पदाधिकारियों सहित सैकड़ों किसान भाई उपस्थित रहे। हरदोई से आमीन की रिपोर्ट

# शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण जल्द सुनिश्चित किया जाएः-अपर आयुक्त

11. आज कलेक्ट्रेट सभागार में अपर आयुक्त घनश्याम सिंह ने मंडलायुक्त द्वारा पूर्व में किये गए जनता दर्शन में प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण की समीक्षा की। उन्होंने विभिन्न विभागों से शिकायतों के निस्तारण के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि अवशेष शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण जल्द सुनिश्चित किया जाए। कृत कार्रवाई से मंडलायुक्त कार्यालय को भी अवगत कराया जाए। अपर आयुक्त ने शिकायतों की निस्तारण आख्या की जाँच की। उन्होंने स्वयं कुछ शिकायतकताओं को फोन करवाया तथा निस्तारण की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि न्यायालय में लंबित मामलों से संबंधित शिकायतों की निस्तारण आख्या में न्यायालय का नाम व वाद संख्या का उल्लेख किया जाए। उन्होंने दो काफी पुराने मामलों का तत्काल निस्तारण करवाया। नाम शुद्धिकरण कर एक खतौनी तत्काल जारी करवाई। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह, नगर मजिस्ट्रेट प्रशान्त तिवारी व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे हरदोई से ब्यूरो चीफ अमीन की रिपोर्ट




## जिलाधिकारी के आदेश अनुसार जिला आपूर्ति अधिकारी ने टीम के साथ पेट्रोल पंपों का किया निरीक्षण

फरुर्खाबाद जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह के आदेश अनुसार जिला आपूर्ति अधिकारी सुरेंद्र यादव ने अपनी टीम विजय कुमार ऋषभ अग्रवाल राजीव कुमार के साथ रेंडम के आधार पर पेट्रोल पंपों की जांच की जिसमें भजनलाल फिलिंग स्टेशन बरौन बढपुर में टीम को प्रबंधक अनुपस्थित मिले स्टाक/ अभिलेख डीजल पेट्रोल की नाप कम पाई गई जिस पर विधि माप विभाग द्वारा नोज ल को तुरंत बंद कर दिया गया पंप संचालक को कंबाइंड करने के बाद ही नोजल पर बिक्री करने के निर्देश दिए गए डीजल के परीक्षण के लिए तीन सैंपल लिए गए सैंपल पंप मालिककी,सुपरुदगी में दिए गए प्रताप सिंह फिलिंग स्टेशन फैजाबाद शमशाबाद में जाच टीम को शुद्ध पेयजल आरो शौचालय के समीप स्थापित मिला जिस पर जांच टीम ने , दूसरी जगह लगाने के निर्देश दिए हमारा पंप उदय भान सिंह फिलिंग स्टेशन खानपुर शमशाबाद में जांच के दौरान गंभीर अनिताएं नहीं मिली तब पेट्रोल पंप कर्मचारियों ने राहत की सांस ली

## पलियालोहानी गांव में बन रही स्पेस लैब, ग्रामीण बच्चे सीखेंगे अंतरिक्ष विज्ञान, इसरो के वैज्ञानिक लेंगे आनलाइन क्लास

राजेश तिवारी

अयोध्या : जिले के मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र के हैरिंग्टनगंज ब्लॉक के पलिया लोहानी गांव में स्पेस लैब बनेगी। यहां गांव के बच्चे अंतरिक्ष विज्ञान के बारे में सीखेंगे। भारत ने चंद्रयान -3 की सफल लांचिंग करके पूरे विश्व में अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में अपना लोहा मनवाया है। इसी क-ड़ी में अयोध्या जिले की दक्षिणी सीमा पर स्थित हैरिंग्टनगंज ब्लाक के ग्राम पंचायत पलिया लोहानी का कंपोजिट विद्यालय अब एक ऐसा सरकारी स्कूल होगा, जहां अंतरिक्ष विज्ञान की प्रयोगशाला बनकर तैयार होने वाली है।

बताया जा रहा है कि भारतीय अंत-रक्ष अनुसंधान संगठन ( इसरो) के सेवानिवृत्त विज्ञानी नियमित दो घंटे अंतरिक्ष विज्ञान की आनलाइन कक्ष-एएं चलाएंगे। यही नहीं व्योमिका स्पेस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा स्कूल के बच्चों को एजूकेशन ट्रिप पर अहमदाबाद ले जाया जाएगा। जहां बच्चे स्पेस एप्लिकेशन सेंटर पर जाकर अंतरिक्ष विज्ञान के बारे में जान सकेंगे।

स्पेस लैब में एस्ट्रोनॉमी प्रोजेक्ट किट, हेक्साकाप्टर ड्रोन किट, माइक्रोड्रोन एयरक्राफ्ट किट, सोलर एंड डीप स्काई आब्जर्वेशन टेलीस्कोप, प्रज्ञान स्केल माडल ग्रोवर, सेटेलाइट माडल सहित 42 संयंत्र यहां उपलब्ध होंगे।



इसके निर्माण पर कुल 8.26 लाख रुपये खर्च होंगे। जिसे पंचायत निधि से वहन किया जाएगा। लैब का निर्माण अक्टूबर माह तक पूर्ण हो जायेगा। केंद्र सरकार के क्षमता निर्माण कार्यक्रम के अनुरूप इस विद्यालय का विकास करने का प्रयास ग्राम पंचायत द्वारा किया जा रहा है। ग्राम प्रधान अभिषेक सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री जी के विजन "स्पेस एजूकेशन" के सपनों को स-ाकार करने के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में स्पेस लैब स्थापित करके बच्चों को अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में नवाचार करने हेतु बढ़ावा देना है। जिससे ग्रामीण प्रतिभाएं अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में नवाचार करके अपनी पहचान बना सकें। ग्राम प्रधान ने बताया कि इसके लिए व्योमिका स्पेस प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ गोविन्द यादव से बात हो चुकी है। व्योमिका स्पेस लैब प्राइवेट लिमिटेड एक ऐसी संस्था है, जो इसरो से जुड़कर बच्चों को अंतरिक्ष विज्ञान की पढ़ाई हेतु तैयार करती है। ग्राम प्रधान ने बताया कि स्पेस लैब कम्पलीट होने में अभी दस प्रतिशत कार्य बाकी है, उसे जल्द ही पूर्ण करा कर अक्टूबर माह में स्पेस लैब शुरू कर दिया जाएगा।

### शत प्रतिशत आयुष्मान आच्छादन हमारा प्रशासनिक दायित्व होने के साथ ही सामाजिक दायित्व भी है: जिलाधिकारी

जनपद में आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य लगातार जारी है। 25 सितम्बर सोमवार को 5 बजे तक जनपद शीर्ष जनपदों के बीच बना हुआ है।



सोमवार को जनपद में कुल 3938 आवेदन किये गए। जिसमे से 3467 आवेदन स्वीकृत हुए। दोनों ही मामलों में जनपद लगातार शीर्ष जनपदों में बना हुआ है। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह द्वारा आयुष्मान कार्ड बनाने की गति बढ़ाने के लिए लागातार प्रयास किये जा रहे हैं। उनके द्वारा विभिन्न विभागों के साथ समन्वय बैठके की जा रही हैं। प्रशासनिक मशीनरी लगातार नई ऊर्जा के साथ आयुष्मान भव अभियान को सफल बनाने में लगी है। वहीं दूसरी ओर लोगों को जागरूक करने का भी कार्य भी किया जा रहा है। जिलाधिकारी स्वयं भी लोगों से सीधा संवाद कर रहे हैं तथा लोगों को आयुष्मान ऐप डाउनलोड करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग के साथ ही पूर्ति विभाग, शिक्षा विभाग, पंचायती राज विभाग, ग्राम्य विकास आदि विभागों की ओर से पूरा सहयोग किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने कहा कि यह जनपद की प्रशासनिक मशीनरी व जनसहभागिता का समन्वित परिणाम है। आयुष्मान कार्डों की दैनिक प्रगति की प्रतिदिन समीक्षा की जा रही है। उन्होंने कहा कि सभी जनपदवासियों के सहयोग से शत प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने के प्रयास जारी हैं। शत प्रतिशत आयुष्मान आच्छादन हमारा प्रशासनिक दायित्व होने के साथ ही सामाजिक दायित्व भी है। हरदोई से ब्यूरो चीफ आमीन की रिपोर्ट

# पं दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर किया गया याद

माधोगढ़ जालौन

जनसंघ के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष महान विचारक पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर आज कुरसेड़ा के बूथ क्रमांक 190 में सुदीप सेंगर के आबास पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। आरंभ में पं. दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में विस्तारक सुदीप सेंगर ने कहा कि दीनदयाल जी के आदर्शों के अनुरूप राजनीति को परिभाषित और प्र-काशित करने की जिम्मेवारी जनसंघ पर है। राजनीतिक दलों ने न तो देश विभाजन से कोई सबक लिया है न अन्य राष्ट्रों की राजनीति से।नेताओं में या तो इतिहासबोध नहीं है या फिर सत्य स्वीकार करने की इच्छा। सत्ता और क्षणिक स्वार्थ में देश की अपूरणीय क्षति करने वाले तत्त्वों का वर्चस्व बढ़ रहा है।भ्रष्टाचार, अपराध, अवसरवाद,जातिवाद का पोषण करनेवाले देश-विरोधी तत्त्वों से राजनीति को मुक्त व शुद्ध कर इसे विशुद्ध देशभक्ति , समाजसेवा का माध्यम बनाना आवश्यक है। चुनावों में गलत तत्त्वों और दलों को बहिष्कृत कर सुयोग्य सेवाभावी लोगों को आगे लाना समय की आवश्यकता है।इस मौके पर सुदीप सिंह सेंगर शशिवेंद्र सिंह सेंगर मुदित सिंह रामनिवास रामजी तिवारी बेचू महाराज कल्लू सिंह राहुल विक्रांत सिंह आदि लोग उपस्थित रहे

## सांसद प्रतिनिधि रजनेश राजपूत ने निकाली विशाल गणेश विसर्जन शोभायात्रा उमड़ा जन सैलाब

जनपद फरुर्खाबाद थाना जहानगंज के अंतर्गत आज समय करीब 10:00 से ग्राम अदमापुर से विशाल गणेश विसर्जन शोभा यात्रा बड़ी धूमधाम से हजारों की तादात में भक्तगण चलते चलते करीब 2:00 बजे जहानगंज पहुंचे जगह-जगह लोगों ने इस यात्रा का पुष्प वर्षा करके स्वागत किया और इस यात्रा को सांसद प्रतिनिधि रजनेश राजपूत की अगुवाई में उनके साथियों के सहयोग से ग्राम अदमापुर से लेकर घटियाघाट तक निकाला गया इस यात्रा में जगह-जगह जय गणेश जय गणेश के नारों से धूम मची रही तू वहीं सांसद प्रतिनिधि रजनेश राजपूत ने बताया कि हम लोग इस बार सातवीं गणेश विसर्जन यात्रा निकाल रहे हैं और लोगों का काफी सहयोग हमें मिलता है और साथ ही साथ किसी प्रकार की कोई भी दिक्कत नहीं आती है और हमारा प्रशासन भी हर समय हमारा साथ कांधे से कंधा मिलाकर चलता है इस गणेश विसर्जन यात्रा में

### तहसील कायमगंज के अधिवक्ताओं पर मुकदमा दर्ज होने पर अमृतपुर अधिवक्ता संघ ने कार्य का बहिष्कार करने की घोषणा की

फरुर्खाबाद की तहसील कायमगंज विधिक परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा सरकार का विरोध प्रदर्शन कर अधिवक्ताओं ने सरकार का पुतला जलाया जिस पर कायमगंज पुलिस द्वारा बार एसोसिएशन के अधि वक्ताओं पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया जिससे अधिवक्ताओं में रोज पनप रहा कायमगंज बार एसोसिएशन द्वारा अधिवक्ता संघ अमृतपुर से सहयोग समर्थन मांगा गया इसी क्रम में आज 25 सितंबर को अमृतपुर अधिवक्ता संघ अध्यक्ष विनोद प्रकाश द्विवेदी सचिव गजेंद्र सिंह द्वारा बैठक का आयोजन किया गया जिसमें सभी न्यायालय से विरत रहने का निर्णय लिया गया इस मौके पर तहसील के समस्त अधिवक्ता गण उपस्थित रहे

# प्रतिबंधित पेड़ो को काटने पर वन माली सहित दो पर हुई कार्यवाही

बेनीगंज/हरदोईशनिवार को थाना क्षेत्र के काकूपुर स्थित गांव किनारे लक-ड़ी कारोबारी द्वारा बिना परमिट व संबंधित अधिकारियों को सूचना के 6 हरे भरे विशाल पेड़ों को काट कर गायब कर दिया गया। जिसकी सूचना क्षेत्रीय वनाधिकारी (रेंजर) विनय कुमार सिंह को दी गई। उन्होंने मामले पर एक्सन लेते हुए पेड़ मालिक एवं लकड़ी कारोबारी सहित क्षेत्रीय वनमाली पर वन अधिनियम के तहत कार्यवाही की। पत्रकारों द्वारा फोन के माध्यम से पूछे जाने पर रेंजर विनय कुमार सिंह ने बताया कि 4 गूलर 2 नीम के पेड़ों का अवैध कटान करने पर पेंड मालिक मातादीन पुत्र जवा-हर निवासी ग्राम काकूपुर व विक्रम सिंह पुत्र अजय पाल सिंह उर्फ डब्लू सिंह ग्राम अटिया,पंकज कुमार अवस्थी पुत्र लाल बिहारी ग्राम सिंकन्दरपुर थाना बेनीगंज जनपद हरदोई के विरुद्ध वृक्ष संरक्षण अधिनियम 1976 व अभिवहन नियमावली 1978 के तहत विभागीय



मुकदमा दर्ज किया गया है। ताकि हरे भरे पेड़ों को अब काटा न जा सके। वही शुक्रवार को कछौना वन रेंज के कोथावां गांव किनारे काटे गए हरे भरे आम के विशाल दो पेड़ों को लेकर किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं की गई है। जबकि उनके द्वारा मौके पर जाकर मामले की जांच की जा चुकी है। हरदोई से आमीन की खास रिपोर्ट

## अलग- अलग सड़क दुर्घटना में दो हुये घायल

**दैनिक समाज जागरण निशांत तिवारी जिला संवाददाता चतरा**

चतरा(झारखंड)25 सितम्बर 2023:- जिले मे सोमवार को टंडवा-सिमरिया मुख्य सड़क में हुवे दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो घायल हो गये। पहली घटना सियानी उर्फ मधवापुर के समीप पल्सर व बोलेरो में टक्कर होने से घायल सिमरिया थाना क्षेत्र के खपिया निवासी दो पहिया चालक 38 वर्षीय मो. रज्जाक पिता अजीज अंसारी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। पूछे जाने पर डॉ जयनारायण ने जानकारी देते हुवे कहा कि प्राथमिक उपचार के बाद घायल की हालात फिलवक्त सामान्य है । वहीं दूसरी घटना उडसु मोड़ में तब हुई जब दोपहिया वाहन चालक केरेडारी थाना क्षेत्र के पुरनी पेटो निवासी जलेश्वर यादव अनियंत्रित होकर खेत में गिर गया। इस दौरान माथा में गंभीर चोट लगे होने के कारण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद घायल को मेडिकल कॉलेज हजारीबाग रेफर दिया।

## बगोदर स्वास्थ्य मेला में नहीं पहुंचे ग्रामीण मेले का नहीं हुआ उदघाटन, समारोह के नाम पर लाखों खर्च बेकार

**दैनिक समाज जागरण घनश्याम पाठक ब्यूरो चीफ**

गिरिडीह (झारखंड)25 सितंबर 2023 :- बगोदर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों की जांच एवं अन्य प्रकार के दवाइयों का वितरण को लेकर स्वास्थ्य



मेला आयोजित की गई थी , लेकिन मेला सफल नहीं हो पाया बताया जाता है कि बगैर प्रचार प्रसार के कोरम पूरा करने की तरह आज का दिन रखा गया था । जबकि आज ग्रामीण क्षेत्रों में कर्मा पूजा उत्सव के चलते लोग अपने उत्सव में लीन थे , सरकार के पैसे लाखों रुपए पानी में बर्बाद हो गया । स्थानीय जनप्रतिनिधि उद्घाटन के लिए पहुंचे तो जरूर थे लेकिन ग्रामीणों की उपस्थिति शून्य देखकर उद्घाटन से इनकार करते हुए इसे घोर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया ।और वहां से निकलते बने इस संबंध में बगोदर प्रखंड प्रमुख आशा राज ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से ग्रामीणों को लाभ मिलना चाहिए लेकिन पदाधिकारी की लापरवाही से कार्यक्रम सफल नहीं हो पाता है । वहीं दूसरे तरफ माले नेता संदीप जायसवाल ने जोर देकर कहा कि बगोदर में स्वास्थ्य के नाम पर पदाधिकारी भद्दा मजाक करते हैं जो छम्य नहीं है । अगर पुनः इसकी सूचना के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में प्रचार प्रसार कर आयोजन नहीं किया गया तो हम लोग पदाधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की दिशा में पहल करेंगे । कार्यक्रम के नाम पर लाखों रुपए बर्बाद किया गया जो ठीक नहीं है।

## यदि हम किसी बेसहारा का सहारा बन पाए तो वह कहलाती हैं जिंदगी... समर्पण एक नेक पहल संस्था के संरक्षक मनोज मंडल

**दैनिक समाज जागरण धनबाद झारखंड**

समर्पण एक नेक पहल संस्था के संरक्षक के पहल पर एक बुजुर्ग मरीज को



चार यूनिट ओ पॉजिटिव रक्त उपलब्ध कराई गई, संस्था को सूचना प्राप्त हुई कि बोकारो के सिटी केयर हॉस्पिटल में 75 वर्षीय बुजुर्ग नाम दीपक डे ईलाजरत हैं, इनके शरीर में हीमोग्लोबिन एवं प्लेटलेट्स की मात्रा बहुत कम हो गई हैं साथ ही प्लेटलेट्स भी लगातार कम होते चले जा रही हैं, इन्हें प्लेटलेट्स की कुल चार यूनिट की अवश्यकता हैं, कृपया इनकी मदद करें, सूचना प्राप्त होते ही संस्था के संरक्षक मनोज मंडल ने एशियन जालान ब्लड बैंक प्रबंधक से संपर्क कर 75 वर्षीय बुजुर्ग मरीज दीपक डे के लिए तत्काल चार यूनिट ओ पॉजिटिव प्लेटलेट्स की माँग किया और इसके बदले बदले में रक्तवीर रमेश गुप्ता एवं रक्तवीर अभिषेक ने अपना - अपना रक्त दिया, इस प्रकार से मरीज दीपक डे जी को रक्त उपलब्ध कराई गई, संस्था के संरक्षक मनोज मंडल ने कहा कि हमारी संस्था हर उस मरीज को रक्त उपलब्ध कराएगी जिसे रक्त की आवश्यकता होगी

## संयुक्त मोर्चा का विरोध प्रदर्शन

**दैनिक समाज जागरण धनबाद झारखंड**

तिसरा। 5, 6 और 7 अक्टूबर को संयुक्त मोर्चा की ओर से आयोजित तीन दिवसीय हड़ताल को सफल बनाने के लिए गोलकडीह परियोजना कार्यालय के समक्ष संयुक्त मोर्चा का विरोध प्रदर्शन किया गया और प्रबंधन को चेतावनी दी गई थी मजदूरों के वेतन समझौता में अरंगा लगाने वाले अधिकारी संभल जाए नहीं तो आने वाले दिनों में अधिकारी के खिलाफ मजदूर आंदोलन को विवस होंगे। मोर्चा के नेताओं ने कहा कि अधिकारी और प्रबंधन मिलकर नहीं चाहता है कि मजदूरों का वेतन समझौता हो एक तरफ अधिकारी और मजदूर मिलकर काम करने की बात कहता है आज जब वेतन समझौता लागू हो गया तो कह रहा है यह गाइडलाइन का उल्लंघन है इस समझौता होने से मजदूरों का वेतन अधिकारी के वेतन के समान हो जाएगा । हम लोग वेतन समझौता लागू करने के लिए और उनका हक दिलाने के जो भी करना होगा पीछे नहीं हटेगे। विरोध प्रदर्शन तुलसी रवानी नरेंद्र सिंह शिव शंकर महतो रंजन दास, प्रभास सिंह, परमानंद यादव राकेश सिंहा, परमेश्वर मरांडी, सुभाष कुमार, हीरालाल गोराई,सुमन सिंह,दीलिप नाग, आदि थे'

## झोपड़ी में रहने वाली , भाड़े के धनुष से गोल्ड जीतनेवाली सिमरन कुमारी को बेटी दिवस पर मिला बड़ा सम्मान

**दैनिक समाज जागरण शीतल दत्ता**

धनबाद में आयोजित अंतरराष्ट्रीय बेटी दिवस पर चाय वाले गुड्ढू भुइया की बेटी तनीषा कुमारी और सिमरन कुमारी को कोयलांचल चैरिटीबल फाउंडेशन द्वारा झारखंड के मंत्री बेबी देवी के देवर एवम पूर्व शिक्षा मंत्री स्व ड़ जगरनाथ महतो के भाई बैद्यनाथ महतो के द्वारा सम्मान दिया गया। आपको जानकर हैरानी होगी की झोपड़ी में रहने वाला एक गरीब बाप एक छोटा सा चाय का दुकान चलाकर बेटी के लिए 3000 रुपया देकर अपने दोनो बेटी के लिए भाड़े में धनुष लाया । जहा लोग बेटी को कोख में ही मार देते है वही चाय वाले गुड्ढू भुईया प्रेरणा का प्रतीक बना । जी हा हम बात कर रहे है दोबारी कोलियरी की भुइयां बस्ती में चाय दुकान चलानेवाले गुड्ढू भुइयां की बेटी सिमरन कुमारी की जिन्होंने मिनी राष्ट्रीय तीरंदाजी चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतकर झारखंड का मान बढ़ाया . सिमरन का सपना ओलंपिक में खेलना है. पुत्री का तीरंदाजी के प्रति मेहनत व रुचि देख उसके पिता हार नहीं माना और पुत्री के लिए भाड़े में धनुष लाया । बेटी सिमरन ने भी कोई कसर नहीं छोड़ी अपना स्कूल , ट्यूशन के साथ साथ पिता के काम में हाथ बटाने के बाद धनुष चलाने का प्रैक्टिस करती है ।

## गोमिया के प्रवासी मजदूर की मुबंई में लुटेरों ने कर दी हत्या

**दैनिक समाज जागरण घनश्याम पाठक ब्यूरो चीफ**

हजारीबाग(झारखंड) 25 सितम्बर 23 :- गोमिया के एक युवक की मुंबई में हत्या हो गई है.इस घटना से परिवार के लोग सदमें में हैं. बता दें कि पांच माह पूर्व बोकारो जिले के गोमियां प्रखंड के चतरोचटी थाना क्षेत्र अन्तर्गत बड़की चिदरी पंचायत के असनाबेडा गांव निवासी 23 वर्षीय भोला कुमार महतो मुंबई काम करने गया था. वहां वह एक कंपनी में ट्रक चालक के रूप में कार्यरत था. 25 सितंबर की सुबह करीब तीन बजे वह ट्रक लेकर जा रहा था. इस दौरान ट्रक के टायर में कुछ गड़बडी की अंशका पर वह गाडी से उतर कर टायर चेक करने लगा. इसी दौरान दो-तीन बदमाश उसके पास पहुंचे और उससे पैसा व मोबाइल लूटने लगे. भोला कुमार महतो ने जब इस लूट का विरोध किया तो बदमाशों ने चाकू से उसपर हमला कर घायल कर दिया. उसी दौरान उसी कंपनी की दूसरी गाड़ी उसी सड़क पर गुजर रही थी. उक्त गाडियों को आता देख बदमाश भाग निकले. कंपनी के दूसरे वाहन का चालक अन्य लोगों के सहयोग से भोला कुमार को घायल अवस्था में तुरंत ठाणे के नजदीकी अस्पताल में ले गया, जहां



चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया. घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई कर रही है. घटना की जानकारी मृतक के पिता दीपक महतो को दी गई है. मृतक के माता पिता के अलावा उसके दो भाई और एक बहन है. इस घटना से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।वही इस घटना को लेकर प्रवासी मजदूरों के हित में कार्य करने वाले समाजसेवी सिकन्दर अली मृतक के घर पहुँचकर संवेदना प्रकट करते हुए करते हुए कहा कि झारखंड के नौजवानों की मौत के मुंह में समा जाने की यह पहली घटना नहीं है।इससे पहले भी कई लोगों की मौत हो चुकी है।रोजी-रोटी की तलाश में परदेस गये प्रवासी झारखंडी मजदूरों की मौत का सिलसिला जारी है। हर रोज झारखंड के किसी न किसी इलाके से प्रवासी मजदूर की दूसरे राज्यों या विदेश में मौत की खबरें आ रही है।प्रवासी मजदूरों की सबसे ज्यादा तादाद हजारीबाग,बोकारो और गिरिडीह जिले से रोजी कमाने गये लोगों की है।अपना घर छोड़कर पर-देस गये इन मजदूरों की जिंदगी तो कष्ट में बीतती ही है, मौत के बाद भी उनकी रूह को चैन नसीब नहीं होता है।किसी की लाश हफ्ते भर बाद आती है,तो किसी को ढाई से तीन महीने भी लग जाते हैं। ऐसे में सरकार को रोजगार के ऐसी व्यवस्था करनी चाहिए।ताकि मजदूरो का पलायन रोका जा सके।

## पेलावल विकास मंच ने मनाया 18 वां स्थापना दिवस।

**दैनिक समाज जागरण घनश्याम पाठक, ब्यूरो चीफ**

हजारीबाग (झारखंड) 25 सितंबर 2023 :- सोमवार सुबह 10:30 बजे से 12:30 बजे तक ओल्ड एज होम,हजारीबाग में पेलावल विकास मंच के तत्वावधान में 18 वां स्थापना दिवस बुजुर्गों के साथ मनाया गया। गत साप्ताहिक बैठक में उपस्थित मंच के सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से ओल्ड एज होम में पेलावल विकास मंच का स्थापना दिवस मनाने का निर्णय लिया गया था। उक्त निर्णय के अनुसार आज प्रातः 10:30 बजे मंच के सदस्यगण ओल्ड एज होम में स समय पहुंचकर बुजुर्गों की सेवा में नाश्ता वगैरह परोसने का काम शुरू किए।

मंच के संस्थापक सह अध्यक्ष एम.हक भारती ने बुजुर्गों को प्राकृतिक पर्व एवं पीवीएम के स्थापना दिवस पर शुभकामनाएं दी



तथा सभी बुजुर्गों से मंच के लिए आशीर्वाद की याचना की।

उनका आशीर्वाद जो सदस्यों के सिर पर हाथ रखकर प्राप्त हुआ मन को छू गया।

हजारीबाग ओल्ड एज होम बुजुर्गों की सेवा करने का अवसर देता है। इस अवसर पर मंच के उपाध्यक्ष सुधीर ठाकुर,सचिव अमित कुमार पासवान, उप सचिव इंजमामुल हक भारती, उप कोषाध्यक्ष महेश विश्वकर्मा, वरिष्ठ सदस्य चंद्रशेखर शर्मा, अब्दुल हकीम , मो. आदिल , मो. शाकिब , मो. आरिफ एवं अध्यक्ष एम हक भारती की अगुआई में बुजुर्गों के साथ कुछ समय बिताकर आनंदित हुए। उक्त खबर की जानकारी अमित कुमार पासवानसचिव पेलावल विकास मंच ने दी।

## पटमदा में डॉ. अजय कुमार ने की कार्यकताओं के साथ बैठक, लोक सभा चुनाव की तैयारी मे कांग्रेस

**नंदा रजक, दैनिक समाज जागरण , प्रखण्ड संवाददाता, पटमदा**

पटमदा : मिशन 2024 के तहत जुड़ेगा भारत जीतेगा इंडिया के नारे के साथ सोमवार को कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता सह जमशेदपुर लोकसभा प्रभारी डॉ. अजय कुमार ने पटमदा के डाक बंगला परिसर में पार्टी कार्यकताओं के साथ बैठक की। इसकी अध्यक्षता प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष देबुलाल सहिस ने की।

मौके पर पूर्व सांसद डॉ. अजय कुमार ने कहा कि भाजपा आरएसएस के इशारे पर चलने वाली पार्टी है इसलिए देश में आरक्षण को खत्म करने में लगी हुई है। उन्होंने कहा कि देश की अधिकांश सरकारी संस्थानों को नरेंद्र मोदी सरकार निजीकरण करने में लगी हुई है इसलिए अब गरीब का बेटा-बेटी के लिए डॉटर्स, इंजीनियर बनने का सपना भी अधूरा रह जायेगा क्योंकि लाखों-करोड़ों रुपए की फीस भरना उनके वश की बात नहीं होगी। उन्होंने कहा कि आपके वर्तमान स-ांसद जनता के लिए रोड नहीं बनवा रहे हैं इसलिए क्षेत्र की सड़कें जर्जर-



ावस्था में है। उन्होंने कहा कि आने वाले चुनाव में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को विजयी बनाने के लिए अभी से ही काम करने की जरूरत है।

कांग्रेस नेत्री जेबा खान ने कहा कि डॉ. साहब ने जिस तरह से अपने ढाई साल के कार्यकाल में ऐतिहासि-ाक काम किया था जनता के लिए उसी तरह फिर से काम होगा इसलिए अगले लोकसभा चुनाव में उन्हें फिर से सांसद बनाने के लिए आपलोग तैयारी शुरू कर दें।

उन्होंने पटमदा प्रखंड की सभी 15 पंचायतों में सशक्त पंचायत कमेटी का गठन अविलंब करने की अपील की।

बैठक में मुख्य रूप से कांग्रेस नेता मृत्युंजय महतो, देबुलाल सहिस, शेख सिराजुद्दीन, मोहनलाल बनर्जी, छुटुलाल महतो, सुकुमार दत्त, विश्वामित्र दास, लक्ष्मण गोराई, गणेश मंडल, शकुंतला प्रमाणिक, भरत कुंभकार, असीम कुमार सिंह, भोलानाथ मंडल व सुमित अग्रवाल समेत सैकड़ों कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद थे।

## नीमडीह के पूर्व उप प्रमुख, कुशल राजनीतिज्ञ सह शिक्षाप्रेमी अशोक महतो का निधन

**फुलचांद पारित, समाज जागरण, संवाददाता, नीमडीह**

नीमडीह (झारखंड), 25 सितंबर 2023 : सरायकेला खरसावां जिला अंतर्गत ईचागढ़ विधानसभा का एक कुशल राजनेता सह शिक्षाविद का निधन हो गया। नीमडीह के पूर्व उप प्रमुख अशोक महतो का निधन रघुनाथपुर स्थित उनके आवास में हुआ। इस दुःख की घड़ी में प्रखंड से लेकर केंद्रीय स्तर के राजनेताओं ने शोक जताया। नीमडीह प्रखंड के पूर्व उप प्रमुख सह कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता अशोक कुमार महतो का रविवार को सुबह रघुनाथपुर के नीमडीह मोड़ स्थित आवास पर निधन हो गया। वे लंबे समय से बीमार चल रहे थे। वे कांग्रेस पार्टी के केंद्रीय नेता ज्ञानरंजन, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय आदि के काफी करीबी थे। अशोक महतो वर्ष 1971 से लंबे समय तक ओड़िया पंचायत के मुखिया सह नीमडीह प्र-खंड के निर्वाचित उप प्रमुख के पद पर आसीन थे और वे जनहित के कार्य में सदैव तत्पर रहते थे। उनके निधन पर पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि अशोक बाबु कांग्रेस पार्टी के एक सच्चे सिपाही थे और सुलझे हुए राजनीतिज्ञ थे। वे हमेशा पार्टी व जनसेवा के कार्य में लगे रहते थे। अशोक महतो का निधन कांग्रेस पार्टी के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने कहा कि इस दुःख की घड़ी में ईश्वर दिवगंत अशोक कुमार महतो के प-रिवार को दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। इस अवसर पर पार्थिव शरीर को श्रृद्धांजलि देने ग्राम प्रधान महासंघ के झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष वैद्यनाथ महतो, जिला परिषद



उपाध्यक्ष श्रीमती मधुश्री महतो, जिप उपाध्यक्ष प्रतिनिधि सह झारखंड आंदोलनकारी सुनील कुमार महतो समेत कांग्रेस, आजसू, भाजपा, झामुमो आदि राजनीतिक दल के नेता उपस्थित हुए।

अशोक कुमार महतो नीमडीह क्षेत्र के एक लोकप्रिय शिक्षाप्रेमी के रुप में जाने जाते थे। उनका प्राथमिक शिक्षा दुलमी मध्य विद्यालय व उच्च विद्यालय चांडिल से हुआ।उच्च शिक्षा धनबाद से प्राप्त किया। समाज सेवा की शुरूआत मध्य विद्यालय मूरू का स्थापना से किया उसके बाद राजनीति में प्रवेश किया। ओड़िया ग्राम पंचायत से तीन बार मुखिया व नीमडीह प्रखंड के तीन बार उपप्रमुख रहें। मुरु में डाकघर की स्थापना ग्रामीण बैंक ओड़िया की स्थापना करना, प्राथमिक विद्यालय अण्डा वर्तमान में उच्च विद्यालय का स्थापना करना। ग्राम मुरु के महुलटांड़ में प्राथमिक विद्यालय, स्वामी शिवानन्द विद्यापीठ चेलियामा में उच्च विद्यालय बनाने में अहम भूमिका, उच्च विद्यालय रघुनाथपुर, शहीद निर्मल महतो इंटर कॉलेज दुमदुमी का स्थापक सदस्य ऐव बड़े भाई बेनुबदन महतो संस्थापक सचिव, बालिका उच्च विद्यालय रघुनाथपुर आदारडीह का संस्थापक अध्यक्ष आदि रहकर ग्रामीण क्षेत्रों में उम्र भर शिक्षा का अलख जगाते रहें। राजनीति के क्षेत्र में में कांग्रेस पार्टी का प्रखण्ड अध्यक्ष, जिला उपाध्यक्ष, सांसद प्रतिनिधि के रूप में योगदान दिया।

## हेसालौंग में कामरेड जंयत गांगुली के 28 वीं स्मृति दिवस के अवसर पर आयोजित संकल्प सभा

**दैनिक समाज जागरण घनश्याम पाठक ब्यूरो चीफ**

हजारीबाग (झारखंड) 25 सितंबर 2023 :- रामगढ़ जिले के हेंसालोंग में कामरेड जंयत गांगुली की 28 वीं स्मृति दिवस संकल्प सभा के रुप में मनाया गया। जिसकी अध्यक्षता सोहराय किस्कू ने किया और संचालन कामरेड पचु राणा ने किया। इसके पूर्व झंडो तोलन कामरेड जगरनाथ उरांव ने किया और कामर-ेड जयंत गांगुली के मुर्ति पर माल्यार्पण भाकपा-माले सेन्ट्रल कमेटी पोलितब्यूरो सदस्य कामरेड जनार्दन प्रसाद,शुभेन्दु सेन,राजकुमार यादव, भुनेश्वर बेदिया, देवकीनंदन बेदिया, भुनेश्वर केवट, बैजनाथ मिस्त्री, सविता सिंह,हीरा गोप,नीता बेदिया,अमल कुमार, जयवीर हंसदा,कौलेश्वर गोप,गोबिंद राम,कृष्णा गोप,मासस के आर.डी.मांझी, सीपीआई के नेमन यादव सहित अन्य मंचासीन नेताओं ने अपने सम्बोधन में कहा कि -आज कामरेड जयंत गांगुली के स्मृति दिवस के अवसर पर देश की वर्तमान चुनौतियों के खिलाफ संघर्ष करने का आह्वान किया गया। केन्द्र की फासीवादी भाजपा सरकार देश के गरीबों, मजदूरों, किसानों , नवजवानों, महिलाओं, दलितों, आदिवासियों के अधिकारों के ऊपर चौतरफा हमला तेज कर दिया है। लोकतान्त्रिक अधिकारों,कानूनों को खत्म कर दमन का शासन तेज कर दिया गया है। रोजगार के अवसरों को खत्म कर सार्वजनिक उद्योगों, कोयला अन्य खनिजों, प्राकृतिक संसाधनों को चंद कारपोरेट घरानों अड़ानी-अंबानी के हवाले किया जा रहा है। मोदी के शासन में निरंतर मंहगाई बढ़ रही है। धार्मिक उन्माद फैलाकर नफरत पैदा किया जा रहा है। किसानों, आदिवासियों की जल,जंगल,जमीनों को लगातार लुटा जा रहा है।

सड़कों में आंदोलन के बल पर तीन काले कृषि कानून को वापस लेना पड़ा है। किसानों - आदिवासियों की संघर्ष एवं विपक्षी दलों की एकताबद्ध इंडिया से घबरा कर जैसे तैसे की स्थिति में महिलाओं के लिए 33% महिला वंदन के नाम आरक्षण देने की घोषणा की है , लेकिन ये भी चुनावी जुमले की तरह 2024 के चुनाव के बाद, जनगणना करने के बाद ही लागू की जाएगी। आदिवासी



अनुसूचित जाति/जनजाति महिलाओं को आरक्षण दिया जाएगा लेकिन ओबीसी महिलाओं के बारे में कुछ भी नहीं कहा गया है। इसे विवादित बना कर रखना चहती है। महिला पहलवानों के साथ छेड़खानी बलात्कारी बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ आंदोलन चल रहा था उस समय भाजपा बलात्कारी को बचा रही थी। देश अगर समाजवादी और पंथ निरपेक्ष नहीं बनेगा तो क्या पूंजीवादी और धार्मिक देश बनेगा तो गरीब किसानों और अल्पसंख्यकों का क्या होगा? गरीबों की राशन में कटौती कर भाजपा सरकार कहती है कि गरीब भूखा नहीं रहेंगे , की बात कर रही है। युवाओं को रोजगार से बेदखल कर कौन सा युवा भारत बनाना चाहते हैं।

संकल्प सभा के माध्यम से मांग की गई है ---

1.गरीब,दलित, आदिवासियों के लिए लड़ने वाली लोकतान्त्रिक आदिवासी संघर्ष मोर्चा, इंकलाबी नौजवान सभा (आरवाईए) सहित 64 जनसंगठनों के ऊपर माओवादियों के साथ संबंध बताकर बैंड करने के लिए जांच की आदेश को फौरन वापस लेने की मांग करती है।

2. 33%महिला आरक्षण में ओबीसी महिलाओं की आरक्षण क्यों नहीं और 2024 से ही लागू करने के लिए कौन रोक रही है,इसे तत्काल लागू करो क्योंकि महिलाएं लंबे वर्षों से लड़ते आई है।

3. किसानों के लिए एमएसपी लागू करो।

4.जयवीर हंसदा के साथ अभद्र व मार-पीट करने वाले घाटो थाना प्रभारी को अविलंब मुवतल करो।

5. आरा-सारुबेड़ा सहित अरगड्डा खुला कोयला परियोजना (काजू बगान) के रैयत ग्रामीणों को रोजगार सहित संपूर्ण मुआवजा का भुगतान कर कोलियरी चालू करो।

6.कोयलांचल में अविलंब लोकल सेल चालू कर ग्रामीण गरीब मजदूरों को रोजगार बहाल करो।

6.बिजली मूल्य बृद्धि पर अविलंब रोक लगाओ।

7. गरीबों के राशन कटौती को बंद करो और पूरा राशन दो।

8. गैरमजरुआ जमीनों पर प्रशासनिक अधिकारियों और भूमीचोरों पर कार्रवाई करो तथा गरीबों के नाम बंदोबस्ती व सार्वजनिक उपयोग करो

9. आदिवासियों की हड़पी गई एवं भू-वापसी आदेश की जमीनों को दखल दिहानी दिलाओ।के साथ संकल्प लिया गया।

## झारखंड में करम पर्व में दिखा जबरस्त उत्साह ,भाई बहनो का अटूट प्रेम का प्रतिक " करमा " जल जंगल जमीन का प्राकृतिक पर्व है

**दैनिक समाज जागरण शीतल दत्ता वरीय संवाददाता धनबाद झारखंड**

झारखंड में करम महोत्सव को लेकर खासा उत्साह दिखा ।भाई बहनो का अटूट प्रेम का प्रतिक " करमा " जल जंगल जमीन का प्रकृतिक पर्व है " करमा " झारखण्ड का पावन पर्व है जो सिर्फ झारखण्डी के लिए है ! ये झारखंड नही तो क्या है ? कोयल कि कू कू, झरनो में बहता पानी , बाघो कि गर्जन , हाथियों की चिंघाड़, मांदर कि थाप और संगीत कि सुर ,हरे हरे खेत, हरे भरे जंगल ,कोयला का कोयलांचल पहाड़ और पठारो से खनिज और खजानो से भरा ये धरती झारखंड नही तो क्या है ? इन दोनों झारखंड में करम पर्व का काफी उत्साह और हर्षो उल्लास दिखा ।

सर्वो प्रथम अखड़ा की साफ-सफाई किया गया उसके बाद साज-सज्जा



किया गया । अखाड़ा को आकर्षक ढंग से सजाया गया । अखड़ा में करम देव की स्थापना किया गया , जिसके बाद पूजा की गई अखड़ा में रात भर जागरण रहा . करम देव को लाने के लिए सोमवार की शाम को ढोल, मांदर और नगाड़े के साथ नृत्य करते और गीत गाते लोग झूमते रहे . डाली काटने के पूर्व करम वृक्ष की तीन बार परिक्रमा किया गया ।

रात भर चलता रहा नृत्य- संगीत अखाड़ा में करमइत और उपवास करने वाली लड़कियां रात भर अपने झारखंडी वेश भूषा में नृत्य किया । लड़किया एक ग्रुप में एक दूसरे के हाथ पकड़ कर बहुत ही सुंदर और आकर्षण तरीके से नृत्य किया ।

## पटमदा के विभिन्न गांवों मे करम पूजा की धूम, कुंवारी कन्याओं ने की करम राजा की उपासना

**नंदा रजक, दैनिक समाज जागरण, प्रखण्ड संवाददाता, पटमदा**

पटमदा : पटमदा एवं प्रखंड के विभिन्न गांवों में सोमवार को प्रकृति पर्व करम पूजा का आयोजन कुंवारी कन्याओं द्वारा किया गया। बोड़ाम प्रखंड के बारियादा गांव में कुंवारी लड़कियों द्वारा उपवास रख कर जोबा जंगल से फूल लाकर रात को करम डाली के नीचे अपने भाई की दीघार्यु के लिए कामना की गई।

इसमें गांव के पुजारी (लाया) मनोहर महतो द्वारा सभी बच्चों को करम राजा, करमू और धरमू की कहानी सुनाई गई। इस कहानी में बताया गया कि धरमू अच्छा काम करता है तो उसको अच्छा फल प्राप्त होता हैं और करमू खराब काम करता है इसलिए उसको कष्टों का सामना करना पड़ता है। बच्चों को यह शिक्षा दी जाती है कि अगर आप अच्छे कर्म करते हैं तो उसका फल अच्छा मिलता है और खराब कर्म करते हैं तो उसका फल खराब मिलने वाला है। करम पूजा में कुंवारी लड़की द्वारा जावा दिया जाता है जिसमें विभिन्न प्रकार के दलहन बीज बालू भरे डलिया (बांस की बनी) में बोया जाता है



और इसका रख रखाव अच्छे से करता है जावा से ही कुंवारी लड़की सीखता है कि अपने बच्चे का पालन पोषण कैसे करना है अर्थात जावा का संबंध मां की कोख से है। करम पूजा करने वाली जयश्री महतो, श्यामापद महतो, चाइना महतो, ललित, अंकित, भवानी, पार्वती, सौरव, उदिति, रिया, लिलिमा, अनिमा, राहुल, सौरव माहली, पूजा माहली, पिंकी, रिंकी, रुम्पा, दीया, स्वरस्वती, बनलता कर्मकार, यमुना महतो, रोहित महतो आदि शामिल थे। कार्यक्रम के दौरान पूर्व मुखिया प्रियंका माहली, ग्रामीण सतीश महतो, खगेन महतो, रथु कर्मकार, संतोष महतो, काजली महतो, बिंदु कर्मकार, बासंती कर्मकार, बेहुला कर्मकार, जटिला महतो, काजली महतो, गोपेन महतो, तारापद महतो, नीलकमल आदि ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

पूजा के बाद बारियादा के युवाओं द्वारा करम नाच का आयोजन किया गया। बारियादा युवा क्लब द्वारा नृत्य करने वाले सभी बच्चों को कॉपी और कलम देकर प्रोत्साहित किया गया।

## नारायण प्राइवेट आईटीआई में भाजपा के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय को दी गई श्रृद्धांजलि

**फुलचांद पारित, समाज जागरण, संवाददाता, नीमडीह**

नीमडीह (झारखंड), 25 सितंबर 2023 : सरायकेला खरसावां जिला के नीमडीह प्रखड अन्तर्गत नारायण प्राइवेट आइटीआई संस्थान लुपुंगडीह में भाजपा के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जंयती पर श्रृद्धांजलि दिया गया। संस्थान के संस्थापक डा. जटा शंकर पाण्डेय ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एकात्म मानववाद तथा अंत्योदय उनकी विचारधारा थी और आज के केंद्र का शासन इसी विचारधारा पर काम कर रहा है। उनका पूरा जीवन समाज के हित में समर्पित रहा एवं ब्रिटिश सरकार के खिलाफ अपनी आवाज को बुलंद किए। 21अक्टुवर 1951में जनसंघ के महामंत्री थे और 1967में जन संघ के अध्यक्ष बने। अध्यक्ष पद के केवल 43 दिन ही अपनी सेवा देनेके उपरांत 11 फरवरी1968 को मुगलसराय स्टेशन पर उनकी हत्या कर दी गई। वर्तमान समय जनसंघ भाजपा के रूप काम कर रही है। इस अवसर पर प्रो. सुधिष्ट कुमार, अधिवक्ता निखिल कुमार, गौरव महतो , शांति राम महतो, कृष्णा पद महतो, देवकृष्ण महतो, पवन कुमार, अजय मंडल, निमाई मंडल सहित सभी छात्र उपस्थित थे।